kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-102 ❒ मंगलवार, 12 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भारत को अपने ऊर्जा मिश्रण में परिवर्तन की प्रक्रिया तेज करनी होगी, नवीकरणीय आधारित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा, अधिक विश्वसनीय एवं विविध ऊर्जा स्रोतों की पहचान करनी होगी।
राजनाथ सिंह

देश में सभी तरह के ईंधन और ऊर्जा का पर्याप्त भंडार 11

अपराधी पुलिस को चैलेंज करेगा तो 48 घंटे में जवाब मिलेगा : सम्राट चौधरी 12

# कोई ताकत भारत को नहीं झुका सकती

## सोमनाथ का पुनर्निर्माण भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष : मोदी

एजेंसी



गुजरात। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में कुछ ताकतें राष्ट्रीय आत्मसम्मान से ऊपर तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की मानसिकता देखी जाने का जिक्र किया।

गुजरात में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए अथक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विरोध का सामना करना पड़ा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि दुनिया की कोई भी शक्ति भारत को झुकने या दबाव के आगे झुकने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी भगवान शिव को समर्पित पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेने के लिए यहां आए थे।

उन्होंने कहा कि 11 मई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने इसी तारीख (1998 में) परमाणु परीक्षण किए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'विश्व भर में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं, जहां विदेशी आक्रमणकारियों ने राष्ट्र की पहचान से जुड़े स्थलों को नष्ट कर दिया। जब भी लोगों को अवसर मिला उन्होंने अपनी विरासत को पुनर्स्थापित किया और अपनी गरिमा को बनाए रखा। उन्होंने आगे कहा, 'फिर भी, हमारे देश में राष्ट्रीय आत्मसम्मान से जुड़े मुद्दों पर भी राजनीति खेली गई, और सोमनाथ मंदिर इसका एक प्रमुख उदाहरण है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा देने वाली ताकतें अभी भी देश में सक्रिय हैं। हमने राम मंदिर के निर्माण के दौरान भी इसी तरह की घटना देखी और जिस तरह से इसका विरोध किया गया था। हमें इस तरह की मानसिकता के प्रति सतर्क रहना चाहिए और इस तरह की संकीर्ण राजनीति को पीछे छोड़ देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'हमें विकास और विरासत दोनों को साथ-साथ अपनाकर आगे बढ़ना होगा। वास्तव में, हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की उपेक्षा हमारी प्रगति में बाधा बनी हुई है।' इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ अमृत महोत्सव के तहत सोमनाथ मंदिर में महा पूजा और अन्य अनुष्ठान किए।

श्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में विग्रह प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'अमृत महोत्सव' को संबोधित करते हुए कहा कि ''समय खुद जिनकी इच्छा से प्रकट होता है, जो स्वयं कालातीत हैं और काल स्वरूप हैं, आज उन देवाधिदेव महादेव की विग्रह प्रतिष्ठा के हम 75 वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और सनातन चेतना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''ये सृष्टि जिनसे सृजित होती है, जिनमें लय हो जाती है, आज हम उनके धाम के पुनर्निर्माण का उत्सव मना रहे हैं। जो हलाहल पीकर नीलकंठ हो गए, उन्हीं की शरण में आज सोमनाथ अमृत महोत्सव हो रहा है।' श्री मोदी ने स्वयं को ''दादा सोमनाथ का अनन्य भक्त'' बताते हुए कहा कि वह अनेक बार यहां आ चुके हैं, लेकिन इस बार यहां पहुंचते हुए उन्हें ''समय की यात्रा'' का विशेष अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण स्वतंत्र भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक था। श्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी और सोमनाथ के ● शेष पेज 11 पर

### सोमनाथ मंदिर के अमृत महोत्सव में पहले राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद के अनुभव को जीया : मोदी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75 वीं वर्षगांठ पर उन्हें सोमनाथ मंदिर में वैसी ही अनुभूति हुई जैसी देश के पहले राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद को पुनर्निर्मित मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर हुई होगी। श्री मोदी ने सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ पर पावनधाम सोमनाथ आकर दिव्य अनुभूति हुई है। इस अवसर पर मंदिर मार्ग पर भगवान सोमनाथ के भक्तों के जोश और प्रचंड उत्साह को देखकर मन अभिभूत और भावविभोर है! मैं आज यहां उस क्षण को जी रहा हूं, जिसका अनुभव भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने पुनर्निर्मित मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर किया होगा। सोमनाथ अमृत महोत्सव का भक्तिमय वातावरण हर तरफ अद्भुत ऊर्जा का संचार कर रहा है।

# सनातन संस्कृति पर आक्रमण हो सकते हैं, लेकिन उसे पराजित नहीं किया जा सकता

## सोमनाथ मंदिर के 75वर्ष पूरे होने पर काशी में आयोजित हुआ सोमनाथ संकल्प महोत्सव

एजेंसी/कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1000 वर्ष पूर्व आक्रांता महमूद गजनवी के आक्रमण सहित विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर पर 17 बार आक्रमण कर उसके वैभव को खंडित करने का प्रयास किया था। क्योंकि उन्हें यह भ्रम था कि मूर्तियों को खंडित करके इसके वैभव को लूट कर वे भारत की सनातनी आत्मा को सदैव के लिए समाप्त कर सकते हैं। सनातन संस्कृति पर आक्रमण तो हो सकते हैं, लेकिन उसे कभी पराजित नहीं किया जा सकणा।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के त्रयंबकेश्वर बहुउद्देशीय हाल में सोमनाथ मंदिर के 75वर्ष पूरे होने पर आयोजित सोमनाथ संकल्प महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, अटूट आस्था की गौरव गाथा'' के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने सोमनाथ मंदिर पर हुए विदेशी आक्रांताओं के हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि सिर्फ सोमनाथ महादेव मंदिर पर ही नही भारत के हजारों धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के साथ काशी विश्वनाथ धाम पर भी हमला हुआ। इसके बावजूद भारत की सनातनी परंपरा और सांस्कृतिक चेतना आज भी पूरी शक्ति के साथ जीवित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम दोनों ही भारत के इतिहास और सनातन संस्कृति की अदम्य शक्ति के प्रतीक हैं। सनातन संस्कृति पर आक्रमण तो हो सकते हैं, लेकिन उसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता, विनाश क्षणिक होता है, जबकि सृजन शाश्वत होता है।मुख्यमंत्री ने महोत्सव में कहा कि मुहम्मद गौरी और औरंगजेब जैसे आक्रांताओं का अब कोई नाम लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा यहां खड़ा किया, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाया। आक्रांता समझ ही नहीं पाए कि सनातन केवल मंदिरों की दीवारों में नहीं, बल्कि भारत की चेतना में बसता है। भारत की चेतना आत्मा को अजर और अमर मानकर चलती है। यही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम दोनों ही भारत के इतिहास और सनातन ● शेष पेज 11 पर

### दुर्भाग्य से आज भी ऐसी कई शक्तियां है मौजद

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से आज भी ऐसी कई शक्तियां हैं, जो भारत के गौरव के प्रतीक इन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को आगे बढ़ते हुए देखना नहीं चाहतीं। इन्हीं लोगों ने सोमनाथ महादेव मंदिर के पुनरप्रतिष्ठा कार्यक्रम में बाधा डाली थी। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में भी इन लोगों ने बार-बार बाधा खड़ी करने का प्रयास किया था।

### मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश को नई दिशा मिल रही

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश को नई दिशा मिल रही है। इसका नतीजा यह है कि आज हम उन परंपराओं और मूल्यों को फिर से सम्मान दिला पा रहे हैं, जिन्हें करीब एक हजार साल पहले विदेशी आक्रांताओं ने नष्ट करने की कोशिश की थी। सोमनाथ महादेव के पुनर्प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर काशी विश्वनाथ में इसका उदाहरण देखने को मिल रहा है।

## संक्षेप

### यूपी में दो दिन बाद तल्ख होंगे मौसम के तेवर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, वज्रपात तथा तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

### लेखपाल के 7994 पदों पर भर्ती परीक्षा 44 जिलों में 21 को होगी

**लखनऊ।** लेखपाल के 7994 पदों पर भर्ती के लिए 366712 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा 21 मई को 10 से 12 बजे तक प्रदेश के 44 जिलों में होगी। परीक्षा जिला की सूचना आयोग की बेवसाइट द्धप्ध्ध://फ्ध्पपपद.द्धप.द्ध्र पर जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी इसे ऑनलाइन देख सकते हैं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक विधान जायसवाल ने सोमवार को इस संबंध में सूचना जारी की। आयोग ने कहा है कि अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही परीक्षा जिलों की अग्रिम सूचना देख सकेंगे। इसे प्रवेश पत्र नहीं माना जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र अलग से जारी किया जाएगा।

### पेंशन लाभों में अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच समानता नहीं हो सकती

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि अग्निवीरों का दर्जा नियमित सैनिकों के समान नहीं है, लिहाजा युद्ध या सैन्य अभियान के दौरान उनकी मृत्यु होने पर उनके परिजन पेंशन लाभों में समानता का दावा नहीं कर सकते। केंद्र सरकार ने जान गंवाने वाले एक अग्निवीर मुरली नाइक की मां ज्योतिबा नाइक की याचिका के खिलाफ पिछले सप्ताह दायर एक हलफनामे में दलील दी कि यह असमानता संवैधानिक रूप से वैध है, क्योंकि अग्निपथ योजना वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई एक अल्पकालिक भर्ती योजना है। पिछले वर्ष मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से हुई गोलीबारी के दौरान अग्निवीर मुरली नाइक की मृत्यु हो गई थी।

# लंबित अपीलें भाजपा की जीत के अंतर से कम

एजेंसी

❒ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील



नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में दावा किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान हटाये गये नामों का पश्चिम बंगाल के कई विधानसभा क्षेत्रों के परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की।

तृणमूल कांग्रेस सदस्यों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा कि 31 चुनाव क्षेत्रों में तृणमूल कांग्रेस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का अंतर एसआईआर प्रक्रिया में हटाये व्यक्तियों की संख्या से कम है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में हटाये नामों और हार के अंतर की संख्या लगभग समान थी। उन्होंने बताया कि एक चुनाव क्षेत्र में एक उम्मीदवार 862 मतों से हार गया, जबकि वहां मतदाता सूची से 5,432 से अधिक लोगों के नाम हटा दिये गये थे। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच वोटों का अंतर लगभग 32 लाख था, जबकि अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष लगभग 35 लाख अपीलें लंबित थीं। न्यायमूर्ति बागची की पिछली टिप्पणी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि जीत का अंतर हटाये मतदाताओं की संख्या से कम है, तो इस मामले में न्यायिक जांच की आवश्यकता हो सकती है। चुनाव आयोग ने इन ● शेष पेज 11 पर

# ट्रंप ने ठुकराया ईरान का जवाब

एजेंसी



❒ युद्धविराम वार्ता पर फिर बढ़ा तनाव, होर्मुज पर मंडराया खतरा
❒ परमाणु ठिकानों की सुरक्षा के लिए ईरानी सेना तैयार
❒ होर्मुज पर फ्रांस-ब्रिटेन की योजना पर भड़का ईरान

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान ने युद्धविराम को लेकर अमेरिका के नए प्रस्ताव का जवाब पाकिस्तान के माध्यम से भेज दिया है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे तुरंत खारिज करते हुए 'पूरी तरह अस्वीकार्य' बताया। हालांकि ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि प्रस्ताव में ऐसी कौन-सी बातें थीं जिन्हें अमेरिका मानने को तैयार नहीं है।

ईरान ने कहा है कि वह सिर्फ अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी रूप से युद्ध खत्म करना चाहता है। तेहरान की मांग है कि संघर्ष सिर्फ ईरान तक सीमित न रहे, बल्कि लेबनान समेत पूरे क्षेत्र में शांति स्थापित हो। ईरान चाहता है कि समुद्री व्यापार और तेल आपूर्ति के रास्तों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। अमेरिका के प्रस्ताव में युद्ध समाप्त करने, रणनीतिक जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने की शर्तें शामिल थीं। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया में तेल और गैस सप्लाई का सबसे महत्वपूर्ण रास्ता माना जाता है। इस बीच ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ईरान पर निशाना साधते हुए कहा कि तेहरान पिछले 47 साल से अमेरिका के साथ 'खेल खेल रहा है' लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। वहीं संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अमेरिका युद्ध दोबारा शुरू करने से पहले कूटनीति को पूरा मौका देना चाहता है। उधर ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने युद्ध के बीच सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। सरकारी मीडिया के अनुसार उन्होंने दुश्मनों के खिलाफ 'कड़े और निर्णायक कदम' जारी रखने के निर्देश दिए हैं। इसी दौरान खाड़ी क्षेत्र में ड्रोन हमलों ने तनाव और बढ़ा दिया। कतर के पास एक जहाज में ड्रोन से आग लग गई, जबकि संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत ने अपने हवाई क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन देखे। यूएई ने दावा किया कि उसने दो ड्रोन मार गिराए और इसके लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि किसी भी हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। कतर ने जहाज पर हमले को बेहद खतरनाक बताया और कहा कि इससे समुद्री व्यापार और जरूरी आपूर्ति को खतरा पैदा हो गया है। वहीं कुवैत की सेना ने भी ड्रोन गतिविधियों की पुष्टि की, लेकिन यह नहीं ● शेष पेज 11 पर

# वीबी-जी आरएएम जी अधिनियम एक जुलाई से लागू होगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के स्थान पर नया विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) अधिनियम 1 जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह अधिनियम 1 जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रभावी होगा। एक अन्य अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (एमजीएनआरईजीए) को निरस्त कर नए अधिनियम से प्रतिस्थापित किया जाएगा। मंत्रालय ने आश्वासन दिया कि एमजीएनआरईजीए से नए ढांचे में परिवर्तन सुचारू रूप से और श्रमिकों के काम में बिना किसी बाधा के होगा। अधिसूचना में कहा गया है, 30 जून तक एमजीएनआरईजीए के तहत चल रहे कार्यों को सुरक्षित रखा जाएगा और उन्हें सुचारू रूप से नए ढांचे में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ● शेष पेज 11 पर

## पश्चिम बंगाल कैबिनेट की पहली बैठक में बीएसएफ भूमि हस्तांतरण, आयुष्मान भारत को मंजूरी

# बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की नवगठित सरकार ने सोमवार को राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में अपनी पहली कैबिनेट बैठक की। बैठक के बाद सरकार ने प्रशासनिक, सुरक्षा एवं कल्याण संबंधी उपायों की एक विस्तृत रुपरेखा तैयार की जिसमें भारत-बंगलादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को भूमि हस्तांतरित करना और राज्य में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना सहित केंद्र की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं को शुरू करना शामिल है।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक से बाहर निकलने के बाद कहा, ''आज हमारी पहली कैबिनेट बैठक में हमने बीएसएफ को जमीन हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। यह हस्तांतरण प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है और इसे अगले 45 दिनों के भीतर गृह मंत्रालय को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। एक बार यह पूरा हो जाने के बाद, बीएसएफ सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर लेगी और अवैध घुसपैठ के मुद्दे का समाधान थोड़े समय में कर लिया जाएगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव अभियान के दौरान सीमा पर बाड़ लगाना एवं घुसपैठ की समस्या से निपटने के लिए बीएसएफ को भारत-बंगलादेश सीमा पर भूमि आवंटित करना भारतीय जनता पार्टी द्वारा उठाए गए मुख्य मुद्दों में शामिल था। भाजपा ने राज्य में पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जानबूझकर अवसंरचना निर्माण के लिए बीएसएफ को जमीन नहीं देने का आरोप लगाया था। भाजपा का आरोप था कि तृणमूल कांग्रेस सक्रिय रूप से सीमा पार घुसपैठियों का समर्थन करती है जो बदले में नौ सीमावर्ती जिलों में उनके वोट बैंक बने हुए हैं। बंगलादेश के साथ राज्य की 2216.7 किमी लंबी भूमि सीमा लगती है जिसके एक बड़े हिस्से पर बाड़ नहीं लगी हुई है। श्री अधिकारी ने राज्य में बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने के लिए सरकारी नौकरियों में आयु सीमा में छूट देने की भी घोषणा की। श्री अधिकारी ने कहा कि हमने राज्य में सरकारी नौकरियों में आवेदन करने के लिए ऊपरी सीमा में पांच साल की छूट देने का निर्णय लिया है। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को केंद्र की कई प्रमुख योजनाओं के साथ ज्यादा निकटता से जोड़ते हुए सुशासन, सुरक्षा एवं विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री अधिकारी ने कहा, ''राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हुआ है। मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को सरकार बनाने के लिए हम पर भरोसा करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।'' मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रमुख घोषणाओं में राज्य में औपचारिक रूप से आयुष्मान भारत योजना लागू करने का निर्णय शामिल है। श्री अधिकारी के साथ उनके कैबिनेट मंत्री दिलीप घोष, निशीथ प्रमाणिक, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तिनया और खुदीराम टुडू भी मौजूद थे। श्री अधिकारी ने कहा कि हमने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अपने समकक्षों से संपर्क करने और जल्द से जल्द सारी औपचारिकताएं पूरी करने का निर्देश दिया है। श्री अधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अलावा राज्य में जन आरोग्य योजना, फसल बीमा और उजाला योजना सहित केंद्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं को भी लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य की प्रशासनिक संरचना में सुधारों की भी घोषणा की जिसमें आईएएस ● शेष पेज 11 पर

### शुभेंदु के निजी सहायक हत्याकांड मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि श्री रथ की छह मई को उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में दोहरिया इलाके में देर रात उनके घर से कुछ ही मिनट की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस हमले में उनके चालक को भी गोली लगी थी, जबकि कार में सवार एक और व्यक्ति बाल-बाल बच गया। राज्य सीआईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार हमलावरों ने दिवंगत रथ की गाड़ी को रोकने के लिए निसान माइक्रा कार का इस्तेमाल किया, जिसके बाद मोटरसाइकिल सवार दो बंदूकधारियों ने उन्नत ग्लॉक पिस्टल से करीब से गोलियां चलाईं। इस हमले के बाद एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) के नेतृत्व में कई राज्यों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू हो गया। पुलिस ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में पुष्टि की कि मध्यमग्राम पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले के सिलसिले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ सीआईडी अधिकारी ने कहा 'मध्यमग्राम में छह मई 2026 को चंद्रनाथ रथ की भयानक हत्या के सिलसिले में अब तक तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। खास सुरागों के आधार पर मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर से हिरासत में लिया गया, जबकि राज सिंह को 10 मई को उत्तर प्रदेश के बलिया से हिरासत में लिया गया। बाद में पूछताछ करने पर, तीनों को आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। जांच आगे बढ़ रही है। सीआईडी सूत्रों ने कहा कि आरोपियों पर पेशेवर हत्यारे होने का शक है जिनकी आपराधिक पृष्ठभूमि है और पहले की लक्षित हत्याओं से उनका संबंध है। माना जा रहा है कि आरोपियों में से एक हिस्ट्री-शीटर है जिसका लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है।जांचकर्ताओं को शक है कि यह हत्या अनुबंध हत्या हो सकती है और अब वे उन लोगों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिन्होंने ● शेष पेज 11 पर

# मलिहाबाद : शराब सेल्समैन की बेरहमी से हत्या

## सीसीटीवी में घटना कैद, शराब मांगने पर विवाद, लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर उतारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ हत्या के बाद भाग रहा आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब बिक्री पर भी उठे सवाल

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ढेढ़ेमऊ में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब देशी शराब की दुकान पर तैनात सेल्समैन की दिनदहाड़े लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना इतनी खौफनाक थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। वारदात का पूरा दृश्य पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया, जिसमें आरोपी पीछे से हमला करता साफ दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक अजय उर्फ रिंकू जायसवाल 35 वर्ष मूल रूप से कानपुर के रहने वाला था और मलिहाबाद थाना क्षेत्र के सैय्यदबाड़ा में रहकर ग्राम ढेढ़ेमऊ स्थित देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था। सोमवार सुबह करीब 9 बजे वह रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचा था। इसी दौरान गांव निवासी नन्हके कहार शराब लेने पहुंचा और शराब की मांग करने लगा। आरोप है कि शराब देने से मना करने पर आरोपी आगबबूला हो गया और गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब रिंकू वहां से हटने लगा तभी आरोपी नन्हके कहार ने पीछे से लोहे की रॉड से उसके सिर पर जोरदार हमला कर दिया। पहले वार में ही रिंकू जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन आरोपी का गुस्सा यहीं नहीं थमा। उसने जमीन पर पड़े रिंकू पर कई बार लगातार वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पाकर पुलिस उपायुक्त गोपाल कृष्ण चौधरी,सहायक पुलिस आयुक्त सुजीत कुमार दुबे सहित अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुँचकर निरीक्षण कर सख्त कार्यवाही के आदेश दिए। पुलिस ने हत्या के बाद फरार हो रहे आरोपी नन्हके कहार को मलिहाबाद तहसील के पास से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच में जुटी है। मृतक रिंकू अपने पीछे माता मीरा देवी, पिता मुन्ना जायसवाल, पत्नी हेमा जायसवाल, दो पुत्रियां खुशी व माही तथा पुत्र कृष्णा को छोड़ गया हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

अंग्रेजी शराब की दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में आरोपी नन्हके कहार पीछे से रिंकू पर लोहे की रॉड से हमला करता दिखाई दे रहा है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज को अहम साक्ष्य मानकर जांच आगे बढ़ा रही है।

### ग्रामीणों का बड़ा आरोप, 24 घंटे बिकती है शराब

हत्याकांड के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भी फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों पर निर्धारित समय के बाद भी खुलेआम शराब बेची जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि रात देर तक शराब बिक्री होने से आए दिन विवाद और मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राघवेंद्र सिंह द्वारा अवैध रूप से कैंटीन भी संचालित की जा रही है, जहां रात 12 बजे तक शराब बिक्री का खेल चलता है। मामले में मौके पर पहुंचे आबकारी इंस्पेक्टर अखिलेश चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

## लखनऊ में बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले 145 वाहनों का चालान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस भीषण गर्मी में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस सड़कों पर उतरी हैं। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी जारी है। इसके तहत लगभग 265 वाहनों की चेकिंग की गई, जिसमें कुल 145 चालान किए गए तथा 01 वाहन सीज किया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मध्य प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में आलमबाग चौराहें पर संयुक्त टीम द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी चेकिंग एवं चालानी कार्रवाई की गई।

अभियान के अंतर्गत मॉडिफाइड साइलेंसर 01 वाहन, बिना हेलमेट वाहन संचालन 125 वाहन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस/इंश्योरेंस चार वाहन, नो पार्किंग में दो वाहन तथा एचएसआरपी नंबर प्लेट संबंधी 13 वाहनों पर कार्रवाई की गई। एक वाहन को सीज किया गया है।

# दोहरीघाट-औड़िहार स्थानीय रेल सेवा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मऊ जनपद और दोहरीघाट क्षेत्र के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित दोहरीघाट-औड़िहार स्थानीय रेल सेवा का शुभारंभ सोमवार को हो गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में चल रहे विकास कार्यों के बीच यह रेल सेवा क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है। वर्षों पुरानी इस मांग को उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रयासों से साकार किया गया।

दोहरीघाट रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रेल मंत्री आभासी माध्यम से जुड़े। वहीं मंत्री ए.के. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रेल सेवा को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और रेलवे अधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। क्षेत्रवासियों ने रेल सेवा शुरू होने को विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह नई रेल सेवा केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि मऊ और आसपास के क्षेत्रों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास का नया अध्याय है। उन्होंने कहा कि छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, किसानों और आम यात्रियों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। किसानों को कृषि उत्पाद, सब्जियां, दूध और अन्य सामान के परिवहन में सुविधा होगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेलवे नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है और आधुनिक सुविधाओं से युक्त रेल सेवाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मऊ क्षेत्र में कई अन्य रेल परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य चल रहा है, जिनमें भूमिगत मार्ग निर्माण, रेलवे सुविधाओं का विस्तार और मऊ से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के प्रयास शामिल हैं। ए.के. शर्मा ने कहा कि मऊ जनपद में रेलवे उपरिगामी पुल, सड़क निर्माण, पीपा पुल, नाला निर्माण, विद्युत परिवर्तक स्थापना और गेहूं क्रय केंद्रों सहित कई जनहितकारी योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसी संकल्प के साथ लगातार काम किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनहित और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।

## सेटेलाइट से चिन्हित होंगे पराली जलाने वाले : एसडीएम

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसडीएम कोरांव संदीप तिवारी द्वारा फसल अवशेष/पराली जलाने वालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया गया है। अब सेटेलाइट व सूचना तंत्र के माध्यम से पराली जलाने वालों को चिन्हित कर उन पर जुर्माना व विधिक कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम संदीप तिवारी ने अपील की कि पराली को आग लगाकर नष्ट करने के बजाय उसे बेजुबान पशुओं के चारे के रूप में इस्तेमाल करें। जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, साथ ही स्थानीय थाना पुलिस व फायर विभाग को भी काफी परेशानी उठाना पड़ता है जबकि पशुओं को चारा मिल सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आसानी के लिए आग लगाकर पराली नष्ट करने वालों से अब सख्ती से निपटा जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की घर में सोते समय मौत

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के बडोखर गांव में एक युवक की घर में सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक के दोस्तों पर कुछ खिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बडोखर गांव निवासी धनंजय सिंह उर्फ कल्लू (लगभग 27 वर्ष), पुत्र छोटे सिंह, अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। परिजनों के अनुसार, 10 मई 2026 की रात करीब 11 बजे धनंजय के दो दोस्त उसे घर पर छोड़कर गए थे। सुबह जब धनंजय नहीं उठा और परिजनों ने उसे जगाने का प्रयास किया, तो वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। परिजनों ने तत्काल अपने निजी वाहन से धनंजय को सीएचसी कोरांव पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उन्हें शक है कि धनंजय को घर छोड़ने आए दोस्तों ने उसे कुछ खिला दिया था, जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई है। परिजनों के आरोप के बाद कोरांव पुलिस ने शव का पंचनामा किया और आज सुबह करीब 8:30 बजे निजी वाहन से प्रयागराज पीएम हाउस रवाना किया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग भी सीएचसी कोरांव पहुंच गए। मौके पर थाना कोरांव से उपनिरीक्षक शिव शंकर यादव, उपनिरीक्षक निहाल गुप्ता और कांस्टेबल आशीष यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे फिलहाल अभी तक पीएम हाउस से डेड बॉडी घर पर नहीं आया है पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम निष्पक्ष जाँच कार्यवाही कोरांव थाना पुलिस करेगा

## कोरांव में दो वाहनों की टक्कर, पांच लोग घायल

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव में दो वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर कोरांव पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोरांव पहुंचाया। घायलों में बडोखर ( निबिहा टोला) निवासी संजय पुत्र गोविंद और उनकी पत्नी राजकली शामिल हैं, जो मेजा से कोरांव की ओर आ रहे थे। दूसरी ओर, पसना गांव निवासी धैर्य प्रताप सिंह पुत्र ललित, ललित कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय रंग बहादुर सिंह और अनन्या सिंह पुत्री ललित कुमार सिंह कोरांव से अपने घर पसना लौट रहे थे। इस टक्कर में ललित कुमार सिंह को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों को सीएचसी कोरांव में प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोरांव थाने से उपनिरीक्षक शिव शंकर सिंह यादव अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। वर्तमान में, संजय और राजकली कोरांव के एक निजी अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं।

# रेस्पिरेशन-2026 में पल्मोनरी व क्रिटिकल केयर के नए ट्रेंड्स पर होगा मंथन




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। संस्था सागर हेल्थ केयर फाउंडेशन के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रम 'रेस्पिरेशन-2026' को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रोफ़ेसर डॉ. शिव सागर गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का विषय ल्लसीएमई ऑन रिसेंट ट्रेंड्स इन पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिनङ्क रखा गया है। इसका उद्देश्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को ज्ञानवर्धक वैज्ञानिक विचार-विमर्श के साथ आधुनिक निदान एवं उपचार पद्धतियों की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक शामिल होंगे और पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर तथा स्लीप मेडिसिन से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

इस दौरान कॉन्फ्रेंस में प्रोफ़ेसर राजेंद्र प्रसाद को सम्मानित भी किया गया। प्रेसवार्ता में चिकित्सा जगत से जुड़े कई विशेषज्ञ एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लखनऊ पुलिस की सर्विलांस सेल ने खोए 101 मोबाइल खोज निकाले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन कमिश्नरेट की सर्विलांस सेल ने सोमवार को खोए 101 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। करीब 21 लाख रुपये कीमत के मोबाइल वापस मिलने पर स्वामियों ने पुलिस कमिश्नरेट का अभार प्रकट किया। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) गोपाल कृष्ण चौधरी ने विभिन्न कंपनियों के बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे। खोया हुआ मोबाइल मिलने पर लोगों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जब उनका मोबाइल खोया था, तो वह यह उम्मीद खो चुके थे कि अब उन्हें उनका मोबाइल फोन मिल पाएगा।

## हर पीड़ित को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य

❒ जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुनी जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, सात-कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांगजन एवं युवा उपस्थित रहे। लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0-II/लखनऊ कार्यालय संकुल, निर्माण संगलन उ.रे, चारबाग लखनऊ-226004 भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा एक पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रह है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के Utraitia स्टेशन पर लाइन नंबर 7 के आसन्न में अतिरिक्त लूप लाइन की सुविधा के संबंध में इंडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटेड टाइप इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (KYOSAN Male) में परिवर्धन और परिवर्तन के कार्य की व्यवस्था। |
| पूरा होने की अवधि | 09 (नौ) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि) |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1,51,97,025.01/- (रुपये एक करोड़ इक्यावन लाख सतानवे हजार पच्चीस और पैसा एक केवल |
| निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | **03.06.2026** को 11.30 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई-टेंडर में भाग ले सकता हैं, निविदा 03.06.2026 को 11:30 बजे खोली जाएंगी। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर **12.05.2026** से **03.06.2026** तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

**निविदा सूचना संख्या 287-सिग/सी0-II/लखनऊ/निविदा/02/26**
**दिनांक: 12.05.2026**

**1568/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## दास्तान ए कोरांव तहसील

# राजस्व विभाग ने ग्राम प्रधान और भूमिहीनों की नहीं सुनी शिकायत किया गया फर्जी निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव-प्रयागराज। जनपद की कोरांव तहसील में राजस्व अधिकारी कर्मचारी ग्राम प्रधान चेयरमैन भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा और भूमिहीनों की शिकायतों को तरजीह नहीं देते बल्कि ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे करने वालों को बढ़ावा दिया जाता है। राजस्व कर्मी लेखपाल आदि लोकल रहने वाले हैं और तहसील अधिकारियों पर भारी हैं।

ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने ग्राम समाज की बंजर,नवीन परती चकमार्ग आदि भूमि का मुख्य मंत्री जी की तर्ज पर वर्ष 2021/22 से कब्जा मुक्त अभियान चला कर तथा भूमि एवं आवास हीन लोगों को दुरुपयोग हो रही जमीनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एल एम सी द्वारा आवंटन प्रस्ताव पारित किया। किंतु समिति के सचिव लेखपाल ने भूमि के कब्जा कर्ताओं की सह पर आवंटन पत्रावली तहसीलदार एसडीएम कोरांव के सामने तरह तरह के बहाने बना बना कर पांच साल बीता दिए। मजेदार बात तो यह है कि प्रधान और सदस्यों ने मुख्य मंत्री प्रधान मंत्री प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ मंडलायुक्त प्रयागराज मंडल,जिलाधिकारी प्रयागराज मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज,अपर जिलाधिकारी प्रयागराज वित्त एवं राजस्व प्रयागराज की इस बात की शिकायत करते रहे कि एसडीएम तहसीलदार से आग्रह के बाद आदेश के बावजूद लेखपाल कानूनगो ने आवंटन पत्रावली स्वीकृति हेतु नहीं भेजी। परन्तु समुचित आदेशों के बावजूद तहसील कोरांव के अधिकारी एलएमसी सचिव का कुछ भी बाल बांका नहीं कर पाए। जब कि एसडीएम ने तहसीलदार को ऐसे लेखपाल को तुरंत अन्यत्र हटाने का हुक्म भी दिया था। और पत्रावली प्रस्तुत करने को कहा था किंतु फिर भी हुक्म अदुली की गई। और की जा रही है। इस संबंध में भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल ने भी जनता की शिकायत पर डीएम की पिछले साल पत्र लिखा था और एक सप्ताह पूर्व भी डीएम की चिट्ठी लिखी। एसडीएम कोरांव संदीप तिवारी को फोन पर भी अवगत कराया और तत्काल पट्टा पात्रों को वितरण कराने को कहा। ग्राम प्रधान ने एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज श्रीमती विनीता सिंह तथा डीएम जनसुनवाई में 11मई 2026 को भी शिकायती पत्र दिया। एसडीएम कोरांव को निर्देशित किया।


राजमणि कोल
विधायक
ख-7 No. 354606
03/05/2026

जिलाधिकारी
प्रयागराज

मान्यवर

अवगत कराना है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र कोरांव के अंतर्गत ग्राम -अल्हवा में भूमि प्रबंधक समिति द्वारा गरीब भूमिहीनों को आवासीय एवं कृषि आवंटन हेतु नवीन परती एवं बंजर भूमि को कई बार प्रस्तावित किया गया था किन्तु क्षेत्र लेखपाल की लापरवाही से दुरूपयोग हो रही भूमि को आवंटन नहीं हो पा रहा है इसके पूर्व में भी पत्र दिया गया था जिसमें अभी तक कोई आवंटन नहीं हो पाया।

अतः उपरोक्त ग्राम पंचायत अल्हवा में भूमि प्रबंधक समिति द्वारा गरीब भूमिहीनों को आवासीय एवं कृषि आवंटन कराने का कष्ट करें।

### एलएमसी अल्हवा द्वारा कार्यवाही

एलएमसी ग्राम सभा अल्हवा ने करीब दो सौ साल से बसे हरिजन आबादी भूमि पर बसे कोल, पासी वर्ग की भूमि को चकबंदी वालों ने वर्ष 2019 में नवीन परती दर्ज कर दिया। जिससे प्रधान ने गरीब परिवारों को उनके कब्जे में बने मकानों दरवाजों तक नाप कर आवासीय आवंटन किया। जिससे गरीब कानूनी कार्यवाही के पात्र न बनें।

इसी तरह ब्राह्मण, कुर्मी, लोहार, पाल, कोल, पासी, मुशहर, मुस्लिमों, मल्लाहों को मुद्दतों से बने उक्त भूमि पर मकानों,और कब्जों के आधार पर आवासीय तथा कृषि का करीब पांच छ बीघा भूमि में करीब डेढ़ सौ से अधिक लोगों को पट्टा किया गया। किंतु लेखपाल को क्या चाहिए अधिकारी ही समझ सकते हैं कि क्यों नहीं पट्टा स्वीकृति हेतु एसडीएम के सामने पत्रावली पेश की जा रही है। फिलहाल यह प्रकरण उच्च न्यायालय इलाहाबाद में तहसील के अधिकारियों सक्षम अधिकारियों को पछकार बनाते हुए जनहित याचिका दाखिल हो सकती है।

> मैं ग्राम सभा अल्हवा की आवंटन पत्रावली स्वयं लेखपाल से मंगवा रहा हूं और नायब तहसीलदार से रिपोर्ट ले कर पात्रों को अविलंब आवंटन करूंगा। इस बाबत विधायक जी ने भी कहा है।
>
> **संदीप तिवारी**
> **उप जिलाधिकारी , कोरांव प्रयागराज**

> इस मामले में माननीय विधायक जी का भी पत्र डीएम साहब को भेजा गया है संज्ञान में आया है,आवंटन पत्रावली मैं तुरंत लेखपाल से मंगवाती हूं और पात्रों को शीघ्र आवंटन के लिए एसडीएम से वार्ता करूंगी। जिससे गरीबों को पट्टा वितरण हो। और लापरवाही बरतने वाले कर्मी के विरुद्ध एक्शन लिया जाएगा।
>
> **रोशनी सोलंकी**
> **तहसीलदार कोरांव प्रयागराज**


# कार्यालय ग्राम पंचायत धारूपुर विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक मैमो0/ मनरेगा / निविदां 2026-27 दिनांक- 11/05/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत धारूपुर विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में निम्नलिखित कार्यो हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फमों ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र फार्म दिनांक 12/05/2026 से दिनांक 18/05/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 18/05/2026 को ही 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति / फर्म के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा आमंत्रण मूल्य 1000 रुपए निर्धारित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत (लाख में) | निविदा मूल्य मूल्य | सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राम मिलन के घर से रामसनेही के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 1202490.46 | 1000.00 | ईंट, सीमेंट मौरंग, फाइन सैंड (बालू) मौरंग, प्रथम श्रेणी ईंट पत्थर गिट्टी 20 एमएम, पत्थर गिट्टी 10 एमएम, लोहा, लोकल बालू, इंटर लॉकिंग ईंट (एरिया) इत्यादि सामग्री। | प्राक्कलन के अनुसार | तीन माह (अधिकतम) |

**नियम व शर्ते**

1- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत धारूपुर विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।

2- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी एंड क्वालिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थान पर आपूर्ति करना होगा।

3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी।

4-जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।

5-विभिन्न प्रकार के शासकीय भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

6-आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

7- आपूर्ति की गयी सामग्री के परिवहन हेतु भाडा किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा।

8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

9- निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा।

11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा।

12-बिना कारण बताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार, सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| तकनीकी सहायक | सचिव | प्रधान |
|---|---|---|
| जय हिंद सिंह | रिया वर्मा | प्रयाग नरायन |
| ग्राम पंचायत धारूपुर | ग्राम पंचायत धारूपुर | ग्राम पंचायत धारूपुर |
| विकास खण्ड-बनीकोडर | विकास खण्ड-बनीकोडर | विकास खण्ड-बनीकोडर |
| जनपद बाराबंकी | जनपद बाराबंकी | जनपद बाराबंकी |

# नाबालिग किशोरियों को बहला-फुसलाने के दो मामलों में युवक भेजे गए जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बख्शी का तालाब,लखनऊ। राजधानी के ग्रामीण इलाके में नाबालिग किशोरियों से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक मामले में युवक पर नाबालिग को भगाकर शादी करने का आरोप है, जबकि दूसरे मामले में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किशोरी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगा है।

पहला मामला थाना बीकेटी क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार एक नवंबर 2025 को पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया और उससे शादी कर ली गई। पुलिस ने छह मई 2026 को किशोरी को बरामद कर लिया था, जबकि आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को मुखबिर की

❒ एक ने भगाकर की शादी, दूसरे पर धर्म परिवर्तन का दबाव और वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप



सूचना पर पुलिस ने शिवपुरी-कठवारा मार्ग स्थित रणबाबा पुलिया के पास से आरोपी विपिन पाल उर्फ नितिन निवासी सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से शादी का प्रमाण पत्र, आईडी प्रूफ और शादी से संबंधित फोटो बरामद किए गए हैं। आरोपी ई-रिक्शा चालक बताया गया है।वहीं दूसरा मामला सैरपुर थाना क्षेत्र का है, जहां 15 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया कि इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद युवक उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मानसिक दबाव बनाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शोएब उर्फ सौरभ सिंह निवासी गोण्डा तथा वर्तमान पता जानकीपुरम, लखनऊ बताया। संयुक्त कार्रवाई में स्वाट/सर्विलांस टीम और सैरपुर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट और विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ ही सोशल मीडिया गतिविधियों और अन्य साक्ष्यों की जांच भी जारी है।

# छात्र आत्महत्याएं राष्ट्र के भविष्य के लिए चेतावनी : डॉ. राजेश्वर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताज़ा आंकड़ों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2024 में देश में 14,488 छात्रों द्वारा आत्महत्या किया जाना केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगभग 40 युवा जीवन से हार मान रहे हैं, जो समाज, शिक्षा व्यवस्था और पारिवारिक संरचना के सामने बड़े प्रश्न खड़े करता है।

डॉ. सिंह ने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षणिक और सभ्यतागत संकट का संकेत है। आज पूरी दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और तीव्र प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रही है, जहाँ सामाजिक माध्यमों ने तुलना और दबाव को लगातार बढ़ा दिया है। असफलता का भय, अकेलापन, मानसिक तनाव, इंटरनेट पर उत्पीड़न और अवास्तविक अपेक्षाएँ युवाओं को भीतर से कमजोर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि असफलताएँ जीवन का अंत नहीं होतीं। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने कहा था –सफलता अंतिम नहीं होती, असफलता घातक नहीं होती; आगे बढ़ते रहने का साहस ही सबसे महत्वपूर्ण होता है।ङ्क इसी प्रकार अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने जीवन में अनेक चुनावी असफलताओं का सामना किया, लेकिन संघर्ष और धैर्य के बल पर वे विश्व इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हुए। डॉ. सिंह ने कहा कि महानता का मार्ग कभी सीधा नहीं होता और कठिन समय ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है।



उन्होंने कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और फ़िनलैंड जैसे देशों ने समय रहते युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। भारत को भी केवल अंकों पर आधारित व्यवस्था से आगे बढ़कर रचनात्मकता, भावनात्मक संतुलन, जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास आधारित शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देनी होगी। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि समाज को सफलता की परिभाषा केवल अंक, वेतन और विदेश में प्रवेश तक सीमित नहीं करनी चाहिए। हर बच्चे की प्रतिभा अलग होती है और प्रत्येक युवा को तुलना और अपमान नहीं, बल्कि सम्मान, प्रोत्साहन और अवसर की आवश्यकता है। उन्होंने माता-पिता से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को केवल प्रदर्शन का दबाव नहीं, भावनात्मक सुरक्षा भी चाहिए। कई बार एक संवाद, एक भरोसा और सहयोगपूर्ण वातावरण किसी बच्चे को टूटने से बचा सकता है। बच्चों को यह महसूस होना चाहिए कि परिवार उनसे केवल सफलता के लिए नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व के लिए प्रेम करता है। डॉ. सिंह ने शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि चरित्र, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का निर्माण भी होना चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में परामर्श व्यवस्था, मार्गदर्शन कार्यक्रम, खेल, कला, वाद-विवाद, योग और ध्यान जैसी गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि जीवन किसी एक परीक्षा, एक परिणाम या एक असफलता से कहीं बड़ा होता है।

## शादी में गया था परिवार, सूने घर से लाखों के जेवर और नकदी पार

चिनहट, **लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के नंद विहार कॉलोनी में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नंद विहार कॉलोनी निवासी धनंजय तिवारी ने चिनहट थाने में दी गई शिकायत में बताया कि वह परिवार सहित गोण्डा में एक शादी समारोह में गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक चोर घर से 14 जोड़ी सोने की अंगूठी, दो जोड़ी झुमका, सात जोड़ी पायल, दो चेन, एक बुजवाला, दो बाला, दो जोड़ी नथ, 10 कील, एक जोड़ी कान कील, चार ताबीज, मंगलसूत्र, मेंस रिंग, करीब 40 जोड़ी बिछिया तथा लगभग 50 चांदी के सिक्के उठा ले गए। जो उनके पत्नी को शादी मे उपहार में और माँ के पुस्तैनी जेवर थे। इसके अलावा करीब 80 हजार रुपये नकद भी चोरी हो गए। पीड़ित ने बताया कि नकदी उनकी बीमार मां के इलाज के लिए रखी गई थी। घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। चिनहट पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती ने लगाया अपहरण, मारपीट और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, दो नामजद लोगों पर केस दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने चार लोगों पर जबरन अपहरण, मारपीट, दुष्कर्म के प्रयास और जान से मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 9 मई रात करीब 10:45 बजे वह अपनी दोस्त के घर जा रही थी। इसी दौरान मटियारी स्थित बाबा हॉस्पिटल के पास रास्ते में आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे और कथित रूप से उसे जबरन कार में बैठाकर ले गए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, धमकाया और दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की नीयत से कार से कुचलने की कोशिश भी की। घटना की सूचना पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर दी। युवती ने आरोप लगाया कि घटना के बाद आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर उसे और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। मामले में चिनहट पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में सोमवार तड़के सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक की पहचान कराने के साथ ही हादसा करने वाले वाहन की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि लखनऊ-रायबरेली रोड पर बिन्दोवा कट और गौरा पेट्रोल पंप के बीच किसी अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह और कांस्टेबल किशन जायसवाल मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके पास से कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से हादसा करने वाले वाहन की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला पर लाठी-डंडों से हमला पति को भी पीटा, मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायभानखेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने पहुंचे पति को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। वही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायभानखेड़ा निवासी धीरज पुत्र स्वर्गीय शीतल के मुताबिक वह गांव के बाहर भैंस चराने गया था। इसी दौरान उसका भतीजा रामदेव दौड़ता हुआ पहुंचा और बताया कि घर के पास उसकी पत्नी मुन्नी के साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलते ही धीरज तत्काल घर पहुंचा तो देखा कि गांव के ही सर्वेश पुत्र राजेन्द्र, अमरेश पुत्र राजेन्द्र और राजेन्द्र पुत्र स्वर्गीय शीतल उसकी पत्नी को लाठी-डंडों से पीट रहे थे।पीड़ित का आरोप है कि जब उसने पत्नी को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। मारपीट में मुन्नी को गंभीर चोटें आई हैं। इसके बाद परिजनों ने घायल महिला का उपचार कराया।पीड़ित धीरज का आरोप है कि जाते समय आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी भी देते गए। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है।मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की शिकायत प्राप्त हुई है। आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिजेरियन ऑपरेशन के बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत, 12 हजार वसूली का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ महिला डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही और इलाज के दस्तावेज न देने का भी आरोप

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रसव के दौरान कथित चिकित्सीय लापरवाही का मामला सामने आया है। बगहा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार पाल ने सीएचसी की महिला डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ पर सिजेरियन ऑपरेशन में लापरवाही, अवैध वसूली और इलाज से जुड़े दस्तावेज न देने का आरोप लगाते हुए इटौंजा पुलिस को तहरीर दी है।

पीड़ित के अनुसार उनकी पत्नी शिवानी पाल को 8 अप्रैल को प्रसव पीड़ा होने पर इटौंजा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि महिला डॉक्टर मधु श्री ने ऑपरेशन के माध्यम से डिलीवरी कराई, लेकिन ऑपरेशन के बाद उचित देखभाल नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि टांके सही तरीके से नहीं लगाए गए, जिससे महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई।आरोप है कि हालत सामान्य न होने के बावजूद 11 अप्रैल को प्रसूता को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घर पहुंचने के बाद तबीयत और खराब होने पर परिजन दोबारा सीएचसी पहुंचे, जहां से 13 अप्रैल को वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हो सका।

सुरेंद्र पाल का आरोप है कि सीएचसी में इलाज के नाम पर स्टाफ ने 12 हजार रुपये भी लिए। वहीं उपचार से संबंधित दस्तावेज मांगने पर उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया। पीड़ित ने संबंधित चिकित्सीय अभिलेख पुलिस को सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।मामले को लेकर इटौंजा प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है और आरोपों की जांच कराई जा रही है।वहीं सीएचसी अधीक्षक ने डॉ.अरविंद कुमार ने बताया कि उन्हें कोई शिकायत नही मिली है मामले की जांच की जाएगी।

### पहले भी विवादों में रह चुका है इटौंजा सीएचसी

मार्च महीने में भी इटौंजा सीएचसी में प्रसव के दौरान लापरवाही के आरोप लगे थे। मरपा गांव निवासी विमलेश ने आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी पिंकी को प्रसव के दौरान उचित इलाज नहीं मिला, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। हालत बिगड़ने पर रेफर किया गया, लेकिन सौ शैया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया था। परिजनों ने उस मामले में भी अस्पताल स्टाफ पर रुपये मांगने और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। हालांकि शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने का दावा किया गया था।

## माताओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बख्शी का तालाब,लखनऊ। एसएस पब्लिक स्कूल हेमी में मातृ दिवस के अवसर पर सोमवार को भव्य एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय की माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय दिया।कार्यक्रम के अंतर्गत बटन स्टिचिंग, ड्रेस कटिंग बाय पेपर, आईक्यू टेस्ट, बैलेंस बैलून एंड टाई दुपट्टा तथा चपाती मेकिंग जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागी माताओं ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने माताओं के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के गीत, नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।समारोह के समापन पर एसएस ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने माताओं को परिवार और समाज की शक्ति बताते हुए उनके त्याग, समर्पण और संस्कारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की प्रथम पाठशाला होती है।विद्यालय की प्रधानाचार्या सीके. शर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## 'जो भगवान की शरण में उसे कलयुग से घबराने की आवश्यकता नहीं'

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा हरे हरे हरे रामा हरे रामा रामा रामा हरे हरे के स्वर और राधे राधे जे उद्घघोष के साथ प्रारम्भ हुआ पांच दिवसीय श्रीमद भागवत का पाठ व ज्ञान महोत्सव। आपको बता दे कि दिनांक 11 मई से 17 मई तक आयोजित होने वाले इस महोतसव मे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साधवी सत्यागीरी जी के श्रीमुख से श्रीमदभागवत का पाठ किया गया जिसके प्रथम दिन यानी 11 मई को कलश शोभा यात्रा निकाली गई जो जगदम्बेश्वर शिव मंदिर तक पहुंची इस शोभा यात्रा मे पीले रंग की साड़ी मे सिर पर पीले लाल रंग का कलश धारण किए क्रम बध तरीके से चल रही महिलाओ ने मन मोह लिया शोभा यात्रा के बाद शाम 4 बजे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साधवी सत्यागीरी जी के श्रीमुख से भागवत का पाठ हुआ जिसे सुनने के लिए काफी संख्या मे भक्त प्रांगण मे मौजूद रहे। कथा



के प्रथम दिन भगवान के विभिन्न अवतारो पर चर्चा हुई साथ ही ये भी बताया गया कि भगवान को ये अवतार क्यों लेना पढ़ा। आशियाना सेक्टर के मे आयोजित हो रहे इस भागवतकथा ज्ञान महोत्सव का सजीव प्रसारण भी किया जा रहा है जिसके माध्यम से लोग घर बैठे भी इस अमृत वाणी का आनंद ले रहे हैं। आयोजक रविन्द्र यादव ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से लोगों मे आध्यतम भाव उत्पन्न होता है जिसे सुनने के लिए भक्त दूर दूर से यहाँ आते हैं और भगवान श्री कृष्ण की भक्ति मे लीन हो जाते हैं।

# फुटपाथ घेरकर निकाला जा रहा दो मंजिला छज्जा, सिमट रही सड़क

## शिकायत पर कार्रवाई की बात कहकर घिरे जिम्मेदार, लोगों ने उठाए मिलीभगत के सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बख्शी का तालाब,लखनऊ। नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के बढ़ते मामलों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला वार्ड संख्या-5 स्थित रामपुर राधा स्वामी मार्ग का है, जहां सार्वजनिक फुटपाथ पर कब्जा कर दो मंजिला छज्जा निकाले जाने का आरोप है। निर्माण कार्य खुलेआम जारी होने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, पूर्वांचल छात्रावास के सामने एक दो मंजिला भवन का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भवन स्वामी ने सड़क किनारे बने फुटपाथ पर करीब तीन फीट तक अतिक्रमण कर लिया है। साथ ही भवन का छज्जा भी फुटपाथ की ओर काफी आगे तक बढ़ा दिया गया है, जिसकी ढलाई की तैयारी पूरी हो चुकी



है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी अभिलेखों में सड़क की चौड़ाई छह मीटर दर्ज है, लेकिन मौके पर अतिक्रमण के चलते सड़क सिमटकर करीब पांच मीटर रह गई है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह निर्माण होता रहा तो भविष्य में यहां जाम और दुर्घटनाओं की समस्या बढ़ना तय है।

मामले में जब नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस बयान के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी और बढ़ गई।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब सार्वजनिक सड़क और फुटपाथ पर खुलेआम कब्जा किया जा रहा है तो क्या प्रशासन को कार्रवाई के लिए अलग से शिकायत का इंतजार करना चाहिए। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या सरकारी जमीनों और सड़कों पर कब्जे की निगरानी करना प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है।स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो इससे प्रशासन और निर्माणकर्ताओं की मिलीभगत की आशंका को बल मिलेगा। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर हो रहे इस अवैध निर्माण को जिम्मेदार अधिकारी अनदेखा नहीं कर सकते।क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत और लखनऊ विकास प्राधिकरण से तत्काल जांच कर अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा सार्वजनिक फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

# बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, एकता पर जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

काकोरी लखनऊ। श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल संबद्ध लखनऊ व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को मोहान रोड स्थित रॉयल गार्डन, इंडिया हॉस्पिटल के निकट आयोजित किया गया। समारोह में व्यापारियों की एकजुटता, संगठन की मजबूती और व्यापारी हितों की रक्षा को लेकर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा एवं महामंत्री उमेश शर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए पिंटू गुप्ता (अजय गुप्ता), महामंत्री अखिलेश यादव, कोषाध्यक्ष रवीश गुप्ता, कमलेश कुमार गौतम प्रचार मंत्री, विधिक सलाहकार एवं चेयरमैन हिमांशु पांडेय ने शपथ ग्रहण की इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए राजू शुक्ला, प्रदीप कुमार एवं शिव कुमार तथा उपाध्यक्ष पद के लिए शिवम पांडेय, जय गुप्ता, राजकुमार रावत, अभिषेक और अर्णव ने भी शपथ ली। सभी पदाधिकारियों ने लखनऊ व्यापार मंडल के संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए व्यापारियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करता है और संगठन की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी




नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही।समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई, जहां व्यापारियों ने आपसी संवाद और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की।

### सूचना

सूचित करना है कि मैं कमला पत्नी उमाशंकर उम्र लगभग 62 वर्ष निवासी 283क/701/48 विजय खेड़ा मानक नगर लखनऊ कि हूं मेरा कुछ दस्तावेज़ों में नाम मंजू जैसवाल अंकित हो गया है जो एक ही व्यक्ति इस कारण मंजू जैसवाल के स्थान पर कमला नाम को ही मान्यता दी जाए।

# डीएम ने की आईजीआरएस प्रकरणों की गहन समीक्षा, दिए निर्देश

❐ आईजीआरएस पर डीएम सख्त : बोले शिकायतकर्ता संतुष्ट तभी मानें निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर अब प्रशासन का रुख और सख्त हो गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बिना किसी भी मामले का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में न पहुंचे।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क कर उनकी संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए किसी भी प्रकरण का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अफसर प्रतिदिन अपने-अपने आईजीआरएस पोर्टल लॉगिन पर प्राप्त शिकायतों का स्वयं पर्यवेक्षण करें और उनका गुणवत्तापरक, समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि किसी अधिकारी का संदर्भ डिफॉल्टर पाया गया तो संबंधित के खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि समाधान की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि कई मामलों में औपचारिक निस्तारण कर दिया जाता है, जबकि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होता। ऐसी स्थिति दोबारा नहीं होनी चाहिए।

बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि जहां भी शिकायतें लंबित है या शिकायतकर्ता असंतुष्ट है, वहां तत्काल कारणों का पता लगाकर प्रभावी समाधान कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

## लखीमपुर पुलिस ने फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार



लखीमपुर खीरी। थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी के नेतृत्व में थाना खीरी पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें सीधे जेल का रास्ता दिखाया जा रहा है। क्षेत्र की जनता को अपने शब्दों में कहते हुए सुना गया है कि अब खीरी थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों का बोल बाला नहीं बल्कि सुशासन एवं कानून व्यवस्था का असलियत में राज कायम है जिससे थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी सहित संपूर्ण थाना खीरी पुलिस की हो रही भूरि भूरि प्रशंसा।

# सीतापुर में धूमधाम से मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन बहुत ही हर्ष उल्लास और उत्साह के साथ बाबा जंगली नाथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा गुजरात के सोमनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया जिसका सजीव प्रसारण सभी आगंतुकों ने देखा। महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री जी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर इस पर्व को समारोह पूर्वक मनाया।

जनपद सीतापुर में पुलिस लाइन परिसर से कलश यात्रा निकली गई जिसका नेतृत्व माननीय नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, माननीय जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेश शुक्ला, माननीय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर नेहा अवस्थी, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुनेंद्र अवस्थी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी ने किया। कलश यात्रा बाबा जंगली नाथ मंदिर में समाप्त हुई, जहां सभी गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को बाबा जंगली नाथ का अभिषेक एवं पूजन अर्चन आशीष शास्त्री जी के द्वारा संपन्न कराया गया। सभी अतिथियों ने श्रद्धालुओं को संबोधित करने के साथ सजीव प्रसारण का अनुसरण किया। अंत में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन राज शर्मा जिला व्यायाम शिक्षक ने किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के खिलाफ चलाया अभियान

❐ अभियान के तहत 54 ड्रंकन ड्राईविंग, 24 मॉडिफाइड साइलेंसर व 98 प्रेशर हॉर्न के चालान किए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा नशे की हालत में वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बीती रात जनपद में ड्रंकन ड्राइविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के खिलाफ अभियान चलाया गया।

यातायात पुलिस और संबंधित थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के टोल प्लाजा व अन्य जगहों पर वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। अभियान के दौरान नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही 54 ड्रंकन ड्राईविंग, 24 मॉडिफाइड साइलेंसर व 98 प्रेशर हॉर्न के चालान किए गए। इसके अलावा पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। साथ ही अपील करते हुए कहा कि स्वयं सुरक्षित रहें, परिवार को सुरक्षित रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

## चोरी की 03 घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार, चोरी के जेवरात, नकदी बरामद

शाहजहांपुर। थाना निगोही पुलिस ने बंद मकानों में हुई चोरी की 03 घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए जेवरात, नकदी, चोरी में प्रयुक्त औजार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त थाना निगोही के गांव पतराजपुर निवासी नरेश पुत्र परागेलाल को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।बीती रात थाना निगोही पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 07 मई की रात निगोही कस्बा में बंद मकानों में चोरी करने वाला अभियुक्त आज फिर चोरी करने के उद्देश्य से ग्राम डींग की तरफ से मोटरसाइकिल से आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने पैतापुर तिराहे पर घेराबंदी कर शातिर अभियुक्त नरेश को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछुआ, एक ओम लाकेट, एक जंजीर, एक अंगूठी, 11 हजार पांच सौ रूपए नकद, चोरी करने के औजार और एक मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त नरेश ने तीन बंद मकानों में चोरी की घटनाएं कारित की थीं।

# मां गौरी देवी मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

❐ भव्य धार्मिक झांकियों और भक्तिमय माहौल ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद , सीतापुर । नगर पालिका परिषद खैराबाद स्थित प्राचीन मां गौरी देवी मंदिर प्रांगण में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भव्य आयोजन नगर पालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया,द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद खैराबाद अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता तथा सफाई इंस्पेक्टर एवं खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार राणा उपस्थित रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया की ओर से भव्य धार्मिक झांकियों का आयोजन कराया गया। झांकियों में भगवान शिव, मां गौरी और सनातन धर्म से जुड़े विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का सुंदर एवं जीवंत प्रदर्शन किया गया। झांकियों को देखने के लिए नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुतियों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां गौरी और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर नगर और क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की।इस अवसर पर सभासद राकेश चंद्र गुप्ता, आलोक बाजपेई, दिलीप जोशी, नामित सभासद राजेश मिश्रा, मुस्कान बाल्मीकि, गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल सहित नगर पालिका के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता और खैराबाद की बहुसंख्यक जनता मौजूद रही।कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों की आस्था को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर लोगों ने नगर पालिका परिषद एवं आयोजन समिति की सराहना की।

# 15 पत्रावलियों में 03 दम्पत्तियों का हुआ समझौता, किया विदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। जिसमें 15 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई तथा 03 दम्पत्तियों का समझौता कराकर विदा किया गया।थाना रोजा क्षेत्र के एक दंपति का विवाह करीब 14 वर्ष पूर्व हुआ था।

पत्नी का कहना था कि पति ने उसके गहने गिरवी रखकर जूस बनाने की मशीन खरीद ली, जिसको लेकर उनका आएदिन विवाद होने लगा। जिस कारण वो करीब 10 दिन से अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया और समझाया। जिसके बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इसी तरह थाना कटरा क्षेत्र के एक दंपति का विवाह करीव 04 वर्ष पहले हुआ था। दंपति के 02 बच्चे हैं। पति को शक था कि उसकी पत्नी किसी लड़के से बात से करती है। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद था। पत्नी का आरोप था कि उसके दोनों बच्चे ससुराल में है और वो दो माह से अपने मायके में रह रही है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर समझाया गया और दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए। वहीं, थाना सिंधौली के एक दंपति का विवाह करीब 03 वर्ष पूर्व हुआ था। आवेदिका 20 दिन से अपनी बुआ के घर पर रह रही थी। आवेदिका ने बताया कि उसके मायके में शादी थी, तो मेरे पति ने वहां जाने से इंकार किया, इसी बात पर दोनों में झगड़ा हो गया थ। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र में समझाया गया। जिसके बाद दोनों में आपसी सहमति से समझौता हुआ और दोनों पुनः एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए। सभी पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परामर्श केंद्र महिला उपनिरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, मोनिका रानी आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन ग्रामीण एवं शहरी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन ग्रामीण एवं शहरी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत परशदेपुर पेयजल योजना, रायबरेली सीवरेज योजना, गोराबाजार पेयजल योजना सहित अन्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जिसमें कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खैराबाद में नजूल भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रशासन सख्त, 15 दिन में खाली करने का आदेश

**खैराबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । नगर पालिका परिषद खैराबाद जनपद सीतापुर की वार्ड नंबर 18 जोशी टोला के करन पुर में नजूल गाटा संख्या 324, 325 327 व 328 जो लगभग 100 बीघा भूमि नजूल संपत्ति है उस पर जुनैद अंसारी तथा इश्तियाक द्वारा अवैध कब्जा कर खेती का कार्य एवं बाउंड्री वालका निर्माण किया गया है इसके संबंध में जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर नोटिस निर्गत की गई थी जिस पर उन लोगों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई जिसका निस्तारण जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर करते हुए उक्त भूमि को 15 दिन के अंदर खाली करने का आदेश दिया गया है यदि अवैध कब्जा धारक उक्त भूमि को खाली नहीं करते हैं तो प्रशासन द्वारा पुलिस बल के साथ खाली कराया जाएगा इसके अतिरिक्त कमल सराय में शफीकुन निशा द्वारा नजूल की संपत्ति पर कब्जा कर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण किया गया है उसको भी खाली करने के लिए 15 दिन के अंदर आदेश किया गया है ।

## दो माह का मानदेय न मिलने पर एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उ0प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (रजि0) की जनपद शाखा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मार्च 2026 एवं अप्रैल 2026 का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान कराने की मांग की गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई 2026 तक बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो 21 मई 2026 से ॠनो पे–नो वर्कॠ नीति अपनाते हुए कार्य बहिष्कार किया जाएगा।संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश भर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को पिछले दो माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से बच्चों की फीस पुस्तकें एवं घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। संगठन ने प्रशासन से जल्द भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो समस्त कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों तथा प्रांतीय नेतृत्व को भी भेजी गई है।

# एग्रीजंक्शन योजना अंतर्गत बेरोजगार कृषि स्नातक 15 से 30 मई तक तक कर सकते है आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उप कृषि निदेशक रायबरेली विनोद कुमार ने बताया है कि कृषि निदेशक, उ0प्र0 कृषि भवन लखनऊ द्वारा जनपद के किसानों को एक छत के नीचे ''वन स्टाप शाप'' के माध्यम से गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कीटनाशक व जैन कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइकोन्यूट्रिएन्ट्स, जिप्सम, वर्मी कम्पोस्ट आदि समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति करना, तकनीकि जानकारी देना आदि हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में जनपद में कहीं पर भी निवास करने वाले बेरोजगार कृषि स्नातकों से 15 मई 2026 से 30 मई 2026 तक सायं 5.00 बजे तक अपना आवेदन कृषि विभाग की वेबसाइट-http :// agriculture. up.gov. in/agrijunction पर आवेदन कर सकते है। नियम एवं शर्तो की अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी कृषि भवन गोराबाजार, रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने योजना की पात्रता के बारे में जानकारी दी है कि बेरोजगार कृषि स्नातक/ कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/ स्नातक योग्यताधारी हों, जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों में यथा- उद्यान, दुग्ध, पशुपालन, वानिकी पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी हो, तथा आई0सी0 ए0आर0/ यू0ज0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हो। आवेदक की आयु 15 मई 2026 तक 40 वर्ष से अधिक न हो, (अनुसूचित जाति/ जनजाति महिलाओं) जो उत्तर प्रदेश का निवासी हो को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट)।पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। आवेदन पत्र के साथ (स्वप्रमाणित समस्त शैक्षिक अभिलेख जैसे हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट व कृषि स्नातक की अंक सूची तथा प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पेन कार्ड व आधार संख्या तथा दो फोटो, मो0नं0) संलग्न किये जायें। योजनान्तर्गत जनपद में कुल लक्ष्य 18 निर्धारित किया गया है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : लखीमपुर खीरी के शिवालयों में गूंजा ओंकार, रुद्राभिषेक व भजन–कीर्तन

❐ विद्यालयों में रंगोली, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता से बच्चों ने भी दिखाई सहभागिता

❐ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर स्क्रीन पर देखा पीएम का संबोधन, लोगों ने देखा लाइव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सोमवार को जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय से लेकर सभी ब्लॉकों एवं शिवालयों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ संपन्न कराई गईं।

सुबह से ही शिवालयों में घंटा-घड़ियाल और ओंकार जाप की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। स्वच्छता अभियान के साथ शुरू हुए कार्यक्रमों में रुद्राभिषेक, महाआरती और दीपोत्सव ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। हर ओर ॠ? नमः शिवायॠ की गूंज और दीपों की जगमगाहट ने वातावरण को अलौकिक बना दिया।

जिला स्तर पर फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देते हैं। इस दौरान सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन और भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।कार्यक्रम के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का सीधा प्रसारण भी विभिन्न स्थानों पर स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया, जिसे लोगों ने बड़े ध्यानपूर्वक देखा। इस दौरान पीएम के भाषण की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। विकास खंड स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की निगरानी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिवालयों को दीपों एवं पुष्पों से सजाया गया। विद्यालयों में भी इस अवसर पर रंगोली, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## साथी पोर्टल से होगा बीज व्यवसाय और नियम उल्लंघन पर होगी कार्यवाही : जिला कृषि अधिकारी

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता**। किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीजों की उपलब्धता एवं वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विकसित ॠसाथी पोर्टलॠ के माध्यम से बीज उत्पादन एवं व्यवसाय को अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार ने शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुये जनपद के सभी बीज उत्पादकों, डीलरों, वितरकों एवं संबंधित संस्थाओं को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभिजनक बीज उत्पादन करने वाली सभी संस्थाएं अब साथी पोर्टल के माध्यम से ही बीज उत्पादन एवं विक्रय करेंगी। साथ ही विभिन्न बीज उत्पादक संस्थाओं द्वारा आवश्यक बीजों की मांग के अनुरूप अभिजनक बीज की मांग भी भारत सरकार को इसी पोर्टल के माध्यम से भेजी जायेगी। उन्होंने बताया कि एसपीए द्वारा स्टॉक हस्तांतरण, बिक्री एवं बीज वापसी की संपूर्ण प्रक्रिया साथी पोर्टल के माध्यम से ही संचालित होगी। जो डीलर अथवा डिस्ट्रीब्यूटर अभी तक पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं, उनके साथ किसी प्रकार का बीज व्यवसाय नहीं किया जाएगा। राजेश कुमार ने कहा कि जनपद के सभी डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर, बीज व्यवसायी, सहकारी एवं सरकारी बीज विक्रय केंद्रों को साथी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना होगा। साथ ही पोर्टल पर ही डिजिटल रूप से स्टॉक प्राप्ति, किसान स्तर तक की बिक्री तथा बीज वापसी का रिकॉर्ड दर्ज करना होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि साथी पोर्टल पर दर्ज स्टॉक और प्रतिष्ठान में उपलब्ध भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध बीज अधिनियम–1966, बीज नियम–1968, बीज नियंत्रण आदेश–1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि ट्रुथफुल बीजों के स्टॉक प्रबंधन, स्थानांतरण एवं बिक्री भी साथी पोर्टल के रैपिड एवं होलिस्टिक मॉड्यूल के माध्यम से ही की जाएगी। इसके अतिरिक्त सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी संस्थाएं, निजी कंपनियां, फर्में एवं एफपीओ को भी पोर्टल पर पंजीकरण कर उसी के माध्यम से बीज व्यवसाय करना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी संबंधितों से शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा के खिलाफ मुखर हुई मातृशक्ति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ बिल्सी विधानसभा की महिला कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के समर्थन में किया गया धरना-प्रदर्शन

बदायूँ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के अंतर्गत वर्ष 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा ऐतिहासिक विधेयक लाया गया, लेकिन सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के प्रति अपनी नकारात्मक मानसिकता को उजागर किया।

इसी के विरोध में महिला जन-आक्रोश अभियान के अंतर्गत विपक्षी सांसद के विरुद्ध क्रमिक कार्यक्रम के दूसरे दिन बदायूँ लोकसभा के सपा सांसद आदित्य यादव के आवास के निकट लक्ष्मीबाई चौक, डीएम चौराहा, बदायूँ में बिल्सी विधानसभा की महिला कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया गया तथा सपा के खिलाफ नारेबाजी की गई। क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रेनू सिंह ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने का कार्य कर रही है, लेकिन विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। चैयरमैन बिल्सी ज्ञानवती सागर ने कहा लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय देश की मातृशक्ति को सम्मान और अधिकार देने वाला है। भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर केवल राजनीति करने का कार्य करता रहा है। जिला मंत्री आरती कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिये गये हैं। महिला आरक्षण विधेयक भी उसी दिशा में एक बड़ा कदम है, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को रोकने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष अमिता उपाध्याय, जिला मंत्री रचना शंखधार, क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रजनी मिश्रा, करुणा सोलंकी, जया साहू, छाया शर्मा, रेखा उपाध्याय, वंदना शर्मा, ममता वर्मा जी, पूनम शर्मा, ममता वाल्मीकि, रेनू वाल्मीकि, गुड्डी राजपूत, प्रवेश सिन्हा, नीलू मिश्रा आदि महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## डीएम ने एम्स का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा लिया

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली के मुंशीगंज परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन से मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम्स डॉ नीरज श्रीवास्तव सहित चिकित्सकगण एवं अस्पताल प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा से लगने वाले जाम को लेकर व्यापार मंडल ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

संभल। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस क्षेत्रा अधिकारी दीपक तिवारी को एक ज्ञापन सौपा, जिसके माध्यम से कहा गया है कि इस वक्त नगर चंदौसी में ई रिक्शा से लगने वाले जाम की समस्या से त्राहि त्राहि मची है व्यापारी वर्ग हो या आम नागरिक हर शख्स इस समस्या से परेशान है इसकी मुख्य वजह है की नगर में कुकुरमुत्ता की तरह से ई रिक्शा का संचालन होना अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पहले भी व्यापार बंधु की बैठक में इस मुद्दे को उठा चुका है। व्यापार मंडल ने सुझाव देते हुए कहा कि ई-रिक्शाओं को 4 जोन में नगर में बांटा जाए हरा लाल पीला नीला और इस पर नंबर डाले जाएं एक दो तीन चार ई-रिक्शाओं के चालकों को निर्देशित किया जाए कि वह इन नंबरों और रंगों के हिसाब से ई रिक्शा चलाईं जिससे नगर में जाम की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा और लोगों को राहत मिलेगी इसके अलावा जो नाबालिक बग़ैर रजिस्ट्रेशन की बगैर ड्राइविंग लाइसेंस की रिक्शा चला रहे हैं उनका चालान किया जाए और बाहरी व्यक्तियों की नगर में ही रिक्शा चलाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता सुभाष पाल चिंटू शर्मा रमेश ग्रेवाल अनुज वार्ष्णेय नवाकांता शर्मा सभासद आदि लोग मौजूद थे

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के चलते जिले के शिवालयों में आयोजित किये गये कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जिलाधिकारी द्वारा ग्राम सादातवाडी के प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव जी के मंदिर पहुँच कर किये महादेव जी के दर्शन

❒ महिलाओं द्वारा व्यापक सहभागिता के साथ निकाली जा रही कलश यात्रा को जिलाधिकारी द्वारा पूजा अर्चना कर किया रवाना

सम्भल , बहजोई। जनपद के शिवालयों ( शिव मंदिर) ग्राम सादातवाडी के प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव जी मंदिर, खग्गु सराय स्थित कार्तिकेय मंदिर सम्भल तथा सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर सम्भल आदि में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत राज्य स्तरीय/ ज्योतिर्लिंग के आयोजन को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शिवालयों में मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, महा आरती, रुद्राभिषेक, दीपोत्सव, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन आदि कार्यक्रम हुए। महिलाओं की व्यापक सहभागिता के साथ कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गीत भी प्रमुखता से ध्वनित किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा श्री पातालेश्वर महादेव जी मंदिर सादातवाडी विकास खण्ड बहजोई पहुँच कर पूजा अर्चना करते हुए महादेव जी के दर्शन किये तथा शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा महिलाओं द्वारा व्यापक सहभागिता के साथ निकाली जा रही कलश यात्रा को पूजा अर्चना कर रवाना किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा मंदिर पर उपस्थित ग्रामीणों तथा श्रद्धालुओं द्वारा सोमनाथ से मा. प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थित में आयोजित ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी पवांसा अमर जीत सिंह एवं ग्राम प्रधान तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास, श्रद्धा भाव व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत जनपद स्तरीय/ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम का आयोजन जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर, नगर निकायों में हर्षोल्लास, श्रद्धा भाव व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय से बिरुआ बाड़ी मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा बिरुआ बाड़ी मंदिर में सोमनाथ में मा0 प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का तथा वाराणसी में मा0 राज्यपाल व मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। सोमनाथ भारत की अजय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारो के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्मसम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को गरिमामयी व श्रद्धा भाव ढंग से मनाने के उद्देश्य से जनपद के जिला मुख्यालय, तहसील, ब्लाक स्तर व नगर निकायों स्तर पर विभिन्न मंदिरों (शिवालियों) में स्वच्छता अभियान, मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, रूद्राभिषेक, महाआरती आदि कार्य व कार्यक्रम किए गए।सोमनाथ गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री ने रुद्राभिषेक किया व विधिवत पूजा अर्चना की। वाराणसी में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ संकल्प महोत्सव का भव्य आयोजन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जनपद के जिला मुख्यालय स्थित बिरुआ बाड़ी मंदिर, गौरी शंकर मंदिर तथा विभिन्न नगर निकायों में स्थित मंदिरों (शिवालियों), खंड विकास स्तर व तहसील स्तर पर स्थित विभिन्न शिवालयों में यह कार्यक्रम बड़ी आस्था व श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय के लिए अपर अधिकारी प्रशासन/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को व तहसील स्तर पर संबंधित उप जिलाधिकारी तथा विकास खंड स्तर पर संबंधित खंड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया था।बिरुआ बाड़ी मंदिर के कार्यक्रम के दौरान नगर मजिस्ट्रेट सुरेश पाल,सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बदायूं विनय मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पशुशाला के बाहर मिला शव, पेड़ पर दुपट्टा बंधा मिलने से उलझा मामला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ मृतक के परिजनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है

बदायूँ। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव नरऊ में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सोमवार सुबह उसका शव पशुशाला के बाहर पड़ा मिला। पशुशाला के अंदर पेड़ की टहनी से दुपट्टा बंधा था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव नरऊ में सोमवार सुबह एक युवक का शव पशुशाला के बाहर पड़ा मिला।

मृतक के परिजनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं घटनास्थल पर पेड़ से दुपट्टा लटका मिलने के बाद मामला और उलझ गया। पुलिस फिलहाल हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। गांव नरऊ निवासी 20 वर्षीय अमन का शव सोमवार सुबह घर के पास स्थित पशुशाला के बाहर पड़ा देखा गया। शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही उझानी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक के भाई अमरपाल ने आरोप लगाया कि अमन की गला दबाकर हत्या की गई है। उनका कहना है कि हत्या के बाद शव को पशुशाला के दरवाजे पर लाकर डाल दिया गया। अमरपाल के मुताबिक रविवार को गांव के ही चार-पांच लोगों ने रास्ते में अमन को घेरकर उसके साथ मारपीट की थी। इस मामले की शिकायत अमन और उसके पिता पिंटू सिंह ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे तक अमन निर्माणाधीन बाईपास के पास परिवार और ग्रामीणों के साथ मौजूद था। इसके बाद वह अचानक लापता हो गया। परिवार का आरोप है कि बाइपास के पास से ही आरोपियों ने अमन को पकड़ लिया और बाद में उसकी हत्या कर शव पशुशाला के बाहर डाल दिया। घटनास्थल की परिस्थितियों ने मामले को और उलझा दिया है। पुलिस को पशुशाला के भीतर पेड़ की टहनी से एक दुपट्टा लटका मिला है। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि शव पहले पेड़ पर लटका हुआ दिखाई दिया था। बाद में शव किसने नीचे उतारा और दरवाजे के पास क्यों रखा गया, यह भी जांच का विषय बना हुआ है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने शव, दुपट्टे और चारपाई समेत अन्य स्थानों से नमूने जुटाए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

## निमंत्रण समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम समरेहदा में एक निमंत्रण समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। गाली–गलौज के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिससे गांव में देर रात अफरा–तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के कुल 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि, पुलिस के अनुसार घटना 10 मई 2026 की रात करीब 11:30 बजे ग्राम समरेहदा में हुई। बताया जाता है कि, गांव में ही एक निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक–दूसरे के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए हाथापाई की। घटना की सूचना पुलिस को 11 मई दिन सोमवार को दी गई, जिसके बाद थाना चंदापुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस मामले में पुलिस ने मु0अ0सं0 0030/2026 के तहत बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 191(2) में मुकदमा दर्ज किया है। प्रथम पक्ष से राजन मौर्य, श्रीकांत, श्यामबिहारी, शुभम, सुजीत और आनंद निवासी ग्राम समरेहदा को नामजद किया गया है। वहीं द्वितीय पक्ष से पप्पू सिंह उर्फ रणधीर सिंह, स्वप्निल सिंह, अंकुर सिंह, नितिन तथा अर्पित के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना चंदापुर पुलिस का कहना है कि, मामले की जांच की जा रही है तथा घटना में शामिल सभी आरोपियों की भूमिका के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

## डीपीआरओ के निर्देश पर 11 मई को जनपद के सभी शिव मंदिरों में मनाया जायेगा सोभनाथ स्वाभिमान पर्व

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) शौम्यशील सिंह के निर्देशानुसार 11 मई 2026 को जनपद के सभी शिवालयों एवं शिव मंदिरों में सोभनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य आयोजन किया गया।इसी क्रम में मोन ग्राम पंचायत स्थित महर्षि बाबा ओरीदास मंदिर प्रांगण में सुबह से ही धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का विशेष आयोजन देखने को मिला। आपको बता दें कि, कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रधान श्याम कला एवं उनके प्रतिनिधि अमरेश कुमार के नेतृत्व में मंदिर परिसर की साफ–सफाई अभियान से हुई। इसके पश्चात भजन–कीर्तन, वैदिक मंत्रोच्चारण तथा श्री सुंदरकांड पाठ का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बने। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, एडीओ पंचायत सीताराम, अजीत, अमरेंद्र कुमार, मनोज यादव, शिवकांत, इसरार अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही। खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि, ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में स्वच्छता, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने बताया कि, ग्राम पंचायत स्तर पर जनसहभागिता के साथ ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे सामाजिक समरसता और स्वच्छता अभियान को मजबूती मिले। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार ने कहा कि, ग्राम स्तर पर धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का यह प्रयास अत्यंत सफल रहा। उन्होंने सभी ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन आगे भी निरंतर किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मनोज कोटेदार, रिंकु शाह, ग्राम रोजगार सेवक कुलदीप सिंह, भगवान दीन, राजकुमार सिंह, संत लाल यादव, राम मूर्ति, राघवेंद्र सिंह, रोहित मौर्य, राम लखन यादव, मंदिर के महाराज झब्बूदास, राम सिंह, धनंजय सिंह, अंशुमान मिश्रा, राजकुमार लोधी, रोहित, जंग बहादुर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्व–गणना अभियान के तहत विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद रायबरेली स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (क्वब्द्ध) रायबरेली में जनगणना 2027 के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक संचालित स्व–गणना अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थागत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों, निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्व–गणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन स्व–गणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं की स्व–गणना करने हेतु प्रेरित किया गया तथा कई प्रतिभागियों द्वारा मौके पर ही अपनी स्व–गणना पूर्ण की गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 देश के विकास, योजनाओं के निर्माण एवं संसाधनों के उचित वितरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में यह भी अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में स्व–गणना की सुविधा 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक उपलब्ध है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की कि वे स्वयं स्व–गणना करने के साथ–साथ अपने परिवार, परिचितों एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि जनगणना 2027 को सफल एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

## आयुष्मान भारत योजना में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम व जनपद रायबरेली प्रदेश में 17वें स्थान पर

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद रायबरेली में निर्धारित लक्ष्य 342150 (परिवार) के सापेक्ष वर्तमान तक 310892 परिवारों के 90.86 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना लिए गए है तथा जनपद में 1481761 लाभार्थियों के सापेक्ष वर्तमान 922535 लाभार्थियों के 62.26 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना लिए गये है। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,उ0प्र0 शासन के 03 अप्रैल,2026 के पत्र के क्रम में जनपद रायबरेली आयुष्मान कार्ड निर्गत करने में प्रदेश में *17वें* पायदान पर है। जनपद रायबरेली ने उक्त रैंक मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली डॉ0 नवीन चंद्र के कुशल निर्देशन में प्राप्त किया है। जनपद रायबरेली आशा, आंगनवाडी कार्यकत्री, आंगनवाडी सहायिका, 70+ वर्ष या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों एवं जीरो पावर्टी योजना में जनपद रायबरेली प्रदेश स्तर पर क्रमश10वें, 20वें, 20वें, 19वें एवं 17वें पायदान पर है। जनपद में आयुष्मान भारत–प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) द्वारा अवगत कराया गया कि आयुष्मान कार्ड अब लाभार्थी स्वयं से ही बना सकते हैं जिसके क्रम में लाभार्थियों को प्ले स्टोर पर उपलब्ध आयुष्मान ऐप (Ayushman App) को डाउनलोड करके या फिर www.beneficiary.nha.gov.in पर लाभार्थी अपने आधार से लिंक मोबाइल नंबर लॉगिन कर खुद से beneficiary ऑप्शन से आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। जनपद में शेष बचे 559226 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु विशेष कैंप लगाये जा रहे है, जिसमे ए0एन0एम0, सी0एच0ओ0, आयुष्मान मित्रों, पंचायक सहायक, कोटेदार, आशा, संगिनी एवं अन्य के माध्यम से लाभार्थियों को बुलाकर आयुष्मान कार्ड जनपद के समस्त सरकारी अस्पतालों में एवं जिला अस्पताल पुरुष/महिला में बनाये जा रहे है।

# 30 मई तक परम्परागत कारीगर, नि:शुल्क इलैक्ट्रॉनिक चॉक को लेकर कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क माटीकला टूल किट योजना के अर्न्तगत निःशुल्क टूल्स किट्स वितरण योजना में जनपद-बदायूँ के प्रजापति समाज के परम्परागत कारीगर/स्वरोजगार में रूचि रखने वाले युवक/युवतियों को आधुनिक निःशुल्क माटीकला इलैक्ट्रिनिक चॉक निःशुल्क वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट https://upmatikal-aboard.in की ऑनलाइन सेवाओ के अर्न्तगत ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन में आवेदन पत्र 30 मई 2026 तक आमन्त्रित किये जाते है।आवेदको का चयन विभाग द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से किया जायेगा। जिसमें माटीकला कामगारो/परम्परागत कारीगरों एवं आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे, वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो। ऑनलाइन आवेदन जनसेवा केन्द्र/लोकवाणी केन्द्र से कर सकते हैं, ऑनलाइन आवेदन पत्र के डाउनलोड उपरान्त स्वाहस्ताक्षर प्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय-मो0 शहवाजपुर पुरानी चुंगी बरेली रोड बदायूँ में जमा कर सकते है।

# टायर फटने से पलटी स्लीपर बस, एक यात्री की मौत, 30 से अधिक घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। मूसाझाग थाना क्षेत्र में रविवार रात गंगा एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस पलटने से भीषण हादसा हो गया। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई। जबकि 30 से अधिक घायल हो गए। इनमें से कुछ घायलों की हालत नाजुक बताई गई है। गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात भीषण हादसा हो गया। फतेहपुर जिले के खागा से पंजाब के लुधियाना जा रही स्लीपर बस का अचानक टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों में 12 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की चीख-पुकार गूंज उठी। यह हादसा मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सराय पिपरिया के पास गंगा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 202 पर रात करीब 11:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि बस में सवार अधिकांश यात्री सो रहे थे। तभी अचानक तेज धमाके के साथ बस का टायर फट गया। इससे चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। पलटते हुए दूसरी लेन पहुंची बस प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस तीन से चार बार पलटती हुई एक्सप्रेसवे की दूसरी दिशा में प्रयागराज जाने वाली लेन तक पहुंच गई। गनीमत रही कि हादसे के दौरान उस लेन पर कोई वाहन नहीं आ रहा था। अन्यथा हादसा और भी भयावह हो सकता था। हादसे के बाद बस में फंसे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मूसाझाग, दातागंज समेत आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न सीएचसी और अस्पतालों से एंबुलेंस भेजकर घायलों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद बरेली रेफर किया गया, जबकि करीब 22 घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। रात करीब सवा 12 बजे जिला अस्पताल में पंजाब निवासी संपत, बुद्धा यादव, गुनगुन और साहिल समेत कई घायलों को भर्ती कराया गया। वहीं फतेहपुर जिले के खागा निवासी अर्जुन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके दोनों पैर कट गए, जिनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। फतेहपुर निवासी अनुज की मौत हादसे में फतेहपुर जिले के निवासी अनुज की मौत हो गई।

### मौके पर पहुंचे एसपी सिटी

हादसे की सूचना मिलते ही एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह भी घटनास्थल और जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। दातागंज इंस्पेक्टर वेदपाल सिंह ने बताया कि बचाव कार्य देर रात तक जारी रहा। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# नेता संदीप यादव के नेतृत्व में विशाल किसान पंचायत का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । आज भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा विकास खंड सिधौली, जनपद सीतापुर में एक विशाल किसान पंचायत का आयोजन संगठन के युवा नेता संदीप यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। पंचायत में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा भारतीय किसान यूनियन भानु की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय महासचिव कुँवर उदेन्दु प्रताप सिंह उर्फ आशु चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश का किसान अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। बढ़ती महंगाई, खेती की लागत में लगातार वृद्धि, फसलों का उचित मूल्य न मिलना, भ्रष्टाचार एवं किसानों के उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर सरकारों को गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को दबाने का हर प्रयास लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और भारतीय किसान यूनियन भानु किसानों के अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ता रहेगा।

अपने संबोधन में आशु चौधरी ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क शिक्षा अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की तथा किसानों और ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक गरीब, किसान और मजदूर का बेटा समान शिक्षा प्राप्त नहीं करेगा, तब तक देश में वास्तविक समानता स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने ल्लएक समान शिक्षा और एक समान स्वास्थ्य व्यवस्थाङ्क को देश की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर केवल अमीरों का अधिकार नहीं होना चाहिए, बल्कि हर गरीब परिवार को भी बेहतर शिक्षा और इलाज की सुविधा मिलनी चाहिए।आशु चौधरी ने शिक्षा माफियाओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि निजी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों द्वारा मनमानी फीस वसूली कर आम जनता का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी दिनों में भारतीय किसान यूनियन भानु पूरे उत्तर प्रदेश में ल्लसमान शिक्षा अधिकार अभियानङ्क चलाएगा तथा शिक्षा माफियाओं की मनमानी और भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदेश के शिक्षा मंत्री का घेराव किया जाएगा।

उन्होंने किसानों से संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आवाहन करते हुए कहा कि जब तक किसान एकजुट नहीं होगा, तब तक उसकी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। पंचायत में उपस्थित किसानों ने संगठन की नीतियों और संघर्षों पर विश्वास जताते हुए हर आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का भरोसा दिया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत वाराणसी में शोमनाथ संकल्प महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यपाल उप्र आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इसी क्रम में जनपद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन रतापुर स्थिति आरडीए सामुदायिक केंद्र में किया गया, जिसमें अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी द्वारा प्रतिभाग किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया एवं उद्बोधन को सुना गया। भारत की अटूट आस्था के एक हजार वर्ष का उत्सव के अवसर पर जनपद में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा रिफार्म क्लब लॉन से प्रारम्भ होकर खालसा चौक होते हुए जग मोहनेश्वर महादेव मंदिर चंदा कोठी में समाप्त हुई। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय गौरव एवं आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अदम्य शक्ति, संघर्ष और पुनर्निर्माण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश की समृद्ध परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वाभिमान पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा सामाजिक एकता एवं सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोमनाथ का इतिहास भारतीय संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है।

# बिजली संकट और विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्ट्रीय छात्र पंचायत का हल्लाबोल

❒ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्य अभियंता देवीपाटन मंडल के कार्यालय का किया घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जनपद में पिछले आठ दिनों से व्याप्त घोर बिजली संकट और विभाग में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने बिगुल फूंक दिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्य अभियंता देवीपाटन मंडल के कार्यालय का घेराव किया। भीषण गर्मी के बीच कार्यकर्ता कार्यालय के गेट पर ही धरने पर बैठ गए और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस दौरान ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को संबोधित एक ज्ञापन चीफ गोंडा को सौं पा गया है और एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया।



### जनता त्रस्त,गोंडा में अधिकारी मस्त शिवम पांडेय

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शि वम पांडे ने कहा कि पिछले आठ दिनों से पूरा ज नपद अंधेरे में डूबा है।छात्र पढ़ नहीं पा रहे हैं और किसान सिंचाई के लिए परेशान हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जेई और एसडी ओ को लगातार फोन कर रहे हैं,लेकिन अधिकारी जनता का फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझ रहे। जिला प्रशासन की संवेदनहीनता के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। टेंडर और आपदा प्रबंधन में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। वही जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने विभा ग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए क हा कि आंधी-तूफान जैसी आपदाओं से निपटने के लिए विभाग के पास पहले से टेंडर और बजट स्वी कृत होता है।उन्होंने सवाल किया कि ''अगर आप दा से निपटने के लिए पैसा आवंटित था,तो वे खंभे और तार कहाँ गए जो इस समय लगने चाहिए थे ? आठ दिन बीत जाने के बाद भी आपूर्ति बहाल न होना एक बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।''

### बिना बिजली के बिल: भ्रष्टाचार का जीवंत प्रमाण

संगठन ने इटियाथोक ब्लॉक के ग्राम पंचायत 'लो शीशा मुरावनपुरवा' का मामला उठाते हुए बताया कि यहाँ विभाग की लापरवाही चरम पर है।गांव में अभी तक बिजली की लाइन नहीं पहुंची है,लेकिन कागजों पर मीटर दर्ज कर ग्रामीणों को बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं।बिना बिजली दिए बिल वसूल ना विभाग की लूट खसोट को उजागर करता है।

### छात्र पंचायत का एक हफ्ते का अल्टीमेटम

राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने बिजली विभाग के अधिका रियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हुई और भ्र ष्टाचार की जांच नहीं की गई, तो संगठन पूरे जिले में व्यापक आंदोलन छेड़ेगा,जिसकी संपूर्ण जिम्मे दारी बिजली विभाग और जिला प्रशासन की होगी इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेश प्रताप सिंह 'शालू' आदित्य प्रताप सिंह, दिलीप मिश्रा, कृष्णा राजपूत,नीतीश वर्मा,दीनानाथ वर्मा,शुभम तिवारी, हर्षित श्रीवास्तव,अवधेश तिवारी,प्रिंस गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेताओं के समर्थकों को बताया ठेलुआ और गधा: राजन जी महाराज

❒ यदि आप समाज की सुनेंगे तो समाज आपको भगवान बना देगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। श्री राम कथा के दौरान राजन जी महाराज ने नेताओं और विधायकों के साथ घूमने वाले समर्थ कों बताया कि ऐसे लोगों को ठेलुआ और 'कहावत में गधा' बताते हुए कहा कि सामने वाला आपको क्या समझ रहा है,यह सामने वाले को समझने दी जिए। आप अपने आप को क्या समझ रहे हैं, इस पर बने रहिए।

महाराज ने कहा कि यदि आप समाज की सुनेंगे तो समाज आपको भगवान बना देगा, समाज भले कहे कि आप भगवान हैं, लेकिन आप यह न मान लीजिए कि आप भगवान हैं, नहीं तो आपको समस्या हो जाएगी।उन्होंने कहा कि यह कहने वाले लोग ही आपके साथ घूमते हैं, जिन्हें 'ठेलुआ' कहते हैं। राजनजी महाराज ने आगे कहा कि कहीं बड़े लोगों के साथ गाड़ी में बैठ कर पांच से दस लोग बिना मतलब के घूमते हैं, इन्हें



'ठेलुआ' कहा जाता है।उन्होंने एक बार अपने गुरु से पूछा था कि नेताजी के साथ गाड़ी में बैठ कर दस,बारह लोग क्यों आते हैं।उनके गुरु ने उत्तर दिया कि भग वान कभी-कभी घोड़े के साथ दस - बारह गधों को भी बांध देते हैं।यदि गधे लोग नहीं पकड़ेंगे तो घो ड़ा आगे नहीं चला जाएगा।महाराज जी ने यह भी कहा कि अभी चुनाव हुआ नहीं है लेकिन साथ में रहने वाले लोग विधायक जी विधायक जी कहते हुए विधायक बना देते हैं।उन्होंने नेताओं को सचेत करते हुए कहा कि यदि वे अपनी गंभीरता में रहेंगे तो ठीक है,अन्यथा यदि वे मान लेंगे कि वे विधाय क हैं तो उन्हें समस्या हो सकती है।जितने विधाय क जी विधायक जी कर रहे हैं कोई वोट देने वाला नहीं है वह तब तक है जब तक चुनाव तक खाना पानी मिलता रहता है और चकाचक गाड़ी में घूमते रहते हैं खूब आनंद है।आगे राजन जी महाराज ने कहा कि एक व्यक्ति चुनाव हार गया और दरवाजे पर बैठकर के ब्रश कर रहा था उसका पड़ोसी आ या बोला बहुत दुख हुआ आप चुनाव हार गए है। लेकिन मैं आपको बताऊं आपको मेरा पूरा का पू रा परिवार वोट दिया है उस व्यक्ति ने उसको खींच करके एक तमाचा मारा कहा कि झूठा कहीं का ह मारे परिवार में बारह लोग हैं हमको पता है कुल कितना वोट मिला है हमको कुल सात वोट मिला है।हम अपने ही घर के पांच गद्दार को खोज रहे हैं कि हमारे घर का कौन गद्दार है जो हमको वोट न हीं दिया है और तुम्हारा पूरा परिवार हमको वोट दिया है।सावधान रहिए दुनिया आपको क्या समझ रही है उसको समझाने दीजिए आप अपनी समझ में और अपनी चेतना में बने रहिए तभी आप जीव न में आगे बढ़ पाएंगे।

# बीडीओ और एपीओ के ढुलमुल रवैया के कारण वीबी जी राम जी योजना में मची है लूट

❒ छपिया ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में एक ही फोटो से लग रही है कई श्रमिकों की हाजिरी

❒ बौहान,मसकनवा,तेजपुर,सोहिला,सीतलगंज अनुदान, खपरीपारा, शुक्लापुर में लूट की खुली छूट

❒ बिना काम के ही फर्जी मस्टर रोल तैयार कर डकारा जा रहा सरकारी धन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा योजना का नाम बदलकर विकसित भारत जी राम जी कर दि या गया है,केंद्र की मोदी सरकार का दावा है कि ना म बदलने से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी,लेकिन ना म बदलने के बाद भी धरातल पर ऐसा नहीं दिखा ई दे रहा है। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के विकास खंड छपिया, और मनकापुर सहित कई विकासखंडो में फर्जी वाड़ा दिखता है। जहाँ पर लाखो रुपए की सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है और मजदूरों को रो जगार नहीं मिल रहा है।

विभिन्न ब्लॉको में जांच से पता चला कि कारवाई नहीं हुई, फर्जी हाजिरी औ र काम करने का दिखावा किया जा रहा है,यही न हीं मंडलायुकत दुर्गा शक्ति नाग पाल डीएम प्रियं का निरंजन व सीडीओ वीबी जी राम जी योजना में में भ्रष्टाचार को लेकर काफी सख्त रूख अख्ति यार किए हुए हैं बावजूद मनबढ़ और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधान फर्जी मस्टररोल तैयार कर सरकारी धन को लूट रहे हैं।हकीकत तो यह है कि गांवों में धरातल पर कहीं काम चल ही नहीं रहा है,लेकिन कागजों में बड़ी संख्या में श्रमिकों को पसीना बहा ते हुए दिखाया जा रहा है। जिले के छपिया विका स खंड की 18 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चकभूमि समतलीकरण,तालाब की खुदाई, तालाब सौंदर्याकरण आदि कार्य वर्तमान में संचालित हैं। मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार 19 कार्यों में कुल 294 श्रमिकों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जा रही है,प्रतिदिन 74, 372 रूपए रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं,लेकिन मनरेगा से जुड़े कर्म चारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर कागज में खेला करके काम किया जा रहा है।छपिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत बौहान में ऑनलाइन मस्टर रोल में एक कार्य के लिए 27 मज दूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है,जबकि मस्टर रोल में एक ही व्यक्ति की फोटो से कई श्रमिको की हाजरी अपलोड की गई है,जिससे साफ फर्जी वाड़ा दिखाई दे रहा है।वहीं ग्राम पंचायत मसकन वा में काली माता स्थान के बगल तालाब का जी र्णोद्धार कार्य व ममता के घर से नरेश के घर होते हुए अशोक के घर तक सीसी रोड निर्माण दो का र्यों के लिए 46 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है,लेकिन एक भी मजदूर कार्य नहीं कर रहे हैं।कई मस्टर रोल में एक ही श्रमिको की फोटो अ पलोड किया जा रहा है।यहां मनरेगा के कार्यों के लिए श्रमिकों की हाजिरी कागज में लगाई गई है।ग्राम पंचायत तेजपुर, सोहिला आदि भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है।इन ग्राम पंचायतों के अलावा कई अन्य ग्राम पंचायतें भी हैं,जहां डंके की चोट पर म नरेगा योजना को पलीता लगाया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता



बहराइच । राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत बहराइच द्वारा श्री मानस इंटर कालेज विशुनपुर राहू में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जनपद बहराइच के विभिन्न युवा मंडलों के युवक युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री मानस इंटर कॉलेज रमेश चंद्र मिश्र व विशिष्ट अतिथि जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र द्वारा उपस्थित युवक-युवतियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवक-युवतियों द्वारा भी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के विषय में अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन लेखाधिकारी इंद्रसेन चौधरी ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी सोनम वर्मा, आशीष पांडेय, देवकीनंदन मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम का आदेश ठेगें पर, झोलाझाप डॉक्टरों पर मेहरबान स्वास्थ्य महकमा

❒ स्वास्थ्य मंत्री ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने सख्त आदेश दिया था लेकिन सीएमओ ने डिप्टी सीएम के आदेश को गौर फरमाने की जरूरत नहीं समझी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले का स्वास्थ्य महकमा झोलाछाप डॉक्ट रों पर मेहरबान है।जिले में अवैध क्ली निक पैथो लॉजी व मेडिकल स्टोर की भरमार है। स्वास्थ्य मंत्री के आदेश व कलेक्टर के निर्देश के बावजूद स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई करने में लापरवाही बरत रहा है। जिससे झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने सख्त आदेश दिया था लेकिन सीएमओ ने डिप्टी सीएम के आदेश को गौर फरमाने की जरूरत नहीं समझी है।जबकि जिले में सैकड़ों की संख्या में लोग बगैर डिग्री व बिना रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक संचालित कर रहे हैं।

### एक कमरे में संचालित हो रहे सैकड़ों क्लीनिक

शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक सैकड़ों की संख्या में क्लीनिक संचालित होने का दावा खुद स्वास्थ्य विभाग करता है,लेकिन कार्रवाई से कन्नी काट रहे हैं।हैरान करने वाली बात यह है कि छोटे से एक कमरे में मरीजों को भर्ती कर उनका अनाड़ी लोग इलाज कर रहे हैं।साथ ही मरीजों को गंभीर बीमारी बताकर रुपए ऐंठ लेते हैं।ग्रामीण अंचल की बात तो दूर शहर में ऐसे कई क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालित हैं।स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर यह सब जानते हुए भी अनजान बनकर बैठे हैं।उन्हें मरीजों के जान की परवाह नहीं है।जिला अस्प ताल से अधिक भीड़ अवैध क्लीनिक में देखने को मिलती है।यहां मरीज लूट रहे हैं।

### पैथोलॉजी सेंटरों का नहीं है रजिस्ट्रेशन

जगह-जगह पर जांच केन्द्र खोले गए हैं लेकिन यह जानकर हैरानी होगी कि रजिस्ट्रेशन किसी सेंटर का नहीं है।सभी अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं।दिखावे के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मुहिम चलाकर खानापूर्ति के लिए अवैध पैथो लॉजी सेंटरों पर कार्रवाई किया था।इसके बाद कार्रवाई करना स्वास्थ्य विभाग भूल गया है।अवैध रुप से संचालित जांच सेंटरों पर अलग-अलग शुल्क लिया जा रहा है।सामान्य जांच का शुल्क भी दो सौ रुपए तक लिया जा रहा है।जांच सेंटरों पर जिला अस्पताल के डाक्टर मेहरबान हैं।अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों को बाहर जांच कराने की सलाह दी जा ती है।पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर पर डिग्री धारक रेडियोलॉजिस्ट और सोनोलॉजिस्ट की व्यवस्था नहीं है।

# गोंडा के प्राचीन दुखहरनाथ शिव मंदिर से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर निकली भव्य कलश यात्रा

❒ कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं दयानंद प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत राज्य स्तरीय ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम के अवसर पर शुक्रवार को बाबा दु:खहरण नाथ मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं दयानंद प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों ने सहभागिता कर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई।श्रद्धालु महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर कलश रखकर भक्ति गीतों और जयकारों के बीच यात्रा निकाली। मंदिर परिसर हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उ ठा।यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु, जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी




मौजूद रहे।डीएम ने बाबा दु:खहरण नाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा जनपद की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।सीडीओ ने भी मंदिर में जलाभिषेक कर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को समाज में आस्था और एकता का प्रतीक बताया।इस दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों की सराहना की।सुरक्षा व्यव स्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी, सामाजि क संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धा लु उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

# महाराजा सुहेलदेव के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

❒ कार्यक्रम का आयोजन महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। राष्ट्र रक्षक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव विजय महोत्सव कार्यक्रम सोमवार को चित्तौरा झील स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक सभागार में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सनातन समाज के उत्थान के संकल्प के साथ संपन्न हो गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ विचारक मिहिर ध्वज सिंह (संत मुरारी दास) ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव मध्यकाल के पराक्रमी और यशस्वी सम्राट थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं को चित्तौरा की धरती पर पराजित कर सनातन समाज की विजय पताका पूरे देश में फहराई थी। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव की गौरवगाथा




को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है तथा समाज की एकता और अखंडता से ही राष्ट्र सशक्त बना रहेगा। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य नीरज कुमारी गौतम ने कहा कि महिलाओं ने सनातन काल से समाज को सही दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करने पर बल देते हुए जात-पात और ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष अवध संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि अवैध नशा कारोबार और उसके बढ़ते प्रभाव से समाज में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने इसके खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाने की आवश्यकता जताई।कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी एवं साहित्यकार शैलेन्द्र मिश्र ने किया। अध्यक्षता नगरौर स्थित हनुमंत धाम आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुदेवाचार्य जी ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुहेलदेव सेवा समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने किया।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक हरीशचंद्र गुप्ता, अध्यक्ष कृष्ण मोहन गोयल, संघ चिंतक ओम प्रकाश सक्सेना, महिला नेत्री निशा शर्मा, साहित्यकार रमेश चंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार, अजय कुमार, श्रवण द्विवेदी एडवोकेट, आशीष शर्मा, रामचन्द्र सिंह, संजय सिंह, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, महंत बेरिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने महाराजा सुहेलदेव की विजय गाथा को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

# एसएसबी की मुस्तैदी से सीमा पार तस्करी पर रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ एसएसबी जवानों ने शनिवार तड़के सीमा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो नेपाली तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध सामान बरामद किया

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 59वीं वाहिनी नानपारा को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसबी जवानों ने शनिवार तड़के सीमा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो नेपाली तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से घरेलू उपयोग के सामान, खाद्यान्न और अन्य सामग्री जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार, एसएसबी की सीमा चौकी सालारपुर को खुफिया शाखा (एसीएन/एलए) से सूचना मिली थी कि कुछ लोग भारत से नेपाल अवैध रूप से सामान ले जाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक (जीडी) चमन सिंह के नेतृत्व में पांच जवानों की विशेष नाका पार्टी गठित कर सीमा स्तंभ संख्या-680 के निकट भारतीय क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई। शनिवार सुबह करीब 4:50 बजे जवानों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को साइकिलों पर भारी बैग लादकर नेपाल की ओर जाते देखा। जवानों द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने पर दोनों भागने लगे, लेकिन एसएसबी टीम ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नेपाल के जिला बर्दिया निवासी पवन कुमार लोध (23) पुत्र बदलू लोध तथा अश्वनी कुर्मी (29) पुत्र शंकर कुर्मी के रूप में हुई है। दोनों नेपाल के थाना गुलरिया क्षेत्र के ग्राम अशापुर के रहने वाले बताए गए हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 474 छाते, स्टील के विभिन्न बर्तन, टिफिन, पलटा, चाकू, छन्नी, स्टैंड, कूलर फैन, करीब 120 किलोग्राम मटर, टॉयलेट सीट तथा दो साइकिलें बरामद की गईं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सामान सालारपुर बाजार से खरीदकर नेपाल ले जाया जा रहा था, जहां उसे बेचकर मुनाफा कमाने की योजना थी। एसएसबी ने गिरफ्तार दोनों तस्करों एवं बरामद सामान को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय मिहींपुरवा के सुपुर्द कर दिया है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि सीमा पर तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए लगातार सघन निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

## एडीएम की अध्यक्षता में स्व-गणना अभियान का आयोजन

रायबरेली। जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्व-गणना अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आज जनपद रायबरेली के बचत भवन में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रायबरेली कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन, अध्यक्ष जिला कलेक्ट्रेट कर्मचारी संगठन, अध्यक्ष एवं महामंत्री सेंट्रल बार एसोसिएशन दीवानी परिषद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके पश्चात जिला जनगणना अधिकारी द्वारा जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह एवं अन्य न्यायाधीश को जनपद न्यायालय में स्व-गणना के बारे में जानकारी देते हुए सभी की स्व-गणना कराई गई।

# जनपद में 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है ढैचा का बीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ ढैचा बीज का निर्धारित दर रू. 15,500 कुण्टल निर्धारित है जिस पर कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान देय है

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि खरीफ 2026 में जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडार पर हरी खाद में प्रयोग करने के लिए ढैचा का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है।

ढैचा बीज का निर्धारित दर रू. 15,500 कुण्टल निर्धारित है जिस पर कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान देय है। डॉ. यादव ने जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि धान की खेती करने वाले खेत में इस समय ढैचा की बुवाई करें और 40 से 45 दिन बाद ढैचे की पलटाई करके इसी खेत में धान की रोपाई करें जिससे रासायनिक उर्वरक की निर्भरता में 10 से 20 प्रतिशत तक कमी आती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ढैचा की बुवाई करने से मिट्टी में कार्बनिक तत्व की मात्रा में वृद्धि होती है तथा नाइट्रोजन की आवश्यकता में भी कमी आती है जिससे यूरिया खाद का प्रयोग कम करना पड़ेगा। साथ ही मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा अधिक होने से सिंचाई भी कम करनी पड़ेगी जिससे डीजल की खपत में भी कमी होगी। उन्होंने बताया कि ढैंचा की बुवाई का यह सबसे उपयुक्त समय मई माह का प्रथम पखवाड़ा है। धान की रोपाई से पहले इसे हरी खाद के रूप में उगाने से मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है और जमीन की उर्वरता सुधरती है। ढैंचा के प्रयोग से फसल उत्पादन में भी 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। किसानों को प्रति एकड़ 18 से 20 कि.ग्रा. बीज का उपयोग करना चाहिए।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कम लागत में बेहतर खेती के लिए ढैचा बेहतर विकल्प है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक ढैंचा की खेती में ज्यादा जुताई या अतिरिक्त खाद की जरूरत नहीं होती है। यह फसल खुद ही मिट्टी में पोषक तत्व बढ़ाने का काम करती है। बेहतर परिणाम के लिए किसान सीमित मात्रा में सुपर फॉस्फ़ेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। मिट्टी की सेहत सुधारने में मददगार रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से खराब हो रही मिट्टी की सेहत के बीच ढैंचा किसानों के लिए किफायती और असरदार विकल्प बनकर उभरा है। कम लागत और कम मेहनत में तैयार होने वाली यह फसल न केवल पैदावार बढ़ाने में मदद करती है, बल्कि भूमि की गुणवत्ता सुधारने में भी अहम भूमिका निभा रही है।

## सम्पादकीय

# क्षेत्रीय दलों पर भारी पड़ रही भाजपा

भाजपा उस राजनीतिक विमर्श को भी ध्वस्त कर रही है कि उसे चुनौती देने का जो काम देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस नहीं कर पा रही, वह क्षेत्रीय दल बखूबी कर रहे हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम बहुमत और कांग्रेस के 44 सीटों पर सिमट जाने से वह विमर्श शुरू हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों ने भी उसे बल प्रदान किया लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से वह कमजोर पडने लगा है। बेशक 2024 में भाजपा को मात्र 240 सीटों पर रोक देने में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तमिलनाडु में द्रमुक और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने उसमें अहम भूमिका निभाई। बेशक कांग्रेस की सीटें भी 52 से बढ़ कर 99 हो गईं लेकिन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह क्षेत्रीय दलों के सहारे 'परजीवी' है। बात गलत भी नहीं थी, इन राज्यों में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से गठबंधन के सहारे ही चुनाव लडने को मजबूर है। बेशक हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकारें हैं, पर पहले दोनों राज्य लोकसभा सीटों की संख्या के लिहाज से ज्यादा प्रभावी नहीं हैं। शायद इसीलिए 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा के निशाने पर क्षेत्रीय दल और उनकी सरकारें ज्यादा नजर आती हैं। कांग्रेस के अघोषित नेतृत्व वाला विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन स्वाभाविक ही भाजपा के 240 सीटों पर सिमट जाने को अपनी सफलता मान रहा था लेकिन उसके बाद से उसके हिस्से हार के झटके ही ज्यादा आए हैं। सिर्फ झारखंड और जम्मू-कश्मीर ही अपवाद रहे, जहां कांग्रेस की उपस्थिति का सत्ता राजनीति में ज्यादा अर्थ नहीं है। जम्मू-कश्मीर में नैशनल कान्फ्रैंस का ही दबदबा है तो झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का और विधानसभा चुनाव के बाद दोनों की ही कांग्रेस से दूरियां बढ़ती दिख रही हैं। 48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन 30 सीटें जीत गया। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 13 सीटें जीतीं तो उद्धव की शिवसेना ने 9, जबकि शरद पवार की राकांपा ने 8। तमिलनाडु में भी इंडिया गठबंधन 39 में 35 सीटें जीतने में सफल रहा। पश्चिम बंगाल में भी तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को 12 सीटों पर समेटते हुए 42 में से 29 लोकसभा सीटें जीत लीं। अलग लड़ी कांग्रेस भी एक सीट जीत गई। 20 सीटों वाले केरलम् में भी कांग्रेस नीत यू.डी.एफ. 18 सीटें जीत गया, जबकि तत्कालीन सत्तारूढ़ एल.डी.एफ. के हिस्से 1 ही सीट आई। भाजपा भी पहली बार अपना खाता खोलने में सफल रही। बेशक यू.डी.एफ. की 18 में से 14 सीटें कांग्रेस की रहीं लेकिन केरलम् में गठबंधन राजनीति एक अनिवार्यता रही है। इसलिए कांग्रेस की सीटें बढ़ कर 99 हो जाने के बावजूद भाजपा के तेज रफ्तार विस्तार पर नियंत्रण में क्षेत्रीय दलों की अहम् भूमिका है। बेशक चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी, नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड, जयंत चौधरी का राष्ट्रीय लोकदल, एकनाथ शिंदे की शिवसेना, स्वर्गीय अजित पवार की राकांपा के अलावा तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक, भाजपानीत राजग में शामिल हैं लेकिन नवीन पटनायक का बीजू जनता दल, हेमंत सोरेन का झामुमो, लालू-तेजस्वी का राजद, अखिलेश यादव की सपा, एम.के. स्टालिन का द्रमुक, उमर अब्दुल्ला की नैशनल कान्फ्रैंस, अरविंद केजरीवाल की 'आप' और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम बड़े क्षेत्रीय दल उससे दूरी बनाए हुए हैं। संयोग कहें या प्रयोग, 2024 से ही इन दलों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पटनायक के बीजद की दशकों पुरानी सत्ता ओडिशा में तो भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ हुए विधानसभा चुनाव में ही उखाड़ फैंकी थी, महाराष्ट्र में चंद महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में पासा पलट दिया, जब विपक्ष हाशिए पर चला गया। भारतीय राजनीति में धूमकेतु की तरह चमके केजरीवाल की 'आप' से भी भाजपा ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में सत्ता छीन ली।

# मध्य प्रदेश में ग्रामीण क्रांति: 1800 करोड़ का सड़क जाल और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय

भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और किसी भी राज्य की समग्र प्रगति तब तक सुनिश्चित नहीं की जा सकती, जब तक कि उसके ग्रामीण अंचल मुख्यधारा से न जुड़ें। मध्य प्रदेश, जो देश का हृदय स्थल है, वर्तमान में एक ऐसी ही बुनियादी ढांचागत क्रांति का साक्षी बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सशक्त समन्वय से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की तकदीर बदलने के लिए 1800 करोड़ रुपये से अधिक की नई सड़क परियोजनाओं का शंखनाद किया गया है। यह निवेश केवल डामर और गिट्टी का बिछना मात्र नहीं है, यह उन लाखों ग्रामीणों के सपनों को नई उड़ान देने का सशक्त जरिया है, जो दशकों से बारहमासी सड़कों की प्रतीक्षा कर रहे थे। विकास की इस नई इबारत को हाल ही में एक भव्य स्वरूप तब मिला, जब केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के लोकसभा क्षेत्र के भैरूंदा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन ने न केवल विकास कार्यों को गति दी, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि डबल इंजन की सरकार ग्रामीण उत्थान के लिए कितनी संकल्पित है। भैरूंदा की धरा से शुरू हुआ यह सड़क जाल प्रदेश के सुदूर वनांचलों, आदिवासी क्षेत्रों और सीमावर्ती गाँवों तक विकास की नई रोशनी पहुँचाने के लिए तैयार है।

कनेक्टिविटी का नया युगः पीएमजीएसवाय-4 और पीएम जन-मनः प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के चौथे चरण के अंतर्गत मध्य प्रदेश को 1763 करोड़ रुपये की लागत वाली 2117 किलोमीटर लंबी सड़कों की स्वीकृति मिली है। यह विशाल नेटवर्क राज्य के उन हिस्सों को कवर करेगा जहाँ अब भी आधुनिक कनेक्टिविटी का अभाव था। इन नई सड़कों के माध्यम से लगभग 987 ग्रामीण बसाहटें पहली बार मुख्य सड़क मार्गों से सीधे जुड़ेंगी। यह उन क्षेत्रों के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है जहाँ बारिश के चार महीनों में आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता था। वहीं, जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए समर्पित 'पीएम जन-मन' अभियान के तहत 261 करोड़ रुपये की लागत से 384 किलोमीटर सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। यह केवल एक प्रशासनिक आंकड़ा नहीं है, बल्कि उन 168 जनजातीय बहुल बसाहटों के लिए जीवन की नई किरण है, जो अब तक दुर्गम और कटे हुए माने जाते थे। इन क्षेत्रों में सड़कों का पहुँचना शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला, आयुष्मान और कौशल विकास के प्रभावी क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

सड़कों का सामाजिक और आर्थिक प्रभावः ग्रामीण अंचलों में सड़क केवल रास्ता नहीं होती, वह विकास की रेखा होती है। पक्की सड़कों ने सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर डाला है। अब स्कूल जाने वाले बच्चों की राह आसान हुई है, जिससे ग्रामीण साक्षरता दर में वृद्धि हो रही है। विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में जहाँ स्कूल दूर हुआ करते थे, अब स्कूल बसों और छोटे वाहनों का पहुँचना सुलभ हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो आपातकालीन स्थितियाँ अब जीवन के लिए खतरा नहीं बनतीं। जननी एक्सप्रेस और 108 एम्बुलेंस अब कम समय में सुदूर गाँवों तक पहुँच रही हैं, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में बड़ी सफलता मिल रही है। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो बेहतर कनेक्टिविटी के कारण गाँवों में लघु और कुटीर उद्योगों को अभूतपूर्व बढ़ावा मिल रहा है। दूध, सब्जी और अन्य दैनिक उत्पादों की सप्लाई चेन मजबूत होने से ग्रामीणों की सीधी पहुँच शहरी मंडियों तक हो गई है। किसान अब अपनी फसल को खराब होने से पहले सही दाम पर बेच पा रहा है, जो 'आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश' के सपने को सच कर रहा है। गुणवत्ता और रखरखाव में मध्य प्रदेश का कीर्तिमानः मध्य प्रदेश आज ग्रामीण सड़क निर्माण और उनके रखरखाव के मामले में पूरे देश में अग्रणी बनकर उभरा है। सर्वाधिक लंबाई वाली सड़कों के निर्माण में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर काबिज है। अब तक प्रदेश में 90,150 किलोमीटर सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है, जिससे 17,540 से अधिक बसाहटें लाभान्वित हुई हैं। निर्माण के साथ-साथ गुणवत्ता पर भी सरकार का विशेष जोर है। मध्य प्रदेश को 'गारंटी पीरियड' के बाद भी सड़कों के बेहतर रख-रखाव के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को अपनाते हुए कई जिलों में प्लास्टिक कचरे और फ्लाई एश का उपयोग सड़क निर्माण में किया जा रहा है, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि सड़कों की उम्र भी बढ़ाता है। जनजातीय उत्थानः पीएम जन-मन की भूमिकाः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष रूप से 'पीएम जन-मन' योजना पर जोर दिया है। यह योजना उन विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए है जो विकास की दौड़ में पीछे छूट गयी थी। 261 करोड़ की लागत से बनने वाली ये सड़कें इन जनजातीय क्षेत्रों में न केवल परिवहन की सुविधा देंगी, बल्कि उन्हें डिजिटल इंडिया से भी जोड़ेंगी। सड़क पहुँचने के साथ ही वहाँ बिजली के खंभे और ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना आसान हो गया है, जिससे अब इन गाँवों के युवा भी दुनिया से जुड़ सकेंगे। स्वर्णिम भविष्य की ओर कदमः प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित रजत जयंती समारोह और भैरूंदा जैसे आयोजनों के माध्यम से मध्य प्रदेश ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह ''गाँव, गरीब और किसान'' की सरकार चलाने में अग्रणी है। मुख्यमंत्री के शब्दों में, ''गाँव की सड़क केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की आधार रेखा है।'' जैसे-जैसे ये 2117 किलोमीटर लंबी सड़कें मध्य प्रदेश की माटी पर अपनी छाप छोड़ेंगी, वैसे-वैसे ग्रामीण अंचलों में समृद्धि, सुरक्षा और स्वावलंबन की नई फसल लहलहाएगी। यह सड़कों का जाल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रगति का वह राजमार्ग तैयार कर रहा है, जिस पर चलकर मध्य प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का पावर हाउस बनेगा। यह बुनियादी ढांचागत निवेश आने वाले समय में मध्य प्रदेश को 'विकसित भारत अ 2047' के संकल्प को सिद्ध करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। आज के ये निवेश, कल के समृद्ध और आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की जीवंत गवाही देंगे। **–पवन वर्मा**

**मध्य प्रदेश आज ग्रामीण सड़क निर्माण और उनके रखरखाव के मामले में पूरे देश में अग्रणी बनकर उभरा है। सर्वाधिक लंबाई वाली सड़कों के निर्माण में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर काबिज है। अब तक प्रदेश में 90,150 किलोमीटर सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है, जिससे 17,540 से अधिक बसाहटें लाभान्वित हुई हैं। निर्माण के साथ-साथ गुणवत्ता पर भी सरकार का विशेष जोर है। मध्य प्रदेश को 'गारंटी पीरियड' के बाद भी सड़कों के बेहतर रख-रखाव के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को अपनाते हुए कई जिलों में प्लास्टिक कचरे और फ्लाई एश का उपयोग सड़क निर्माण में किया जा रहा है, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि सड़कों की उम्र भी बढ़ाता है। पीएम जन-मन की भूमिकाः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष रूप से 'पीएम जन-मन' योजना पर जोर दिया है। यह योजना उन विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए है जो विकास की दौड़ में पीछे छूट गयी थी। 261 करोड़ की लागत से बनने वाली ये सड़कें इन जनजातीय क्षेत्रों में न केवल परिवहन की सुविधा देंगी, बल्कि उन्हें डिजिटल इंडिया से भी जोड़ेंगी। सड़क पहुँचने के साथ ही वहाँ बिजली के खंभे और ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना आसान हो गया है, जिससे अब इन गाँवों के युवा भी दुनिया से जुड़ सकेंगे।**




# उत्तरोत्तर सुधार की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था

**मृत्युंजय दीक्षित**

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की क्राइम इन इंडिया - 2024 की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय न्याय संहिता व आईपीसी श्रेणी के तहत कुल अपराध के मामलों में उत्तर प्रदेश देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सूची में 18वें स्थान पर रहा है। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय अपराध की दर 252.3 है जबकि यूपी की दर 180.02 है। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री की उत्तर प्रदेश में कानून के शासन की स्थापना के दावे का समर्थन करती है। वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद से आम जनता भी कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार का अनुभव कर रही है। एंटी रोमियो स्क्वायड, महिला हेल्प डेस्क, फास्ट ट्रैक कोर्ट, बुलडोज़र एक्शन और अतीक तथा मुख़्तार जैसे बड़े अपराधियों के मिट्टी में मिलने से वातावरण बदला है। उत्तर प्रदेश ने अपनी विशाल आबादी के अनुपात में राष्ट्रीय औसत में बेहतर प्रदर्शन किया है। एनसीआरबी के तीन वर्षों के तुलनात्मक आंकड़ों ने प्रदेश में कानून व्यवस्था में लगातार सुधार की तस्वीर प्रस्तुत की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला सुरक्षा के प्रति काफी संजीदा हैं और महिलाओं को न्याय दिलाने में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर आ गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार हत्या, दुष्कर्म और महिलाओं के विरुद्ध अपराध में उत्तर प्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर रही है। हालाकि दहेज हत्या के मामले प्रदेश में अभी भी चिंता का विषय बने हुए हैं। यूपी मे हत्या की दर 1.3 रही जबकि राष्ट्रीय औसत 1.9 है। इस श्रेणी में राज्य 29वें स्थान पर रहा। इसी प्रकार दुष्कर्म के मामलों में प्रदेश की अपराध दर 2.8 रही जबकि राष्ट्रीय औसत 4.3 है । इस श्रेणी में राज्य 24 वें स्थान पर है। इसी प्रकार महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल दर यूपी में 58.0 रही जो राष्ट्रीय औसत 64.6 से कम है। इस श्रेणी में राज्य 17वें स्थान पर रहा। महिलाओ के विरुद्ध हुए अपराधों में अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी यूपी आगे रहा है। वर्ष 2024 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों मे दोषसिद्धि दर यूपी में 76.6 % दर्ज की गई है । वर्ष 2024 में यूपी की अदालतों में महिलाओं के खिलाफ कुल अपराधों के 3,52,664 मामले सुनवाई के लिए आए थे। इनमें से 27,639 मामलो की सुनवाई पूरी हुई और 21169 मामलों में अपराधियों को सजा सुनाई गई। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे एंटी रोमियो अभियान का असर रिपोर्ट मे स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है। इस अभियान के कारण छेड़छाड़ के मामलों मे भी काफी गिरावट आई है। प्रदेश में सिर्फ महिलाओं के प्रति अपराध में ही कमी नही आई है अपितु एस सी -एस टी समुदायों के खिलाफ अपराधों में भी काफी कमी आई है। ऐसे मामलों की संख्या 15,130 से घटकर 14,642 रह गई है। जो 3.2 फीसदी की गिरावट है। 2022 के मुकाबले यह कमी 4.7 फीसदी रही। एससी -एस टी समुदाय के लोगों की हत्या के मामलों में भी 7 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है । ये आंकड़ा 157 से घटकर 146 रह गया। माफिया आतंक के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है जिसके फलस्वरूप प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज स्थापित होने में सफलता प्राप्त हो रही है। प्रदेश मे ऐसा पहली बार हो रहा है कि जिन माफियाओं ने जमीनों पर अवैध कब्जे कर रखे थे उन्हें कब्जे से मुक्त करा कर उन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाकर गरीबों को आवंटित किए जा रहे हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रदेश में वर्ष 2024 में कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। विगत नौ वर्षों में यूपी पुलिस ने 269 अपराधियों को मुठभेड़ मे मार गिराया था। अब इनकी संख्या बढ़कर 272 हो गई है। वहीं पुलिस मुठभेड़ में घायल अपराधियों की संख्या 11,051हो गई है। यूपी पुलिस ने बताया कि विगत नौ वर्षों में संबंधित अदालतों में प्रभावी पैरवी कर 1,25,985 से अधिक अभियुक्तों को दोषसिद्ध कराया जा चुका है। 79 अपराधियों को मृत्युदंड, 10414 को आजीवन कारावास और 1921 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक की सजा दिलाई जा चुकी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराध व आतंक के प्रति जीरो टालरेंस की नीति प्रभावशाली रही है जिसके कारण अपराधी अपना जीवन सुरक्षित रखने के लिए या तो आत्मसमर्पण कर रहे हैं या फिर जीवन का तरीका बदल रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# बॉडी को टोन करने में मदद करता है उत्कटासन

वेटलॉस करना तो आसान है लेकिन शरीर का वजन कम होने के बाद शरीर में एक ढीलापन आ जाता है। ऐसे में बॉडी को टोन करने की जरूरत पड़ती है। अगर आप वजन कम करने के साथ?साथ बॉडी को टोन करना चाहते हैं तो आपको उत्कटासन का अभ्यास करना चाहिए। उत्कटासन को चेयर पोज भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें आपकी बॉडी एक कुर्सी की भांति नजर आती है। वैसे उत्कटासन का अभ्यास करने से ना सिर्फ बॉडी टोन होती है, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई लाभ होते हैं। यह वजन कम करने के साथ-साथ पैरों की मसल्स को टोन करने में मदद करता है। उत्कटासन का नियमित अभ्यास करने से आपका स्टेमिना बढ़ता है। यह आसन आपके पीठ के निचले हिस्से को मजबूती प्रदान करता है। इससे बैक पेन और ज्वाइंट पेन से राहत मिलती है। उत्कटासन के नियमित अभ्यास से शरीर का संतुलन बेहतर होता है। उत्कटासन का अभ्यास करने से पैरों, घुटने, एड़ियां व जांघ की मांसपेशियां मजबूती मिलती है। उत्कटासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। इसके बाद दोनों पैरों को थोड़ा?थोड़ा फैलाएं और दोनों हाथों को आगे की तरफ फैलाएं। इस दौरान आपकी हथेली नीचे की तरफ रहेगी। अपने हाथों को सीधे रखें। आपकी कुहनियां भी मुड़ी हुई नहीं होनी चाहिए। इसके बाद आप घुटनों को धीरे?धीरे मोड़ें और पेल्विस को नीचे की तरफ ले जाएं। इस दौरान झुकते हुए आप कल्पना करें कि जैसे आप किसी काल्पनिक कुर्सी पर बैठे हुए हों। इस स्थिति में आप सहज ही रहें। आपके हाथ जमीन के समानांतर और कमर को सीधा व आराम की अवस्था में रखे। याद रखें कि रीढ़ की हड्डी पूरी लंबाई में सीधी होनी चाहिए। अब गहरी सांस लें। जैसे?जैसे आप सहेज होते रहें, अपने घुटनों को थोड़ा और मोड़ते हुए नीचे की तरफ दबाव डालें। इस दौरान आपकी कमर एकदम सीधी होनी चाहिए। अब कुछ क्षण इसी अवस्था में रूकें। फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं और कुछ क्षण रिलैक्स करें। इसके बाद दोबारा उत्कटासन का अभ्यास करें।

## धर्म मंत्र

# नैना देवी मां के नेत्र दर्शन से खत्म हो जाएगी आंखों से जुड़ी समस्याएं

नैनीताल घूमने के लिए काफी खूबसूरत जगह है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर लोग अपने वीकेंड पर नैनीताल जाना पसंद करते हैं। क्योंकि ये हिल स्टेशन दिल्ली से सबसे नजदीक है। नैनीताल की खूबसूरत के कारण यहां पर्यटक बड़ी संख्या में घूमने आते हैं। नैनीताल का घूमने फिरने के अलावा धार्मिक रूप से भी काफी महत्व है। नैनीताल की नैना झील धार्मिक रूप से काफी पवित्र झील हैं। स्कंद पुराण में इसे त्रिऋषि सरोवर भी कहा गया है। नैनी झील कैसे बनी इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं, लेकिन यहां के लोगों की मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि जब अत्री, पुलस्त्य और पुलह ऋषि को नैनीताल में कहीं पानी नहीं मिला तो उन्होंने एक गड्ढा खोदा और मानसरोवर झील से पानी लाकर उसमें भरा। इस झील में बारे में कहा जाता है यहाँ डुबकी लगाने से उतना ही पुण्य मिलता है जितना मानसरोवर नदी में नहाने से मिलता है। यह झील 64 शक्ति पीठों में से एक है। नैना झील के किनारे एक मंदिर पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। ये मंदिर नैना देवी मंदिर के नाम से दुनिया में मशहूर है। नैना देवी मंदिर के दर्शन के लिए दूर- दराज से लोग आते हैं। नैना देवी के इस मंदिर की मान्यता है कि यदि कोई भक्त आंखों की समस्या से परेशान हैं तो अगर वह नैना मां के दर्शन कर ले तो जल्द ही ठीक हो जाएगा। इसके अलावा यहां तमाम भक्त मां के दर्शन के लिए आते हैं।

## पर्यटन




# विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल हैं भारत का भीमबेटका रॉक सेंटर

दुनिया भर में कई जगह हैं जो देखने में काफी सुंदर और आकर्षित लगती हैं। जिनमें से कुछ तो ऐसी भी जगह हैं जिनकी सिर्फ तस्वीर को देखकर वहां जाने का मन हो जाता है। दुनिया में करीब 1121 जगहों को विश्व विरासत स्थल ऐलान किया जा चुका है। इनमें 213 प्राकृतिक, 869 सांस्कृतिक, 39 मिले-जुले और 138 अन्य स्थल शामिल हैं। वहीं, अगर बात करें भारत की तो यहां के लगभग 36 स्थल हैं जिन्हें विश्व धरोहर का दर्ज़ा मिला हुआ है। हालांकि जब भारत के विश्व धरोहर जगहों की बात आती है तो ज्यादातर लोगों के दिमाग में कुतुबमीनार, ताजमहल या खजुराहो के मंदिर का ही सबसे पहले ख्याल आता है, लेकिन आपको बता दें कि इसके अलावा भी भारत में अन्य विश्व धरोहर स्थल हैं, जो इस लिस्ट में शामिल होने के साथ-साथ देखने में भी गजब के खूबसूरत हैं। भीमबेटका रॉक सेंटर- भारत के सबसे खूबसूरत विश्व धरोहर स्थल में पहला नाम भीमबेटका रॉक सेंटर का है। मध्य प्रदेश में स्थित यह स्थल मध्यपाषाण युग की एक बेहतरीन धरोहर होने के साथ काफी मशहूर है। यहां आपको मध्यपाषाण युग की कई एक से बढ़कर एक कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। इतना ही नहीं यहां की आस-पास की जगह भी इसी कलाकृति से मेल खाती है। हम्पी- हम्पी शहर प्राचीन और अद्भुत मंदिरों के लिए काफी मशहूर है। तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित इस शहर में ऐतिहासिक खंडहरों से घिरे बहुत से भव्य मंदिर हैं। ये भारत में सबसे धार्मिक और लोकप्रिय ऐतिहासिक पर्यटन जगहों में से एक है, यह हम्पी की प्रतिष्ठा को बढ़ा देती है। रानी की वाव- गुजरात के पाटण में रानी की वाव स्थित है। इसका निर्माण 11वीं शताब्दी में किया गया था। ये स्थान अपनी सुंदर कलाकृतियों और बावड़ियों के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। खुदाई के दौरान पुरातत्व विभाग ने रानी की वाव को खोजा था। यहां की सुंदर-सुंदर कलाकृतियों को देखकर लोगों इन्हीं में खो जाते हैं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे संरक्षित वन भूमि पर बढ़ता कब्जा, आमजन की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर लगभग 15 मीटर तक की भूमि को फॉरेस्ट प्रोटेक्ट भूमि माना जाता है। इस भूमि का संरक्षण वन विभाग द्वारा किया जाता है तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नियमित रूप से पौधरोपण भी कराया जाता है। नियमों के अनुसार इस संरक्षित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा व्यवसायिक गतिविधि प्रतिबंधित होती है।

इसके बावजूद जिले में कई स्थानों पर कारोबारी और अतिक्रमणकारी वन संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर संरक्षित भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। कहीं ढाबे, फूड सेंटर और दुकानें संचालित हो रही हैं तो कहीं वाहनों की पार्किंग बना दी गई है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले राहगीरों और यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अवैध कब्जों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। अतिक्रमण के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई बार सड़क पर अचानक रुकने वाले वाहनों से हादसे की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधे और हरित क्षेत्र भी धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं।

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन एवं वन विभाग से मांग की है कि संरक्षित वन भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए तथा अतिक्रमण हटाकर दोबारा पौधरोपण कराया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ आमजन की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे हरित पट्टी सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यही कारण है कि केंद्र सरकार एवं सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा ऐसे क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण रोकने के लिए सख्त प्रावधान लागू किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे संरक्षित ग्रीन बेल्ट और फॉरेस्ट प्रोटेस्ट भूमि पर अवैध कब्जे एवं व्यावसायिक गतिविधियों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शहर मुख्यालय के सन्निकट कुरौली अंचल में नियमों को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित किए जाने के आरोप लगे हैं। एक सामाजिक संगठन के महंत बी.पी दास ने प्रदेश के मुख्य वन संरक्षण को प्रेषित पत्र में कहा कि अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे निर्धारित संरक्षित क्षेत्र में लगातार ग्रीन बेल्ट की सफाई कर सरकारी भूमि पर आधिपत्य स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार यह भूमि वन विभाग के संरक्षण में रहती है, जहां पौधरोपण और हरित पट्टी का संरक्षण किया जाना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत कई स्थानों पर अवैध रूप से व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। उनका यह भी कहना है कि बौद्ध परिपथ बहराइच से बाराबंकी तक मुख्य राष्ट्रीय राज मार्ग भी अवैध कब्जे की भरमार है।

वन विभाग के साथ ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी भी खामोश है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जहां किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा व्यवसायिक गतिविधि प्रतिबंधित है। इसके बावजूद होटल, ढाबे और अन्य प्रतिष्ठान खुलेआम संचालित किए जा रहे हैं। शिकायत कर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी जमीन पर हो रहे इस आधिपत्य में वन विभाग के कुछ कार्मिकों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो राष्ट्रीय राजमार्ग की हरित पट्टी पूरी तरह समाप्त हो सकती है, जिससे पर्यावरण और सड़क सुरक्षा दोनों प्रभावित होंगे। उपलब्ध चित्रों को भी ग्रीन बेल्ट पर हो रहे अतिक्रमण का प्रमाण बताया जा रहा है।

# निंदूरा के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था बेपटरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। परिषदीय विद्यालयों की बदहाल शिक्षा व्यवस्था सोमवार को उस समय उजागर हो गई जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने विकासखंड निंदूरा के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कहीं विद्यालय बंद मिले तो कहीं शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। कई स्कूलों में बच्चों की बेहद कम उपस्थिति ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी।

सुबह करीब आठ बजे प्राथमिक विद्यालय दीनपनाह पहुंचे बीएसए को विद्यालय पूरी तरह बंद मिला। इसके बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय दीनपनाह में निरीक्षण के दौरान दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। सुबह 8:15 बजे तक विद्यालय में मात्र 34 बच्चे उपस्थित थे और सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वहां प्रार्थना सभा तक आयोजित नहीं की गई थी। मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।

## बीएसए के औचक निरीक्षण में बंद मिले विद्यालय, शिक्षक गायब

इसके बाद प्राथमिक विद्यालय ऊधापुर का निरीक्षण किया गया, जहां सुबह 8:20 बजे तक विद्यालय का ताला नहीं खुला था। निरीक्षण के दौरान शिक्षिका दीप्ति चौरसिया मौके पर पहुंचीं। वहीं प्राथमिक विद्यालय बड़ेरिया में शिक्षक संजय कुमार अनुपस्थित मिले और 50 बच्चों के सापेक्ष केवल तीन बच्चे ही मौजूद पाए गए।

लगातार सामने आ रही ऐसी लापरवाहियां यह बड़ा सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर सरकारी विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा किस व्यवस्था के भरोसे चल रही है। सरकार जहां शिक्षा सुधार और बेहतर भविष्य के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं जिम्मेदारों की उदासीनता बच्चों के भविष्य पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। क्षेत्रीय लोगों ने दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## दिव्यांगजन शिविर में योजनाओं के लिए हुए पंजीकरण

**सिद्धौर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सिद्धौर ब्लॉक सभागार में विशेष चिन्हांकन एवं पंजीकरण शिविर लगाया गया। शिविर में दिव्यांग पेंशन, ट्राइसाइकिल और सहायक उपकरणों के लिए आवेदन लिए गए।

प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई, विधायक को सौंपा ज्ञापन

सिद्धौर, बाराबंकी। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनाम सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने हैदरगढ़ विधायक को ज्ञापन देकर कार्यकाल बढ़ाने की मांग की।

प्रधानों का कहना है कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ होगी। वहीं इस मांग को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बेलहरा, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दोहई गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में मुस्तकीम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी फतेहपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

## भीषण आग से छह घर राख, नकदी-जेवर समेत गृहस्थी स्वाहा



**सिरौलीगौसपुर, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शेषपुर टूटरु गांव के अल्पीपुरवा में भीषण आग लगने से आधा दर्जन छप्परनुमा मकान जल गए। आग में नकदी, जेवर, अनाज और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित कर सहायता का आश्वासन दिया।

## तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

**निंदूरा, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घुंघटेर-जमुआ मार्ग पर बिटियापुर गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार विजय कुमार को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जैदपुर पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को दबोचा

**जैदपुर, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जैदपुर पुलिस ने मो. इम्तियाज निवासी अहमदपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध .315 बोर तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले स्मार्टफोन, अब ऑनलाइन होंगे सभी कार्य

**सिरौलीगौसपुर, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए। अब पोषाहार वितरण, टीकाकरण और लाभार्थियों का डेटा ऑनलाइन ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाएगा।



## बुलंदशहर में हत्या के दोषी दो लोगों को उम्रकैद

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक भूपेंद्र सिंह राजपूत ने सोमवार को बताया कि ग्रीन पार्क कॉलोनी अकबरपुर, थाना कोतवाली देहात निवासी साकिब और आसिफ ने वर्ष 2021 में वादी शान मोहम्मद के पुत्र राजा उर्फ मारुफ राजा की गला काटकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में 29 नवंबर 2021 को थाना कोतवाली देहात में भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 34, 201 एवं 404 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान तीन दिसंबर 2021 को अभियुक्त साकिब के कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो जीवित कारतूस बरामद किए गए थे, जिसके आधार पर उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 के तहत अलग से अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर 23 जनवरी तथा 26 फरवरी 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत चिन्हित कर प्रभावी पैरवी कराई गई।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी-02 मनोज कुमार शासन की अदालत में हुई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही न्यायालय ने अभियुक्त साकिब पर 40 हजार रुपये तथा अभियुक्त आसिफ पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## जनप्रतिनिधियों की श्रेय लेने की राजनीति से जनता ठगा महसूस कर रही है: अतुय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले की घोसी सीट से सांसद रह चुके अतुल राय ने दोहरीघाट मेमो ट्रेन संचालन के उद्घाटन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक बताया है।

उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह के दौरान दोनों माननीय सदस्यों द्वारा जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करने जैसा था। पूर्व सांसद ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि एक जनप्रतिनिधि वरिष्ठ राजनयिक रह चुके हैं, जबकि दूसरे खुद को बुद्धिजीवी बताते हैं और कई संसदीय समितियों के सदस्य हैं। इसके बावजूद कार्यक्रम में जिस तरह का आचरण देखने को मिला, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अतुल राय ने कहा कि वह विकास के श्रेय की राजनीति में शामिल नहीं हैं, बल्कि घोसी लोकसभा क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल होना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि दोहरीघाट से औड़िहार तक मेमो ट्रेन चलने पर आखिर किस बात का श्रेय लिया जा रहा है।

# किसान की बेटी अंशिका बनी यूपी बोर्ड टॉपर, गांव पहुंचकर हुआ सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर, बाराबंकी। ग्राम पंचायत अंदका की छात्रा अंशिका वर्मा ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा 2026 में 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। किसान परिवार की बेटी की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

सोमवार को बीडीओ पूजा सिंह और ग्राम प्रधान अनीता वर्मा ने अंशिका के घर पहुंचकर सम्मानित किया। अंशिका ने सफलता का श्रेय परिवार और कठिन मेहनत को दिया।

# मिट्टी खनन से उड़ी धूल, तेज रफ्तार डंपरों के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा, बाराबंकी। महमूदपुर बनौगा गांव के आसपास चल रहे मिट्टी खनन और तेज रफ्तार डंपरों से परेशान ग्रामीणों का सोमवार को गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर डंपरों को रोक दिया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई दिनों से लगातार डंपर गांवों और आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में मिट्टी डालने का कार्य कर रहे हैं। सुबह होते ही धूल उड़ाते तेज रफ्तार डंपर सड़कों पर दौड़ने लगते हैं, जिससे आम लोगों का निकलना दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और राहगीरों को उठानी पड़ रही है।

ग्रामीण टीकाराम, रामू रावत, धर्म सिंह, राजू, बाबूलाल, कल्लू रावत, रामखेलावन रावत, बालक रावत, धर्मेंद्र रावत, छोटेलाल लोधी, नंदराम रावत, अनिल, श्यामू, जय सिंह, विकास रावत, रामआधार रावत और राकेश लोधी समेत अन्य लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार डंपरों से हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। धूल के गुबार से लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि मामले की शिकायत के लिए कई बार उपजिलाधिकारी फतेहपुर को फोन किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद जिलाधिकारी को फोन कर खनन कार्य रुकवाने और डंपरों पर कार्रवाई की मांग की गई। अधिकारियों के निर्देश पर ग्रामीणों ने लिखित शिकायत तैयार कर जिलाधिकारी और एसडीएम फतेहपुर के व्हाट्सएप पर भेज दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि भारी डंपरों के लगातार आवागमन से करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़कें भी टूटने लगी हैं। लोगों ने प्रशासन से अवैध खनन और तेज रफ्तार डंपरों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

# उप्र के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के 40 स्मारक एवं पुरास्थल होंगे संरक्षित : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग की ओर से प्रदेश में स्थित 40 स्मारकों, पुरास्थलों को संरक्षित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा तीन स्मारक, पुरास्थलों और असंरक्षित घोषित किया गया है। संरक्षित किए जाने वाले स्मारक पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है। इसमें से कुछ ढाई हजार से लेकर तीन हजार वर्ष पुराने है। कुछ स्मारक कुषाण काल के प्रतीत होते हैं।

यह जानकारी सोमवार को यहां उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्राचीन एवं अति प्राचीन स्मारक, स्थापत्य कला के अनूठे धरोहर हैं। यह स्मारक अपने आप में तत्कालीन समय की सांस्कृतिक भव्यता एवं इतिहास समेटे हुए हैं। मौजूदा समय में जीर्ण-शीर्ण तथा खंडहर में परिवर्तित हो चुके हैं। राज्य सरकार इन स्मारकों को संरक्षित कर नया स्वरूप देने का निर्णय लिया है। साथ ही इन स्मारकों के आस-पास अवस्थापना सुविधाएं विकसित कर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है। इसके अलावा प्राचीन स्थलों को बचाना भी है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जिन स्मारकों को संरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। उनमें सीतापुर के 02, उन्नाव के 03, हरदोई एवं बाराबंकी के 01-01, कानपुर नगर के 02, रायबरेली का 01, लखनऊ के 02, प्रतापगढ़ का 01, फतेहपुर के 02 तथा सिद्धार्थनगर महाराजगंज, देवरिया के 01-01, जालौन के 05, ललितपुर का 01, झांसी के 05, महोबा के 04, गाजीपुर के 01, वाराणसी के 02, आगरा, मैनपुरी, सहारनुपर तथा रामपुर के 01-01 शामिल है। जिन स्मारकों को असंक्षित घोषित किया गया है, उनमें कंसकिला तहसील सदर मथुरा, गोण्डवानी मंदिर ग्राम पिपरई, तहसील तालबेहट, जनपद ललितपुर तथा अमरगढ़ का शिवमंदिर ग्राम उदई शाहपुरं तहसील पट्टी जनपद प्रतापगढ़ शामिल है।

संरक्षित स्थलों में शिवमंदिर, वकुंड तहसील लहरपुर, जनपद सीतापुर परेवा जाल का टीला तहसील सिधौली, सीतापुर, माहे पासी का टीला तहसील सदर जनपद उन्नाव, प्राचीन टीला, मोहान, तहसील हसनगंज उन्नाव, शिव मंदिर औरास, उन्नाव, नागेश्वर महादेव मंदिर तहसील संडीला जनपद हरदोई, राजा कुंवर गिरधारी सिंह की समाधि तहसील नवाबगंज, बाराबंकी, पंचमुखी शिव मंदिर तहसील घाटमपुर, कानपुर नगर, प्राचीन शिव मंदिर बिठूर कानुपर नगर, गंगकुण्ड, तहसील डलमऊ, रायबरेली, शामिल है। इसके अलावा लखनऊ के प्राचीन भवन मूसाबाग, तहसील सदर, कालाकांकर भवन मोहल्ला हैदराबाद तहसील सदर लखनऊ शामिल है।

इसके अलावा प्राचीन शिव मंदिर व तालाब रामपुर बेला, तहसील पट्टी प्रतापगढ़, राधाकृष्ण मंदिर, तहसील बिंदकी, फतेहपुर, पासी बाबा मंदिर, तहसील बिंदकी, फतेहपुर, डब्ल्यूसी पेप्पे से संबंधित भवन सिद्धार्थनगर, खड़खौला टीला तह0 फरेंदा महराजगंज, खुदिया बजुर्ग टीला तह0 बरहज, देवरिया, रामजानकी व हनुमान जी का मंदिर तह0 कोंच, जालौन, लटक बिहारी मंदिर उरई, जालौन, सराफी मंदिर उरई, जालौन, मदरघाट शिवालय उरई, जालौन तथा प्राचीन स्थल सूर्य मंदिर तह0 कालपी जालौन प्राचीन बावली, तह0 मडावरा, ललितपुर, गढ़वई दुर्ग तह0 गरौठा, झांसी, दो प्रस्तर शिवमंदिर तह0 बड़ागांव, झांसी तथा हजारिया महादेव मंदिर के सम्मुख स्थित शिवालय ग्राम0 डिमरौनी, बड़ागांव , झांसी शामिल है।

इसी प्रकार यज्ञशाला, बरूआसागर, तह0 बड़ागांव, झांसी, शिवमंदिर तह0 सदर, झांसी, मगलगढ़ का किला, ग्राम चरखारी, तह0 चरखारी, महोबा, गुमान बिहारी मंदिर, ग्राम रायनपुर, तह0 चरखारी, महोबा, श्री वासुदेव जी मंदिर महोबा, तालकोठी ग्राम चरखारी, महोबा, पंच मंदिर, तह0 कासिमाबाद, गाजीपुर, शिव मंदिर, ग्राम असवारी, राजाबा तालाब, वाराणसी, एलटी कॉलेज स्थित गोपाल लाल विला, तह0 सदर, वाराणसी, हतकठ का किला, तह0 बाह, आगरा, किरथुवा खेड़ा का किला, तह0 करहल, मैनपुरी, मिर्जा देहलवी का मकबरा, तह0 सदर, सहारनपुर तथा तूती का मकबरा, तह0 सदर, जनपद रामपुर शामिल हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि इन स्मारकों को संरक्षित एवं अतिक्रमण से बचाने के लिए बाउण्ड्रीवाल आदि का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। अधिकांश स्मारक स्थापत्य कला के दुलर्भ नमूने है जो जीर्ण-शीर्ण हो गए है। यह स्मारक हमारे प्राचीन विरासत हैं एवं प्राचीन इतिहास को समेटे हुए हैं।

## उद्योग सहयोग से मिलेगी आधुनिक तकनीकी शिक्षा

लखनऊ। लखनऊ की ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की ओर से शैक्षिक सत्र 2026-27 से बी.टेक. साइबर सिक्योरिटी का नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। यह कोर्स अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित होगा तथा उद्योग सहयोग के अंतर्गत संचालित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह पाठ्यक्रम वर्तमान समय की बढ़ती साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें एथिकल हैकिंग, डिजिटल फॉरेंसिक, नेटवर्क सुरक्षा एवं साइबर थ्रेट एनालिसिस जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। क्षेत्र में इस प्रकार का विशेषीकृत पाठ्यक्रम सीमित संस्थानों में ही उपलब्ध है, जिससे यह विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

# लखनऊ में पांडुलिपियों की महत्ता पर 13 मई को होगा राष्ट्रीय विमर्श

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार अपना 77वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर 13 मई को लखनऊ स्थित शहीद स्मृति भवन में 'भारतीय ज्ञान परम्परा में पाण्डुलिपियों का महत्व एवं भावी पीढ़ी के लिए उपयोगिता' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी और अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इतिहास, संस्कृति और अभिलेख संरक्षण से जुड़े कई विद्वान अपने विचार साझा करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. अजय तनेजा होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त अधिष्ठाता प्रो. अविनाश चन्द्र मिश्रा रहेंगे। संगोष्ठी में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के विशेषज्ञ पाण्डुलिपियों, अभिलेखों और भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपने व्याख्यान देंगे। संगोष्ठी के पहले सत्र में पाली एवं बौद्ध अध्ययन, राजनीति विज्ञान और इतिहास विषयों के विशेषज्ञ भारतीय ज्ञान परंपरा और पाण्डुलिपियों की उपयोगिता पर चर्चा करेंगे। वहीं दूसरे सत्र में प्राचीन इतिहास, संस्कृत और आधुनिक इतिहास के विद्वान अभिलेखों के संरक्षण और शोध में उनकी भूमिका पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार की स्थापना 2 मई 1949 को इलाहाबाद में 'सेंट्रल रिकॉर्ड्स ऑफिस' के रूप में की गई थी। बाद में वर्ष 1973 में इसे लखनऊ स्थित स्थायी भवन में स्थानांतरित किया गया। वर्तमान में यह संस्था संस्कृति विभाग के अधीन कार्य करते हुए प्रदेश की अभिलेखीय विरासत के संरक्षण, प्रबंधन और उपयोग के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया अभिलेखागार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न विभागों और जिला कार्यालयों में सुरक्षित ऐतिहासिक अभिलेखों को संरक्षित करना और उन्हें शोध एवं जनहित के लिए उपयोगी बनाना है। इसके तहत 30 वर्ष पुराने महत्वपूर्ण अभिलेखों का संग्रह, उनका वैज्ञानिक संरक्षण, सूचीकरण और शोधार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही दुर्लभ पाण्डुलिपियों, पुस्तकों और दस्तावेजों को संरक्षित करने का कार्य भी किया जाता है। इसके अलावा अभिलेखों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर अभिलेख प्रदर्शनियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। उन्होंने बताया इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी ऐतिहासिक विरासत और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 22/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.1:-कार्य का विवरण:** इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज-मथुरा कैन्ट अनुभाग के मध्य ट्रैक नवीनीकरण कार्य के स्वीकृत कार्य (आईएसडी, टीआरआर, सीटी. आर, टीटीआर इत्यादि) के अंतर्गत ट्रैक नवीनीकरण साईट पर रेल के फ्लैश बट वेल्डिंग (60 किग्रा या उच्च न्यू/इन सर्विस) का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹6,79,77,661.26, बयाना राशि रूपयों में: ₹13,59,600/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह।

**क्र.सं.2:-कार्य का विवरण:** (1) वमं/।।/ इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में इंटरलॉक्ड एलसी गेट पर एस & टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण (कुल 9 नग) (इंटरलॉक्ड एलसी गेट पर एस & टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत (कुल 19 नग))। (2) वसमंइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र में एलसी गेट पर शौचालय का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹3,04,87,977.43, बयाना राशि रूपयों में: ₹6,09,800/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई- निविदा दिनांक 01.06.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0),
मुजाधि/डब्लू-93 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस में रोमांचक मुकाबले की संभावना

एजेंसी

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में



निर्णायक कारक बन सकता है। सनराइजर्स ने सही समय पर अपनी लय हासिल कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में पर 33 रन की जीत में उसने अपनी बल्लेबाजी ताकत का शानदार नमूना पेश किया। उसने इस मैच में चार विकेट पर 235 रन बनाए लेकिन प्लेऑफ की दौड़ काफी कड़ी है और इसलिए वह किसी तरह के मुगालते में नहीं रह सकता। जहां तक टाइटंस का सवाल है तो उसकी टीम बेहद संतुलित है। उसकी बल्लेबाजी कप्तान गिल और साई सुदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है और पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर बीच के ओवरों में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इससे उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने या बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफल रही है। टाइटंस की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है, जिसमें मोहम्मद सिराज और कैगिसो रबाडा की तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के साथ-साथ राशिद खान का नियंत्रण और बीच के ओवरों में मैच का रुख बदलने वाली गेंदबाजी का शानदार संयोजन है। सनराइजर्स ने एक बार फिर से अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उसके चोटी के चार बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन ने लगातार आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण उसने इस सत्र में लगातार 200 से अधिक रन बनाए हैं। टाइटंस के गेंदबाजों के लिए सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। सनराइजर्स का गेंदबाजी आक्रमण भी कप्तान पैट कमिंस के आक्रामक दृष्टिकोण पर केंद्रित है, जो चोट के कारण सत्र के शुरू में नहीं खेल पाए थे। उनकी वापसी से सनराइजर्स के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। लगभग हर मैच में उन्होंने महत्वपूर्ण विकेट लेकर या अनुशासित गेंदबाजी से रन प्रवाह रोककर अपना प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने अब तक 16 विकेट लिए हैं।

# हमारे प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा: जयवर्धने

एजेंसी

रायपुर। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से दो विकेट से मिली हार के बाद टीम के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद स्वीकार किया कि उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा। मुंबई इंडियंस की यह 11 मैच में आठवीं हार थी जिससे पता चलता है कि उसकी टीम निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। जयवर्धने ने मैच के बाद कहा, ''यह सत्र निराशाजनक रहा। हमें मौके मिले लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए। हमारे प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा। हम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे हमें हार का सामना करना पड़ा। मुंबई को आरसीबी के खिलाफ अंतिम ओवर में 15 रन का बचाव करना था लेकिन उसके ऑलराउंडर राज अंगद बावा ऐसा करने में नाकाम रहे। बावा को



आखिरी ओवर सौंपने के बारे में जयवर्धने ने कहा, ''उस समय हमारे सभी गेंदबाजों के ओवरों का कोटा पूरा हो चुका था। हमारे पास कोई भी अनुभवी गेंदबाज नहीं बचा था। हमारे पास दो स्पिनर थे। उनमें से एक रघु शर्मा थे जिन्होंने गेंदबाजी नहीं की थी। दूसरा विकल्प शायद अल्लाह ग़ज़नफ़र होते। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि सूर्यकुमार यादव ने राज पर भरोसा दिखाया। राज अच्छा गेंदबाज है। हम जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। वह भी दबाव में था। लेकिन जिस तरह से हमने संघर्ष किया, उससे मैं खुश हूं। यह बहुत करीबी मुकाबला था। हमें शायद आखिर में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था।

# क्रुणाल ने आरसीबी के बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन का श्रेय कार्तिक को दिया

एजेंसी

रायपुर। ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी जुझारू पारी के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक को दिया। क्रुणाल ने पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद 46 गेंद में 73 रन बनाए जिससे आरसीबी अंतिम गेंद पर जीत हासिल करने में सफल रही। इससे उसकी टीम अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। क्रुणाल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''अगर आप पिछले साल और यहां तक कि इस साल को भी देखें, तो बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय दिनेश कार्तिक को जाता है। इस ऑलराउंडर ने कहा, '''उन्होंने (कार्तिक) प्रत्येक खिलाड़ी के साथ व्यक्तिगत रूप से काफी समय बिताया है। उनके मजबूत और कमजोर पक्षों को समझा और उन पर काम किया। वह हमेशा बल्लेबाजों की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारी टीम ने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, उसका बहुत बड़ा श्रेय डीके (कार्तिक) को जाता है। क्रुणाल ने कहा कि दबाव वाली परिस्थितियों में आरसीबी का स्पष्ट रवैया उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ। उन्होंने कहा, ''हमने इस पर चर्चा की थी कि अगर कोई ऐसा गेंदबाज है जिसे आप पसंद करते हैं और आपको लगता है कि आप उसका सामना कर सकते हैं, तो बस उसकी छह गेंदों को अच्छी तरह से खेलें। क्रुणाल ने कहा, ''मैं क्रीज पर पांव जमा चुका था और मुझे लगा कि ऐंठन के कारण मेरे लिए एक-दो रन लेना बहुत मुश्किल हो रहा था। इसलिए मैंने सोचा, मैं बस खड़े रहकर सभी छह गेंदों का अच्छी तरह से सामना करता हूं और जितना संभव हो उसका फायदा उठाता हूं।

# कमिंस, स्टार्क, हेजलवुड को आईपीएल के बाद मिलेगा विश्राम, पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा नहीं करेंगे

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के कार्यभार प्रबंधन के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए सोमवार को अपनी टीम में नहीं चुना। इस फैसले से कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। कमिंस, स्टार्क और हेज़लवुड को विश्राम देने का उद्देश्य इन तीनों को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए तैयार रखना है जिसकी शुरुआत वह बांग्लादेश के खिलाफ दो मैच की घरेलू टेस्ट श्रृंखला से करेगा। ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर लियाम स्कॉट और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विश्व कप टीम के कप्तान ओली पीक को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। आईपीएल 31 मई



को समाप्त होगा। युवा बल्लेबाज जोएल डेविस को जून में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। उन्हें भी पहली बार मौका मिला है। ट्रैविस हेड, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस और जेवियर बार्टलेट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद बांग्लादेश रवाना होंगे, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को टीम से बाहर कर दिया गया है। अगले साल अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे में होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मिचेल मार्श दोनों टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया रावलपिंडी (30 मई) और लाहौर (दो और चार जून) में पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा। इसके बाद वह बांग्लादेश का दौरा करेगा तथा ढाका (नौ, 11 और 14 जून) में तीन वनडे मैच और चटोग्राम (17, 19 और 21 जून) में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, रिले मेरेडिथ, ओली पीक, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, मैथ्यू शॉर्ट, बिली स्टेनलेक, एडम जम्पा। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, एडम जम्पा। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मैथ्यू कुहनेमैन, रिले मेरेडिथ, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, एडम जम्पा।

# क्रिकेट कनाडा ने अंतरिम मुख्य संचालन अधिकारी नियुक्त किया

टोरंटो। क्रिकेट कनाडा ने भवजीत जौहर को अपना अंतरिम मुख्य संचालन अधिकारी नियुक्त किया है। उसने नौ और दस मई को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के समापन के बाद यह घोषणा की। क्रिकेट कनाडा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्य संचालन अधिकारी नई संस्था के गठन तक संगठन के कार्यों को संभालेंगे। इनमें वाणिज्यिक, संचालन, प्रशासन आदि से जुड़े कार्य शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''एजीएम क्रिकेट कनाडा के प्रशासन में चल रही बदलाव की पहल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो संस्थागत जवाबदेही, संचालन उत्कृष्टता, वित्तीय निरीक्षण और कनाडा के क्रिकेट में दीर्घकालिक रणनीतिक विकास के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। क्रिकेट कनाडा को आगे बढ़ाने के लिए गठित किए गए निदेशक मंडल के नवीनीकरण से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की।

# प्रधानमंत्री के सात सूत्र देश की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी: खंडेलवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। कारोबारी संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से सात सूत्री अपील का स्वागत किया है। खंडेलवाल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ रहे और आम लोगों को कोई परेशानी न हो, उसको देखते हुए प्रधानमंत्री ने देश को एक सात सूत्री संकल्प लेने का आह्वान किया है जिस पर अमल करने से देश की स्थिति मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने यह आह्वान कल हैदराबाद में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए किया था। सामानों की आवाजाही के लिए रेलवे परिवहन को प्राथमिकता देने के प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप खंडेलवाल ने



आज रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर कहा कि प्रधानमंत्री का यह सुझाव बढ़ती ईंधन खपत, यातायात दबाव, पर्यावरणीय चुनौतियों तथा देश की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता के मद्देनज़र अत्यंत प्रासंगिक और समयानुकूल है। उन्होंने मोदी सरकार में भारतीय रेल में हुए व्यापक परिवर्तन और आधुनिकीकरण की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे में आधारभूत संरचना, विद्युतीकरण, फ्रेट कॉरिडोर, तकनीकी एकीकरण, स्टेशन पुनर्विकास, स्वच्छता, सुरक्षा मानकों, समयबद्धता और संचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं, जिससे भारतीय रेल के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है और रेलवे देश की आर्थिक प्रगति का एक मजबूत आधार बना है। उन्होंने कहा कि रेल परिवहन माल ढुलाई का सबसे किफायती, पर्यावरण अनुकूल और प्रभावी माध्यम है। यदि बड़े स्तर पर सड़क से माल परिवहन रेलवे की ओर स्थानांतरित होता है तो इससे पेट्रोल और डीजल की खपत में भारी कमी आएगी, लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, प्रदूषण कम होगा, राजमार्गों पर दबाव कम पड़ेगा तथा एक हरित और मजबूत भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। हालांकि, खंडेलवाल ने यह भी कहा कि रेलवे में सुधारों के बावजूद देशभर के व्यापारियों और एमएसएमई इकाइयों को रेलवे फ्रेट और पार्सल सेवाओं के उपयोग में अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, फीकी पड़ी सोना और चांदी की चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,340 रुपये से लेकर 1,54,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,39,640 रुपये से लेकर 1,41,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार के दौरान 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,52,490 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,39,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# साइ ने बीएफआई की अनियमितताएं गिनाई, मूल्यांकन शिविर निलंबित किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने पटियाला में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) का मूल्यांकन शिविर 'अनियमितताओं' के कारण निलंबित कर दिया है, लेकिन अगर महासंघ अपनी 'अपारदर्शी' चयन प्रक्रिया में सुधार करता है और कोच के चयन के मानदंडों पर 'वैध सवालों' का जवाब देता है तो वह इसे फिर से शुरू करने की अनुमति देने के लिए तैयार है। साइ के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि बीएफआई से मुक्केबाजों और कोच की चयन नीति में अनियमितताओं के संबंध में कुछ सवाल किए गए थे लेकिन उसने इनका जवाब नहीं दिया। इसके बाद रविवार की शाम को निलंबन का आदेश जारी किया गया। साइ ने कहा कि जो मुक्केबाज और कोच बीएफआई की नीति से प्रभावित हुए हैं उन्होंने कई तरह की शिकायत की हैं तथा महासंघ ने इस पर कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया है। सूत्र ने कहा, ''हमारे पास कई शिकायतें आई हैं, जिनमें मुक्केबाजों ने बताया है कि इस मूल्यांकन शिविर में नतीजे तुरंत जारी नहीं किए जाएंगे। इसके बजाय बीएफआई की तथाकथित उच्च प्रदर्शन इकाई (एचपीयू) चयन समिति के साथ चर्चा करने के बाद खिलाड़ियों का चयन करेगी उन्होंने कहा, ''ऐसा करना निष्पक्षता के खिलाफ है और अगर इसे अदालत में चुनौती दी जाती है तो बीएफआई को तर्कसंगत स्पष्टीकरण देना होगा। लेकिन महासंघ हमारे सवालों का जवाब नहीं दे रहा है और वह तभी हमसे संपर्क करता है जब उसे किसी काम के लिए मंजूरी चाहिए होती है। इस तरह से काम नहीं चलेगा। सूत्र ने कहा, '' हमने कोच पैनल को भी अस्थायी मंजूरी दे दी थी, लेकिन महासंघ जानबूझकर 'अस्थायी' शब्द को नजरअंदाज कर रहा है और खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश कर रहा है। क्या महासंघ बता सकता है कि से लगातार संपर्क किए जाने के बाद भी उसने जवाब क्यों नहीं दिया। साइ के रिकॉर्ड में सब कुछ दर्ज है। अजय सिंह के नेतृत्व वाली बीएफआई ने यह दावा किया है कि उसने चयन नीति से संबंधित मामलों में हमेशा साइ को सूचित किया और उसे उचित मंजूरी हासिल की। अब तक पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) तथा महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) ने पिछले महीने मंगोलिया में एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों दोनों के लिए क्वालीफाई किया है। जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) ने केवल राष्ट्रमंडल खेलों में जगह बनाई है क्योंकि उनके भार वर्ग एशियाई खेलों में शामिल नहीं हैं। राष्ट्रमंडल खेल जुलाई अगस्त में ग्लासगो में जबकि एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया में होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए पुरुष वर्ग में 55 किग्रा, 60 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा और 90 किग्रा से अधिक तथा महिला वर्ग में 51 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा और 75 किग्रा भार वर्ग शामिल हैं। एशियाई खेलों में पुरुष 55 किग्रा, 60 किग्रा, 70 किग्रा, 80 किग्रा, 90 किग्रा और 90 किग्रा से अधिक भार वर्ग जबकि महिला खिलाड़ी 51 किग्रा, 54 किग्रा, 60 किग्रा, 65 किग्रा और 75 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। पटियाला में मूल्यांकन शिविर के दौरान उन भार वर्ग में खिलाड़ियों का चयन करना था जिनमें अभी तक किसी खिलाड़ी को नहीं चुना गया है। सूत्र ने कहा, ''अगर बीएफआई अब भी अपनी बात स्पष्ट कर दे और निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित कर सके तो वे शिविर आयोजित कर सकते हैं। हम उन्हें रोकने की कोशिश नहीं कर रहे हैं लेकिन हम शिकायतों को लेकर आंख मूंद कर भी नहीं बैठ सकते हैं। इस विवाद की जड़ में हाल ही में पुणे में आयोजित चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) कप है। साइ के अनुसार इस प्रतियोगिता में उन मुक्केबाजों को प्रवेश नहीं दिया गया था जो सशस्त्र बलों की सूची में नहीं थे।

# ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीएचआरपी दाखिल किया

एजेंसी

नई दिल्ली। बेंगलुरु की कंपनी ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिये 750 करोड़ रुपये जुटाना है। सेबी के समक्ष ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स की जमा आईपीओ दस्तावेज के अनुसार 2 रुपये फ़ेस वैल्यू वाला यह आईपीओ 750 करोड़ रुपये तक का एक नया ईश्यू है। इस निर्गम में प्रोमोट्रॉन अनंत महेश बेलाड और राजेश्वरी शिवानंद महाशेट्टी द्वारा 750 करोड़ रुपये के नए शेयर और 57.10 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी के अनुसार ऑनलाइन




इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया लिमिटेड अपने नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 160 करोड़ रुपये का उपयोग कुछ ऋणों के पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए करेगी। इसके अलावा 330 करोड़ रुपये कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में लगाए जाएंगे, जबकि शेष राशि संभावित अधिग्रहण और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल होगी। ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया लिमिडेट कंपनी ऑडियो-विजुअल सिस्टम एकीकरण (एवीएसआई) समाधान प्रदान करती है। इसके बेंगलुरु में तीन विनिर्माण संयंत्र हैं।

# मोबाइल डेटा जैसी क्रांति लाएगा एआई, ऊर्ज़ा खपत में होगी बड़ी वृद्धि: गौतम अडाणी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के दिग्गज कारोबारी एवं अडाणी समूह के चेयमैन गौतम अडानी ने सोमवार को कहा कि आने वाले दशकों में ऊर्ज़ा सुरक्षा और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ही भू-राजनीतिक शक्ति को परिभाषित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने भारत से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वैल्यू चेन में अपनी संप्रभु क्षमताएं विकसित करने का आह्वान किया। अडाणी ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2026 में कहा कि एक दशक पहले कुछ ही लोगों ने भारत में मोबाइल डेटा के विस्फोट के पैमाने की कल्पना की थी, लेकिन जैसे ही स्मार्टफोन किफायती हुए, नेटवर्क का विस्तार हुआ, डेटा की कीमतें गिरीं और खपत में जबरदस्त उछाल आया। उन्होंने कहा कि एआई मोबाइल डेटा विस्फोट जैसी क्रांति लाएगा और




इससे ऊर्ज़ा की खपत में तेज वृद्धि होगी। अडाणी ने कहा, एआई भी इसी तरह की वृद्धि लाएगा, लेकिन यह वृद्धि कहीं अधिक ऊर्ज़ा खपत करने वाली होगी। डेटा सेंटर की क्षमता, जिसके 2030 तक 5 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, 2047 तक लगभग 75 गीगावाट तक बढ़ सकती है, इसीलिए भारत को अभी से तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत आम परिवारों, फैलते शहरों, सक्रिय कारखानों, इलेक्ट्रिक वाहनों और विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे लाखों छोटे व्यवसायों के लिए विकास कर रहा है। देश में एक बड़ा फायदा यह है कि हम जो कुछ भी बनाएंगे, उसकी मांग पहले से ही मौजूद होगी। हमारे सामने चुनौती है ऐसी क्षमता का निर्माण करना जो मांग के साथ तालमेल बिठा सके। उन्होंने कहा कि भारत ने एनर्जी सेक्टर में असाधारण प्रगति की है और मार्च 2026 में स्थापित ऊर्ज़ा क्षमता 500 गीगावाट से अधिक हो गई है। बीते 10 वर्षों में स्थापित क्षमता में 53 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। भारत अपनी इस क्षमता को 4 गुना तक बढ़ाने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले दो दशक यानी 2047 तक यह 2,000 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। अडाणी ने कहा कि देश को 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 67 वर्ष का समय लगा, लेकिन अगले दो ट्रिलियन डॉलर अगले 12 वर्षों में ही जोड़े गए। भारत तेजी से विकास कर रहा है। हर सड़क, बंदरगाह, हवाई अड्डा, कारखाना, ऊर्ज़ा संसाधन और डेटा सेंटर विकास के अगले स्तर को बढ़ा रहा है।

# पेट्रोलियम उत्पाद की कोई कमी नहीं, घबराहट में खरीददारी से बचें : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा संरक्षण की अपील को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश में किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की कोई कमी नहीं है और लोगों को घबराहट में खरीददारी से बचना चाहिए।

श्री सिंह ने सोमवार को यहां पश्चिम एशिया संकट के बारे में गठित मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संघर्ष की ताज़ा स्थिति की समीक्षा की गई तथा भारत की तैयारी को मजबूत करने और इसका जनता पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सभी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने लोगों से शांत रहने और किसी भी प्रकार की घबराहट से बचने का आग्रह किया, क्योंकि कमी या आपूर्ति शृंखला में व्यवधान रोकने के लिए सभी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

मंत्रियों के समूह को बताया गया कि देश में आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता है और वर्तमान संरक्षण उपाय केवल दीर्घकालिक क्षमता निर्माण के उद्देश्य से किए जा रहे हैं जिससे संकट के लंबा खिंचने की स्थिति से निपटा जा सके। यह भी कहा गया कि आपूर्ति प्रबंधन संतोषजनक है और लोगों को घबराने या ईंधन एवं अन्य वस्तुओं की अत्यधिक खरीद करने की आवश्यकता नहीं है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि मौजूदा परिस्थिति में भारत की प्राथमिकता ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना, आर्थिक स्थिरता बनाए रखना और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को हर परिस्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति को केवल एक अलग घटना के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि परस्पर जुड़े वैश्विक वातावरण में किसी भी प्रकार का अंतरराष्ट्रीय संकट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सभी देशों को प्रभावित करता है। उन्होंने रणनीतिक संकट पूर्वानुमान, प्रारंभिक चेतावनी आकलन, परिस्थिति योजना और




समय पर समग्र सरकारी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री सिंह ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री की अपील को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ने जनता से मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, कार पूलिंग अपनाने, अनावश्यक विदेशी यात्राओं से बचने, घरेलू पर्यटन और भारत में ही उत्सव मनाने तथा एक वर्ष तक गैर-आवश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील की थी, ताकि पेट्रोल और डीजल की खपत कम हो तथा विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा, ''मंत्रालयों और राज्यों को समन्वित तरीके से ईंधन दक्षता, जन-जागरूकता और जिम्मेदार उपभोग व्यवहार को संस्थागत रूप देने के उपाय पहचानने चाहिए।''

श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि भारत को अपने ऊर्जा मिश्रण में परिवर्तन की प्रक्रिया तेज करनी होगी, नवीकरणीय आधारित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा, अधिक विश्वसनीय एवं विविध ऊर्जा स्रोतों की पहचान करनी होगी तथा ऊर्जा दक्षता तकनीकों में निवेश बढ़ाना होगा। उन्होंने भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपूर्ति शृंखला में व्यवधानों से निपटने के लिए रणनीतिक भंडार आवश्यकताओं के पुनर्मूल्यांकन का आह्वान किया।

मंत्रियों के समूह को बताया गया कि देश में किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की कोई कमी नहीं है, जबकि अधिकांश अन्य देशों ने घरेलू खपत में भारी कटौती के लिए आपात कदम उठाए हैं। भारत के पास 60 दिन का कच्चे तेल का भंडार, 60 दिन का प्राकृतिक गैस भंडार और 45 दिन का एलपीजी भंडार उपलब्ध है। विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब डॉलर के संतोषजनक स्तर पर है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल परिशोधक और पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है, जो 150 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा है तथा घरेलू मांग की पूरी पूर्ति कर रहा है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें लगातार अत्यधिक उंचे स्तर पर बनी रहने के कारण देश को भारी लागत वहन करनी पड़ रही है। ईंधन संरक्षण से इस बोझ को कम किया जा सकता है।

समूह को बताया गया कि भारत उन कुछ देशों में शामिल है जहां वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में, संघर्ष शुरू होने के 70 दिनों से अधिक समय बाद भी पेट्रोलियम कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। अनेक देशों में कीमतें 30 से 70 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। भारत की तेल विपणन कंपनियां प्रतिदिन लगभग 1000 करोड़ रुपये का नुकसान वहन कर रही हैं और वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में वसूली घाटा लगभग 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, ताकि वैश्विक स्तर पर अत्यधिक बढ़ी कीमतों का बोझ भारतीय नागरिकों पर न पड़े। किसी भी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है और नागरिकों को पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है।

बैठक में रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने हिस्सा लिया।

# भारत-श्रीलंका के संबंध सदियों पुराने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जुड़ाव पर आधारित : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो आज भी दोनों देशों की मित्रता की मजबूत नींव बने हुए हैं।

श्री बिरला ने संसद भवन में आज श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने साझा बौद्ध विरासत को दोनों देशों के रिश्तों का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि सांसदों के बीच नियमित संवाद और आदान-प्रदान से भारत-श्रीलंका संसदीय संबंधों को नयी मजबूती मिली है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण अब ''महिलाओं के विकास'' से



आगे बढ़कर ''महिलाओं के नेतृत्व में विकास'' का हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि जब महिलाएं विकास का नेतृत्व करती हैं तो समाज अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनता है। उन्होंने बताया कि नए संसद भवन में पारित पहला कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। ग्रामीण स्तर पर महिला सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि कई राज्यों में स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप देशभर में 14 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि पंचायतों और शहरी निकायों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन पहलों ने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# देश में सभी तरह के ईंधन और ऊर्जा का पर्याप्त भंडार

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गयी है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठायें और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढायें जिससे कि देश पर निरंतर बढ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा




कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना दुनिया का सबसे बड़ा व्यवधान है। इस रास्ते से दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति की जाती है जिससे भारत भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाये हैं और घरेलु उपभोक्ता को गैस आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भारत में 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। सरकार ने सभी रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन बढाने का निर्देश दिया हुआ है। सुश्री शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से एलपीजी और पीएनजी को बढावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि कंपनी महंगी ऊर्जा खरीद कर देश में सस्ती बेच रही है जिससे उनपर आर्थिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अभी पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आग्रह को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि ऊर्जा संरक्षण करते हुए कैसे आर्थिक बोझ को कम किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हड़बड़ी में खरीद न करें। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी किसी भी क्षेत्र के लिए किसी तरह के पैकेज की योजना नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो अपील की है उसे उसी भावना में समझा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के कहने का मतलब है कि कठिन समय में उपलब्ध संसाधनों का उचित इस्तेमाल किया जाना चाहिए और इसे इस रूप में नहीं देखा जाना चाहिए कि देश में इन चीजों की बहुत कमी है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की ओर से बताया गया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में अभी भी भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज हैं और उन्हें सुरक्षित लाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार इन जहाजों के नियमित संपर्क में है।

# ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता : नेतन्याहू

एजेंसी

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक 'खत्म नहीं होगा', जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम '60 मिनट्स' को दिये साक्षात्कार में श्री नेतन्याहू ने कहा, ''यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है। अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किये गये हमलों के बाद हुई प्रगति को स्वीकार करते हुए श्री नेतन्याहू ने इस बात पर जोर दिया कि अब भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं, विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर।

उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी व्यावहारिक व्यवस्था के तहत संवर्धित यूरेनियम को वहां से से हटाना होगा। उन्होंने कहा, ''अगर आपके पास कोई समझौता है और आप अंदर जाकर उसे बाहर निकाल लेते हैं, तो क्यों नहीं? यही सबसे अच्छा तरीका है। श्री नेतन्याहू इस बात से सहमत हैं कि समझौता होना चाहिए, लेकिन परमाणु मुद्दा समझौता-योग्य नहीं है । उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब अमेरिका का रुख है कि किसी भी व्यापक शांति ढांचे के तहत ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से रोकना होगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में शांति प्रस्ताव पर ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया था। वहीं ईरान ने संवर्धन को पूरी तरह से रोकने की मांगों को खारिज कर दिया है। खबरों के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कम करने और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के तहत कुछ सामग्री को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। श्री नेतन्याहू ने एक संभावित दृष्टिकोण की रूपरेखा भी पेश की है। इसमें कूटनीति अगर विफल रहती है ।

# दिल्ली में 24 मई आयोजित होगा जनजाति सांस्कृतिक समागम, शाह होंगे मुख्य अतिथि

एजेंसी

नयी दिल्ली। भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यहां के लाल किला मैदान में 24 मई को जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

इस संबंध में सोमवार को यहां स्थित प्रेस क्लब में जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वक्ताओं ने सोमवार को कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारत में स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और सामुदायिक चेतना के प्रतीक रहे हैं।

यह समागम एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय आयोजन के रूप में परिकल्पित है। इस कार्यक्रम में देशभर की 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति संभावित है। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागी अपने स्वयं के खर्च से दिल्ली पधार रहे है। यह अपने आप में एक अत्यंत व्यापक सांस्कृतिक आयोजन होगा। अपनी धर्म-संस्कृति, परम्परा के विषय को लेकर जनजाति समाज राजधानी दिल्ली में इतनी बड़ी संख्या में पहली बार एकत्रित हो रहा है। उन्होंने बताया कि भव्य सांस्कृतिक शोभा यात्रा यह कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। अपनी पारंपरिक वेशभूषा में देश से विभिन्न हिस्सों से आए जनजति महिला-पुरुष इस शोभायात्रा में सम्मिलित होकर संस्कृति-परम्परा का दर्शन दिल्लीवासियों को कराएँगे। यह शोभा यात्रा पाँच विभिन्न स्थलों से प्रारंभ होगी, जो जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करेगी। ये यात्राएँ लाल किले पर आकर एकत्रित होंगी, जहाँ इसके पश्चात एक जनसभा का आयोजन किया गया है।

# पेज एक का शेष

## कोई ताकत भारत को ...

पुनर्निर्माण के माध्यम से दुनिया को संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र ही नहीं हुआ है, बल्कि अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने के मार्ग पर भी अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया था और अब प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने का अवसर मिला है। उन्होंने इसे ''हजार वर्षों की अमृत यात्रा'' का अनुभव बताया। श्री मोदी ने कहा कि सोमनाथ अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का भी महोत्सव है। इस अवसर पर श्री मोदी ने देशवासियों और भगवान सोमनाथ के करोड़ों भक्तों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई का दिन एक और कारण से भी विशेष है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किए गए थे। उन्होंने कहा कि भारत ने 11 मई को तीन परमाणु परीक्षण कर अपनी क्षमता और सामर्थ्य का परिचय दुनिया को दिया था। उन्होंने कहा कि परीक्षणों के बाद विश्व की अनेक शक्तियों ने भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया और आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन इसके बावजूद 13 मई को दो और परमाणु परीक्षण किए गए, जिससे दुनिया को भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय मिला। श्री मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया था कि राष्ट्र सर्वोपरि है और दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती। उन्होंने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण को ''ऑपरेशन शक्ति'' नाम दिया गया था, क्योंकि भारत की परंपरा शिव और शक्ति की आराधना से जुड़ी रही है। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि शिव और शक्ति की यह आराधना देश की वैज्ञानिक प्रगति के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

## सनातन संस्कृति पर...

संस्कृति की अदम्य शक्ति के प्रतीक हैं। सनातन संस्कृति पर आक्रमण तो हो सकते हैं, लेकिन उसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता। विनाश क्षणिक होता है, जबकि सृजन शाश्वत होता है। इससे पहले महोत्सव में स्कूल की छात्राओं ने शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी का स्वागत किया। समारोह में अतिथियों ने सोमनाथ महादेव को प्रणाम और पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जन समूह ने ''?'' का जप किया। इसके बाद सोमनाथ संकल्प का सामूहिक पाठ किया गया। मुख्यमंत्री ने भी संकल्प का वाचन किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं व अतिथियों ने भी उसका सामूहिक अनुच्चारण किया। महोत्सव में मुख्यमंत्री ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पटका और रुद्राक्ष की माला पहनाई। इसके बाद वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने मुख्यमंत्री को पटका और रुद्राक्ष की माला पहनाई। सोमनाथ मंदिर के 75वर्ष पूरे होने पर श्री काशी-विश्वनाथ मंदिर परिसर के मल्टीपरपज हॉल में आयोजित प्रदर्शनी का भी राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## लंबित अपीलें ...

दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इसका समाधान केवल 'चुनावी याचिका' है। आयोग ने कहा कि एसआईआर से संबंधित मुद्दों और वोटों को जोड़ने या हटाने के विरुद्ध होने वाली अपीलों के लिए चुनाव पैनल को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य लोग अपने दावों के संबंध में नये आवेदन दायर कर सकते हैं। इसके बाद मामले की सुनवाई स्थगित कर दी गयी।

## ट्रंप ने ठुकराया...

बताया कि वे कहां से आए थे। युद्ध के दौरान ईरान और उसके सहयोगी संगठन हिजबुल्ला लगातार ड्रोन हमले करते रहे हैं। यह संघर्ष फरवरी में अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमलों के बाद शुरू हुआ था। ईरान ने यह भी कहा है कि उसके परमाणु ठिकानों की सुरक्षा के लिए सेना पूरी तरह तैयार है। ईरानी सेना के अधिकारियों ने दावा किया कि उन्हें आशंका है कि विदेशी ताकतें घुसपैठ या हेलीकॉप्टर ऑपरेशन के जरिए संवर्धित यूरेनियम चुराने की कोशिश कर सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी के अनुसार ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित 440 किलोग्राम से ज्यादा यूरेनियम मौजूद है, जो हथियार बनाने की क्षमता के काफी करीब माना जाता है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने कहा कि जब तक ईरान से संवर्धित यूरेनियम बाहर नहीं निकाला जाता, तब तक युद्ध पूरी तरह खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप भी इस दिशा में कार्रवाई के पक्ष में हैं। इस बीच व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस अब भी ईरान का संवर्धित यूरेनियम अपने यहां रखने के प्रस्ताव पर कायम है, ताकि समझौते का रास्ता निकाला जा सके। एक और बड़ा विवाद फ्रांस और ब्रिटेन की उस योजना को लेकर सामने आया है जिसमें युद्ध खत्म होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा मिशन चलाने की बात कही गई है। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर किसी विदेशी देश के जहाज अमेरिकी कार्रवाई में सहयोग करते हैं तो उसका तुरंत और कड़ा जवाब दिया जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह कोई सैन्य तैनाती नहीं होगी, बल्कि समुद्री व्यापार को सुरक्षित रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय मिशन होगा। पिछले एक सप्ताह में फारस की खाड़ी में कई जहाजों पर हमले हो चुके हैं। दक्षिण कोरिया ने भी खुलासा किया कि उसका एक मालवाहक जहाज होर्मुज में विस्फोट और आग की चपेट में आया था। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि इन हमलों के पीछे कौन है।

## वीबी-जी आरएएम...

इसमें यह भी कहा गया है कि नए ''ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड'' जारी होने तक मौजूदा ई-केवाईसी सत्यापित एमजीएनआरईजीए जॉब कार्ड वैध रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि लंबित ई-केवाईसी के कारण श्रमिकों को रोजगार से वंचित नहीं किया जाएगा और जिनके पास जॉब कार्ड नहीं हैं, उनका पंजीकरण ग्राम पंचायत स्तर पर जारी रहेगा। मंत्रालय ने आगे कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परामर्श से वेतन भुगतान, शिकायत निवारण, आवंटन मानदंड और संक्रमणकालीन प्रावधानों से संबंधित मसौदा नियम तैयार किए जा रहे हैं और इन्हें जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए प्रकाशित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों को ग्रामीण परिवर्तन का ''केंद्रीय स्तंभ'' बताते हुए सरकार ने कहा कि नए कानून से रोजगार सृजन, ग्रामीण अवसंरचना विकास और गांवों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## बीएसएफ को बांग्लादेश...

अधिकारियों को केंद्रीकृत प्रशिक्षण तंत्र से जोड़ने की योजना भी शामिल है। श्री अधिकारी ने जनगणना प्रक्रियाओं से संबंधित केंद्रीय गृह मंत्रालय के कुछ निर्देशों के कार्यान्वयन में कथित देरी के लिए पिछली तृणमूल सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमने आज जनगणना कार्य शुरू होने की पुष्टि करते हुए एक प्रशासनिक निर्देश जारी किया है और लंबे समय से लंबित यह अभ्यास आखिरकार 11 महीने की देरी के बाद शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, ''16 जून 2025 को, गृह मंत्रालय ने भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय के माध्यम से आधिकारिक अधिसूचना जारी की थी। इस बात को अब लगभग एक वर्ष हो चुका है लेकिन सत्ता में बैठे लोगों ने जानबूझकर जनगणना प्रक्रिया में देरी की। उनका उद्देश्य परिसीमन करने और महिलाओं, विशेषकर हमारी माताओं एवं बहनों के लिए आरक्षण का लाभ सुरक्षित करने की प्रधानमंत्री की पहल में बाधा उत्पन्न करना था। इस पर गौर करने के लिए हमारे पास एक तथ्यों की जांच करने वाली समिति होगी। मुख्यमंत्री ने लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि मौजूदा सामाजिक कल्याण योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने बल देकर कहा कि पारदर्शिता में सुधार लाने एवं लाभों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रणाली शुरू की जाएगी। श्री अधिकारी ने कहा कि हम बेईमान लोगों को पिछले दरवाजे से एवं खामियों के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ नहीं उठाने देंगे और सब कुछ पारदर्शी होगा। पश्चिम बंगाल की नवगठित सरकार ने प्रभावित परिवारों और भाजपा के मारे गये कार्यकर्ताओं के परिवारों एवं प्रियजनों को समर्थन देने का भी वादा किया। श्री अधिकारी ने यह भी कहा कि राजनीतिक हत्याओं में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि छह मई को श्री अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वह उत्तर 24 परगना में अपने घर लौट रहे थे।

## शुभेंदु के निजी सहायक...

हमले के लिये वित्तीय मदद की हो या आदेश दिया हो। पुलिस सूत्रों ने कहा कि जांचकर्ताओं को बैली पुल पर निसान माइक्रा कार के लिए टोल शुल्क देने के लिए इस्तेमाल किए गए खाते का पता लगाने के बाद एक बड़ी कामयाबी मिली। रिपोर्ट है कि डिजिटल साक्ष्यों से अधिकारियों को गिरफ्तारी से पहले कई राज्यों में संदिग्धों की गतिविधियों का पता करने में मदद मिली।

अधिकारियों का मानना है कि हमलावरों ने हमला करने से पहले रथ की गतिविधि पर पहले से नज़र रखी थी। कई गाड़ियों का इस्तेमाल, और उन्नत हथियारों के उपयोग ने इस शक को और पक्का कर दिया है कि हत्या की योजना बहुत ध्यान से बनाई गयी थी। एसआईटी गिरफ्तार लोगों से पूछताछ जारी रखे हुए है। इसके साथ ही हत्या के पीछे की बड़ी साज़िश और इसमें और साथियों के शामिल होने की संभावना की भी जांच कर रही है। इन तीनों लोगों को आज बारासात की एक अदालत में पेश किया जाएगा।

# अपराधी पुलिस को चैलेंज करेगा तो 48 घंटे में जवाब मिलेगा : सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को राजधानी पटना के मंदिरी नाला सड़क परियोजना का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि अगर कोई पुलिस को चुनौती देगा तो 48 घंटे के भीतर जवाब मिलेगा। उन्होंने साफ कहा कि अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और सरकार की प्राथमिकता हर हाल में सुशासन कायम रखना है। सम्राट चौधरी ने कहा कि ''मैंने पुलिस का हाथ खोल दिया है। पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि अगर कोई उन्हें चुनौती देता है तो 48 घंटे के भीतर जवाब दें। सरकार के लिए यह मायने नहीं रखता कि अपराधी किस जाति या धर्म का है। अपराध करने वाला किसी भी हाल में बच नहीं सकता। बिहार में कानून का राज है और इसे बरकरार रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बिहार तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। सरकार राज्य में इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की दिशा में भी तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिए सबसे जरूरी चीज सुशासन और कानून का राज है। इसी कारण सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरी नाला के आसपास का इलाका लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहा था। अब इस सड़क के शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पूरा इलाका तेजी से रेसिडेंशियल से कॉमर्शियल हब में बदलने जा रहा है। इसके लिए उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पूरी टीम को धन्यवाद दिया। सम्राट चौधरी ने कहा कि''सरकार सिर्फ एक सड़क बनाकर रुकने वाली नहीं है, बल्कि पटना के दोनों ओर नए शहर विकसित किए जाएंगे। एक ओर पाटलिपुत्र शहर विकसित होगा तो दूसरी ओर हरिहरनाथ पुरम शहर बसाया जाएगा। इसके अलावा आने वाले कुछ महीनों में दीदारगंज छोटी पहाड़ी होते हुए राघोपुर से हाजीपुर तक सड़क संपर्क भी सुचारू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इस सड़क का नामकरण नितिन नवीन के पिता और बांकीपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक नवीन किशोर सिन्हा के नाम पर किया है। अब यह सड़क 'नवीन किशोर सिन्हा पथ' के नाम से जानी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि अगले वर्ष इस परियोजना की वर्षगांठ पर नवीन किशोर सिन्हा की आदमकद प्रतिमा भी इस सड़क पर स्थापित की जाए।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' पर गौरी शंकर मंदिर में किया जलाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित सीधा प्रसारण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर भगवान महादेव से देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आज सम्पूर्ण राष्ट्र सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर में पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया। रेखा गुप्ता ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अखंड आस्था, सांस्कृतिक स्वाभिमान और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अनेक आक्रमणों और विध्वंसों के बावजूद सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह संदेश देता है कि भारत की संस्कृति, श्रद्धा और सनातन चेतना शाश्वत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ से केदारनाथ और महाकाल लोक से सोमनाथ तक, वर्तमान कालखंड भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लुधियाना में पूर्व सैनिक ने बेटे की हत्या कर खुद भी की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के लुधियाना स्थित न्यू अग्र नगर इलाके में रविवार रात एक पूर्व सैनिक ने घरेलू विवाद के चलते अपने इकलौते बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान सुरिंदर सिंह और उनके बेटे गुरशरण सिंह उर्फ गिन्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुरिंदर सिंह की पत्नी का करीब पांच साल पहले निधन हो गया था, जिसके बाद वह दूसरी शादी करना चाहते थे। बेटा गुरशरण सिंह इस फैसले का विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर पिछले तीन सालों से दोनों के बीच लगातार विवाद चल रहा था। रविवार रात भी दोनों के बीच इसी मुद्दे को लेकर कहासुनी हुई, जो अचानक हिंसक रूप ले बैठी। आरोप है कि सुरिंदर सिंह ने अपनी लाइसेंसी 12 बोर की दोनाली बंदूक निकाली और बेटे पर फायरिंग शुरू कर दी। पहली गोली घर के अंदर चली, जिसके बाद गुरशरण जान बचाने के लिए बाहर सड़क की ओर भागा। बताया जा रहा है कि सुरिंदर सिंह बंदूक लेकर उसके पीछे दौड़े और सड़क पर फिर से गोली चलाई। एक गोली गुरशरण के बाजू को छूती हुई निकल गई, जिससे वह गिर पड़ा। इसके बाद सुरिंदर सिंह ने एक और गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद सुरिंदर सिंह घर लौटे और कथित तौर पर सल्फास निगल लिया। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लाइसेंसी हथियार कब्जे में ले लिया है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है।

# पंजाब बोर्ड ने घोषित किए 10वीं के परिणाम, फरीदकोट की हरलीन शर्मा ने किया टॉप

**■ 94.52 फीसदी रहा कुल रिजल्ट, लड़कियों ने फिर मारी बाजी, टॉप-3 में दो छात्राओं ने बनाई जगह**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस बार भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया। मेरिट सूची के टॉप-3 में दो स्थान छात्राओं ने अपने नाम किए हैं, जबकि दूसरे स्थान पर एक छात्र ने जगह बनाई है। इस साल फरीदकोट की हरलीन शर्मा ने पहला स्थान हासिल कर पूरे राज्य में टॉप किया है। रूपनगर के मनीमहेश शर्मा दूसरे स्थान पर रहे हैं। तीसरे स्थान पर फिर से छात्राओं ने बाजी मारते हुए रूपनगर की रिया रानी ने अपना नाम दर्ज कराया है। परिणाम घोषित होते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। पंजाब बोर्ड की 10वीं परीक्षा में इस वर्ष 2,69,505 विद्यार्थियों ने शिरकत की थी, जिनमें से 2,54,744 विद्यार्थी पास हुए हैं। इस तरह इस साल कुल पास प्रतिशत 94.52 फीसदी दर्ज किया गया है। छात्राओं का प्रदर्शन इस बार भी लड़कों की तुलना में बेहतर रहा। बोर्ड के अनुसार 1,27,753 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 1,22,595 छात्राएं पास हुईं। छात्राओं का कुल पास प्रतिशत 95.96 फीसदी रहा। इस बार 41,746 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 1,32,143 छात्र पास हुए। लड़कों का कुल पास प्रतिशत 93.23 फीसदी दर्ज किया गया। इसके अलावा ट्रांसजेंडर वर्ग के 6 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी के सभी विद्यार्थी सफल रहे। इस वर्ग का परिणाम 100 फीसदी रहा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के परिणामों में भी अंतर देखने को मिला। शहरी क्षेत्रों से 94,547 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 87,914 विद्यार्थी पास हुए। शहरी क्षेत्रों का पास प्रतिशत 92.98 फीसदी रहा। ग्रामीण क्षेत्रों के 1,74,958 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1,66,830 विद्यार्थी सफल हुए। ग्रामीण क्षेत्रों का पास प्रतिशत 95.35 फीसदी रहा, जो शहरी क्षेत्रों से बेहतर रहा। स्कूलों के आधार पर देखें तो सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। सरकारी स्कूलों के 1,78,498 विद्यार्थियों में से 1,68,593 विद्यार्थी पास हुए और पास प्रतिशत 94.45 फीसदी रहा। गैर- सरकारी यानी निजी स्कूलों के 72,147 विद्यार्थियों में से 69,237 विद्यार्थी सफल रहे। इन स्कूलों का पास प्रतिशत 95.97 फीसदी दर्ज किया गया। सहायता प्राप्त स्कूलों के 18,860 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 16,914 विद्यार्थी पास हुए। इन स्कूलों का पास प्रतिशत 89.68 फीसदी रहा। मेरिट सूची में शामिल टॉप-5 जिलों की बात करें तो इस बार लुधियाना, अमृतसर, होशियारपुर, संगरूर और जालंधर के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पास प्रतिशत के हिसाब से अमृतसर, फिरोजपुर, पठानकोट, तरनतारन और गुरदासपुर जिले सबसे आगे रहे। नतीजों के बाद सफल विद्यार्थियों के घरों में जश्न का माहौल है, जबकि शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार भी छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि वे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

## रूपनगर में युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी ने ऑनलाइन कबूला जुर्म

रूपनगर। रूपनगर जिले के नूरपुर बेदी इलाके में रविवार रात पुरानी रंजिश में हत्या करने का मामला सामने आया है। गांव शाहपुर बेला निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, हरमोल सिंह हाल ही में एक हत्या मामले में करीब चार साल जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया था। गांव के ही रहने वाले हरजोत सिंह सिद्धू ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी हरजोत सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली। वीडियो में उसने दावा किया कि हरमोल सिंह ने करीब चार साल पहले उसके भाई की हत्या की थी। उसने यह भी आरोप लगाया कि जमानत पर आने के बाद हरमोल उसे और उसके परिवार को लगातार धमका रहा था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। आरोपी ने अपने बयान में कहा कि इस हत्या के लिए कोई और जिम्मेदार नहीं है।

## प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को जन आंदोलन बनाएगी उत्तराखंड की जनता : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऊर्जा संरक्षण, स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए किया गया आह्वान केवल आर्थिक मजबूती का संदेश नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का व्यापक अभियान है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तराखंड की जनता इस आह्वान को जन आंदोलन का रूप देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए ऊर्जा संसाधनों की बचत करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। यदि नागरिक अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचें, स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और ऊर्जा संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, तो इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# चुनाव उपरांत बाल संसद का किया गया गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। जिले के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय गंगटी दाउदवाट जगदीशपुर भागलपुर में सोमवार को डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया के अंतर्गत बाल संसद का गठन मतदान प्रक्रिया द्वारा किया गया। चुने हुए बाल सांसदों को प्रधानाध्यापक डॉ. अमित रंजन द्वारा शपथ दिलाई गई। साथ ही नवनिर्वाचित मंत्रियों को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया के जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने कहा कि रैकिट के सहयोग से विद्यालयों में हाइजीन एजुकेशन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बाल्यावस्था से ही स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा स्वच्छ गुणों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बाल संसद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बाल संसद के माध्यम से बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, स्वच्छता एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता सुनिश्चित की जा सकती है। इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है तथा वे कुशल नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। नवनिर्वाचित मंत्रियों में प्रधानमंत्री पद पर दुर्गा कुमारी एवं उपप्रधानमंत्री पद पर सचिन कुमार का चयन किया गया। वहीं स्वास्थ्य मंत्री के रूप में आनंद राज का चयन हुआ। इसके अलावा अनमोल आनंद, रोशनी कुमारी, तनुजा कुमारी, अंशु प्रिया, अंशिका कुमारी, सुरभि कुमारी, अंशु कुमारी, सागर कुमार, प्रियंका भारती एवं अभिनव बाबू सहित अन्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक भावेश मंडल, पूनम कुमारी, ज्योति रानी, निशा कुमारी, प्रेमलता कुमारी, प्रीति कुमारी सुजाता, खुशबू कुमारी एवं दीपिका राज सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय समन्वयक चंद्रकांत भारती ने सहयोग किया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिवमय हुआ सारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। सोमनाथ मंदिर की पुनर्निर्माण के गौरवशाली 75 वर्ष और मंदिर की स्थापना के 1000 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर पूरा देश सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उल्लास में डूबा है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सारण जिले के प्रमुख शिवालयों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूजा, अर्चना, अभिषेक कर किया गया, जिसका सीधा प्रसारण जिले के विभिन्न मंदिरों में दिखाया गया। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी विभा भारती ने बताया कि सोनपुर के विश्व प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर, मढ़ौरा सिलौड़ी के बाबा सील निधि मंदिर और सदर प्रखंड स्थित बाबा धर्मनाथ मंदिर में विशेष प्रबंध किए गए थे। श्रद्धालुओं ने लाइव प्रसारण के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ महादेव के साक्षात दर्शन किए और उत्सव का आनंद उठाया। इस पावन अवसर पर मंदिरों का वातावरण भक्ति संगीत, स्तुति गान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिवमय हो गया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जिला प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित इंतजामों के बीच भारी संख्या में भक्तों ने सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु राजेश्वर कुवर ने बताया की आजादी के अमृत काल में यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और स्वाभिमान को भी नई ऊंचाई प्रदान कर गया।

# जनसुनवाई में 30 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 66 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 30 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, अतिक्रमण, जलभराव, पेयजल और सीवर जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। ग्राम लालढांग निवासी सुमन देवी, ज्योति देवी और राजन देवी ने खसरा संख्या 237 स्थित भूमि पर अवैध कब्जा और खेत में नाले का पानी छोड़े जाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं गंगदासपुर निवासी मांगेराम और राजवीर ने बाढ़ प्रभावित होने के बाद फ़ेरूपुर कठिया में आवंटित भूमि पर कब्जे के प्रयासों की शिकायत करते हुए पैमाइश की मांग की। अतमलपुर बोगला निवासी दिनेश कुमार ने अपनी भूमि को दोबारा आबादी दर्ज कराने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया। मीरपुर निवासी मुकेश कुमार ने पड़ोसियों द्वारा घर के सामने गंदा पानी छोड़े जाने से बच्चों को हो रही परेशानी की शिकायत की। सुमन नगर निवासी कमल देवी ने अपने आवासीय प्लॉट की खतौनी नकल उपलब्ध कराने की मांग उठाई। भोगपुर निवासी चरण सिंह ने भूमि पैमाइश तथा वेदपाल पुत्र चरण सिंह ने गंगाजी की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग रखी। मोहन इंक्लेव कॉलोनी के लोगों ने सीवर लाइन कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं ग्राम थिथौला खेमपुर की प्रधान सना ने लंढौर नगर पंचायत से आने वाले गंदे पानी से किसानों की फसलें खराब होने की शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, उनमें विभागीय समन्वय के साथ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो शिकायतें बार-बार जनसुनवाई में आ रही हैं, उन पर संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करें। शिकायतकर्ता को दोबारा जनसुनवाई में आने की नौबत नहीं आनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि 36 दिनों से अधिक समय से अनेक शिकायतें लंबित हैं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। समीक्षा में सामने आया कि एल-1 स्तर पर 583 वएल-2 स्तर पर 143 शिकायतें लंबित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से पोर्टल के माध्यम से वार्ता कर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की हैती है महत्वपूर्ण भूमिका: पुष्पेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। आनन्दराम ढांढनियाँ सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में सोमवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ के आगमन पर उनका स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता, प्रसिद्ध पत्रकार एवं राजनीतिक टिप्पणीकार हैं। उनके संबोधन में आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने सात राष्ट्रीय रोलर हॉकी चैंपियनशिप में भाग लिया है तथा वे प्रेस ऑफ इंडिया के निर्वाचित सचिव जनरल (सीईओ) के रूप में चार वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विद्यालय में उनका आगमन, आत्मीय परिचय एवं केशव सभागार में राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत उद्बोधन अत्यंत प्रेरणादायक एवं सराहनीय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय प्रवक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ, भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष अजीत जैन, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अतुल ढांढनियाँ, कोषाध्यक्ष नरेश खेतान, समिति सदस्य रविशंकर पांडेय, भागलपुर जिला के जिला निरीक्षक सतीश कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से भी ओतप्रोत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, परंपरा एवं सनातन मूल्यों को आत्मसात कर युवा पीढ़ी देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। मंच संचालन श्वेता झा ने किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त भैया -बहनो के साथ ही साथ सरस्वती विद्या मंदिर नोपानी विद्यालय के प्रधानाचार्य आकाश कुमार, विद्यालय के आचार्य/दीदी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063